RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 338
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




‘बाला’ की तैयारी के लिए टिकटॉक पर अपना एकाउंट बनाया

विविध-16


www.dailypioneer.com

# अडानी समूह को राहत, अन्य की बढ़ी उम्मीद

## डीआरआई को झटका, ग्रुप की तीन कंपनियों के खिलाफ जारी लेटर रोगेटोरिज को किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

कोयला घोटाला



प्रतीकात्मक चित्र

**बांबे** हाईकोर्ट ने गुरुवार को कोयला घोटाले में अडानी ग्रुप को बड़ी राहत देते हुए अन्य कई कारपोरेट को ऐसी ही राहत पाने के लिए रास्ता साफ कर दिया। अदालत ने 2011 और 2015 के बीच इंडोनेशिया से कोयला आयात का अधिक मूल्यांकन करने के आरोप में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा ग्रुप की तीन कंपनियों के खिलाफ सिंगापुर समेत कई देशों को भेजे गए सभी लेटर रोगेटोरिज (एलआर)को करने का आदेश दिया है।

जस्टिस रंजीत मोरे और भारती एच डांगरे ने अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) द्वारा दाखिल याचिका को मंजूरी दे दी। याचिका में दावा किया गया है कि ‘बगैर किसी नोटिस और कंपनियों का पक्ष सुने बिना’ एलआर जारी किए गए और डीआरआई द्वारा कस्टम एक्ट 1992 के तहत को अभी तक ‘कोई भी मामला संज्ञान नहीं लिया गया है।’

हाईकोर्ट के आदेश के बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ चल रही जांच पर एक तरह से पर्दा गिर जाएगा और साथ ही अडानी ग्रुप के अलावा इंडोनेशिया से कोयला आयात के कथित अधिक मूल्यांकन मामले में डीआरआई की जांच का सामना कर रहीं तीन दर्जन से अधिक कंपनियां जिसमें एस्सार ग्रुप, सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू एनर्जी और जेएसडब्ल्यू स्टील, हैदराबाद स्थित एनएसएल ग्रुप, इंडिया सीमेंट के अलावा पीएसयू जैसे एनटीपीसी, एमएमटीसी, तमिलनाडु एसईबी तथा कर्नाटक पॉवर कारपोरेशन शामिल हैं, को राहत मिल सकती है।

लेटर रोगेटोरी आमतौर पर एक देश से दूसरे देश को भेजा जाता है, जिसमें चालू जांच के सिलसिले में विदेशी न्यायिक अधिकरण को विदेशी इकाई के रूप में सहयोग देने का अनुरोध किया जाता है।

अप्रैल 2018 में कस्टम्स, एक्साइज एंड सर्विस टैक्स अपीली अधिकरण ने डीआरआई के उस अनुरोध को खारिज कर दिया था जिसमें उसने 2011 और 2015 के बीच इंडोनेशिया से कोयला आयात का कथित अधिमूल्यन कर 40 कंपनियों के पास फंसे 29,000 करोड़ रुपये दिलाने का आग्रह किया था। पिछले साल एईएल ने बांबे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर इंडोनेशिया से कोयला आयात का कथित अधिमूल्यन करने के आरोप में अपनी फर्मों के खिलाफ चल रही जांच के तहत जारी सभी एलआर को रद्द करने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने सितंबर 2018 में एईएल को अंतरिम स्टे दे दिया था लेकिन डीआरआई सुप्रीम कोर्ट चला गया क्योंकि हाईकोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के बाद उसकी जांच रुक गई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक शीर्ष अदालत ने अब हाईकोर्ट को इस माह की अंत तक मामले का फैसला करने को कहा है। इस साल जून में डीआरआई ने एईएल पर कथित अधिक मूल्यांकन मामले की जांच में बाधा डालने के प्रयास का आरोप लगाया था। डीआरआई ने बांबे हाईकोर्ट में 13 जून को एक शपथपत्र दाखिल कर ‘लेटर ऑफ रोगेटरी जारी करने की स्थापित प्रक्रिया’ पर सवाल उठाने के एईएल के फैसले के पीछे तर्क पर सवाल किया था।

गुरुवार को आया फैसला डीआरआई और उन सभी लोगों के लिए बड़ा झटका है, जिन्होंने 2011 और 2015 के बीच इंडोनेशिया से कोयला आयात का अधिक मूल्यांकन कर अडानी और अन्य कंपनियों पर मोटा पैसा कमाने का आरोप लगाया था। डीआरआई ने अधिमूल्यन मामले में अडानी इंटरप्राइजेज समेत कुछ कारपोरेट ग्रुपों के खिलाफ जांच के लिए सिंगापुर, हांगकांग, स्विटजरलैंड तथा इंडोनेशिया की अदालतों को एलआर जारी किया था। डीआरआई का आरोप है कि कोयले का अधिक मूल्यांकन इसलिए किया गया होगा जिससे कि पावर कंपनियो को अपने बिजली घरों के लिए बढ़ी कीमत मिलने में मदद मिले।

कोयला घोटाला से संबंधित एक आवंटन घोटाला भी है, जिसमें उस समय बड़ा विवाद उठा था जब पूर्व सीबीआई प्रमुख रंजीत सिन्हा आरोपी कंपनियों की मदद करने के आरोप में जांच के घेरे में आ गए थे।

# बांग्लादेशी सेना की गोलीबारी में बीएसएफ जवान की मौत

### ● एक अन्य जख्मी, फ्लैग मीटिंग के दौरान हुई घटना-सीमा पर तनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता/नई दिल्ली



शहीद बीएसएफ जवान विजय भान सिंह

**पश्चिम** बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर गुरुवार को हुई फ्लैग मीटिंग के दौरान एक बांग्लादेशी सीमा गार्ड द्वारा एके-47 राइफल से चलाई गई गोली से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की मौत हो गई और एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों की हरकतों के कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख वीके जौहरी ने इस संबंध में अपने बांग्लादेशी समकक्ष मेजर जनरल शफीनुल इस्लाम से हॉटलाइन पर बात की। अधिकारियों के अनुसार बीजीबी के महानिदेशक ने घटना की पूरी जाँच कराने का आश्वासन दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दोनों बलों के बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और दशकों से उनके बीच कोई गोली नहीं चली है।

अधिकारियों ने कहा कि यह घटना असामान्य है और स्थिति अधिक नहीं बिगड़े, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना से नई दिल्ली स्थित उच्च सुरक्षा प्रतिष्ठान सतर्क हो गया है। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी गृह और विदेश मंत्रालय को घटना का विवरण दे रहे हैं। गोलीबारी में शहीद हुए जवान विजय भान सिंह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के गांव चारमरोली के रहने वाले थे। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। उन्होंने 1990 में बीएसएफ को ज्वाइन किया था।

बीएसएफ के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि घटना मुर्शिदाबाद जिले में सीमा सुरक्षा बल की काकमारीचर सीमा चौकी पर सुबह करीब नौ बजे हुई जब मछुआरों के एक मुद्दे को सुलझाने के लिए पद्मा नदी के बीच जमीन के एक छोटे भाग चर पर बल के जवान बीजीबी जवानों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि समस्या तब उत्पन्न हुई जब बीजीबी जवानों ने तीन भारतीय मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय सीमा के अंदर मछली पकड़ने के लिए गिरफ्तार कर लिया था। इन मछुआरों को बल द्वारा मछली पकड़ने की अनुमति दी गई थी। इसके बाद बीजीबी ने दो मछुआरों को छोड़ दिया और उनसे कहा कि वे सीमा सुरक्षा बल को तीसरे मछुआरे के पकड़े जाने की सूचना दें। इसके बाद बीएसएफ की 117 वीं बटालियन के पोस्ट कमांडर उपनिरीक्षक छह जवानों की टीम के साथ मोटर बोट पर सवार होकर मसला सुलझाने निकले। जब बीएसएफ की टीम बीजीबी के आक्रामक रुख को देखकर मोटरबोट से वापस आ रही थी तब सैयद नामक एक बीजीबी जवान ने पीछे से गोली चला दी। अधिकारियों ने कहा कि बीजीबी सैनिक ने अपनी एके-47 राइफल से गोली चलाई जो बीएसएफ के हेड कांस्टेबल विजय भान सिंह के सिर में लगी जिसके कारण तत्काल उनकी मृत्यु हो गई।

इस हमले में कांस्टेबल राजवीर यादव हाथ में गोली लगने के कारण घायल हो गए। यादव ने किसी तरह से नाव को डूबने से बचाया और उसे भारतीय सीमा में लेकर आए। मछुआरे की पहचान ( शेष पेज 10 )

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 33.5°C (+1) |
| न्यूनतम | 21.4°C (+2) |

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,052 | ↑ | 453 |
| निफ्टी | 11,586 | ↑ | 122 |
| सोना | 38,985 | ↓ | 105 /10g |
| चांदी | 46,809 | ↑ | 509 /kg |

## क्विक न्यूज

### पीजी मेडिकल छात्रों को जिला अस्पतालों में देनी होंगी तीन महीने सेवा

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) की शक्तियां प्राप्त एक निदेशक मंडल ने प्रस्ताव किया है कि सभी स्नातकोत्तर (पीजी) मेडिकल छात्रों को अंतिम परीक्षा में बैठने की योग्यता हासिल करने के लिए जिला अस्पतालों में कम से कम तीन महीने सेवाएं देनी होंगी। फिलहाल, स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों के छात्र तीन महीने की अनिवार्य इंटर्नशिप के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों या शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों से जुड़ते है। निदेशक मंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को यह प्रस्ताव लागू करने के संबंध मे दिशानिर्देश जारी तैयार करने के लिए पत्र लिखा है। साथ ही उसने मांग की है कि प्रावधानों को अगले अकादमिक सत्र से प्रभावी किया जाए। इस कदम का उद्देश्य देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में भविष्य के चिकित्सा विशेषज्ञों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### भारत ने पाक से कहा- भारत के श्रद्धालुओं से 20 डॉलर सेवा शुल्क न वसूला जाए

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान से कहा कि वह करतारपुर जाने वाले भारतीय श्रद्धालुओं से प्रति व्यक्ति 20 डालर का सेवा शुल्क वसूलने पर जोर नही दे। साथ ही, उम्मीद जताई कि करतारपुर गलियारे के परिचालन के लिए दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि सेवा शुल्क को छोड़ कर भारत और पाकिस्तान गलियारे के विषय पर एक समझौते पर पहुंच गए है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के साथ विभिन्न दौर की वार्ता के बाद हमलोग सेवा शुल्क के मामले को छोड़कर अन्य सभी मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान सभी श्रद्धालुओं पर 20 डालर (करीब 1420) रुपए का सेवा शुल्क लगाने पर जोर दे रहा है। कुमार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि वह श्रद्धालुओं के हित में सेवा शुल्क नही लगाए।

# नीरव मोदी को फिलहाल जेल में ही रहना होगा

**एजेंसी।** लंदन



**ब्रिटेन** की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को 11 नवंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में रखने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। हिरासत की नियमित सुनवाई के लिए लंदन की जेल से वीडियो लिंक के जरिए अदालत में उसकी पेशी हुई। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत की न्यायाधीश नीना तेम्पिया ने पुष्टि की कि मोदी के प्रत्यर्पण मामले में सुनवाई अगले साल 11 से 15 मई के बीच होनी है और उसे हर 28 दिन में अंतिम समीक्षा सुनवाई के लिए वीडियो लिंक के जरिए पेश होना होगा जब तक कि अगली फरवरी से मुकदमा शुरू नहीं हो जाता। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी करने एवं धन शोधन के आरोप में नीरव मोदी को ( शेष पेज 10 )

# पार्किंग दरों में बढ़ोतरी रोकने की कोशिश करेंगे केजरीवाल

### ● कहा- ऑड-ईवन के दौरान नहीं होने देंगे शहरवासियों को परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि ऑड-ईवन के दौरान पार्किंग फीस में बढ़ोतरी से अव्यवस्था फैल सकती है। इसलिए पूरी कोशिश करेंगे कि पार्किंग शुल्क न बढ़ाया जाए। पिछले सप्ताह ही ईपीसीए चेयरमैन भूरेलाल ने दिल्ली सरकार से नई नीति के हिसाब से पार्किंग शुल्क लागू करने को कहा था ताकि निजी वाहनों पर कुछ अंकुश लगे और बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण लग सके।

राष्ट्रीय राजधानी में आगामी 4 से 15 नवंबर तक ऑड-ईवन योजना लागू रहेगी। इस दौरान ऑड और ईवन नंबर की गाड़ियां एक दिन छोड़कर चलाई जाएंगी। केजरीवाल ने गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऑड-ईवन के दौरान यदि पार्किंग शुल्क भी बढ़ाया गया तो इससे दिल्ली वालों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। हम लोगों से गाड़ियों में एक-दूसरे को लिफ्ट देकर चलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। यदि पार्किंग शुल्क बढ़ा तो लोग अपने घरों से गाड़ियां निकालने से बचेंगे और सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

इस दौरान परिवहन मंत्री कैलाश गहलौत ने इस बात से इनकार किया कि उन्हें पार्किंग से संबंधित कोई रिपोर्ट सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है, जब यह उनके पास आएगी तो उसका परीक्षण किया जाएगा। दूसरी तरफ, नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि वे नए पार्किंग नियमों पर अधिकारियों की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए नियम कैसे भी हों, लेकिन आम लोगों पर इनका अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया जाएगा।

## दोपहिया-स्कूली बच्चों के वाहनों को भी छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सम-विषम** योजना के दौरान स्कूल ड्रेस में बच्चों वाली निजी गाड़ियां और दो पहिया वाहनों को छूट दी गई है। साथ स्कूली बसों को भी इसके दायरे से बाहर रखा गया है। 4 से 15 नवंबर तक चलने वाली योजना सोमवार से शनिवार तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लागू होगी। इसका उल्लंघन करने पर 4 हजार रुपये का जुर्माना भुगतना होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस बार सम-विषय योजना में उन्हें और उनके मंत्रियों को इससे छूट नहीं दी गई है। उन्हें भी योजना का पालन करना होगा। राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों को भी छूट मिली है। दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को योजना से बाहर रखा गया है लेकिन अन्य राज्यों के मंत्रियों को सम-विषम का पालन करना होगा।

# घर का बना खाना खा सकेंगे चिदंबरम, कोर्ट ने दी इजाजत

आईएनएक्स मीडिया मामला

### ● 24 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेजे गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने गुरुवार को आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को 24 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेज दिया। अदालत ने ईडी से कहा है कि प्रत्एक 48 घंटे में उनका चिकित्सकीय परीक्षण किया जाए और उन्हें 24 अक्टूबर को अदालत के समक्ष उपस्थित किया जाए।

विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने ईडी को चिदंबरम से पूछताछ की इजाजत दे दी और साथ ही चिदंबरम को ईडी की हिरासत के दौरान घर के बने खाने, पश्चिमी शैली के शौचालय, दवाओं के इस्तेमाल और परिवार के सदस्यों से मिलने की अनुमति दी। इससे पहले जब चिदंबरम ने इन सुविधाओं के लिए अनुरोध किया तो ईडी ने उस पर कोई आपत्ति नहीं की।

जांच एजेंसी ने 74 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता को 14 दिनों की हिरासत में दिए जाने का अनुरोध किया था। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि मामला लगातार चल रहा है और छह सितंबर से अब तक कुछ गवाहों से पूछताछ की गई और ताजा सामग्री रिकॉर्ड में लाई गई। इसमें कहा गया, पूछताछ, जांच अधिकारी का विशेषाधिकार है। यह उन्हें तय करना है कि किसी व्यक्ति ( शेष पेज 10 )

### राम जन्मभूमि का नक्शा फाड़ने से भड़का हिन्दू पक्ष

# बार काउंसिल से शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अयोध्या** मामले में मुस्लिम पक्षकारों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक हिन्दू पक्षकार ने बार काउन्सिल आफ इंडिया में शिकायत की है। उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में अंतिम दिन की सुनवाई के दौरान राजीव धवन ने बुधवार को कथित रूप से भगवान राम के जन्म स्थल को दर्शाने वाले एक नक्शे को फाड़ दिया था।

अखिल भारत हिन्दू महासभा के एक घटक ने धवन की इस कार्वाई की निन्दा करते हुए बार काउन्सिल आफ इंडिया को पत्र लिखा है। पत्र में धवन के इस कदम को अत्यधिक अनैतिक कृत्य बताया गया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ के समक्ष अखिल भारत हिन्दू महासभा के एक घटक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इस मामले की सुनवाई के अंतिम दिन यह नक्शा दिखाया था। राजीव धवन ने इस पर आपत्ति की थी। विकास सिंह द्वारा स्थलाकृति मानचित्र (पिक्टोरियल मैप) दिए जाने पर धवन ने न्यायालय कक्ष में ही उसे फाड़कर सनसनी पैदा कर दी थी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रमोद पंडित जोशी ने एक बयान में कहा, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने शीर्ष अदालत में पेश किए गए नक्शे की प्रति के टुकड़े टुकड़े करके अत्यधिक अनैतिक काम किया है। धवन का यह कृत्य उच्चतम न्यायालय बार की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। बयान में बार काउन्सिल आफ इंडिया से अनुरोध किया गया है कि धवन के इस कृत्य का संज्ञान लिया जाए और उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्वाई की जाए। विकास सिंह द्वारा यह नक्शा पेश करने पर आपत्ति करते हुए धवन ने कहा था कि इस तरह के दस्तावेज को अब आधार नहीं बनाया जा सकता क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दूसरे दस्तावेजों पर जन्मस्थान की स्थिति के मुद्दे पर विचार किया था। धवन ने मानत्रिच को आधार बनाए जाने का पुरजोर विरोध किया तो सिंह ने कहा कि वह इस नक्शे को रिकार्ड पर लेने के लिए दबाव नहीं डालेंगे।

# शेर के बाड़े में कूदा शराबी, बड़ी मशक्कत से बचाया

## कर्मचारियों ने नशा देकर किया जानवर को शांत, युवक को सुरक्षित निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली स्थित चिड़ियाघर में एक युवक शेर के बाड़े में कूद गया और शेर के सामने जाकर अजीबो-गरीब हरकतें करने लगा। शेर भी उसे कुछ देर देखता रहा। फिर पास आकर उसे सूंघा और उसके गले से लिपट गया। बाड़े के पास खड़े लोग शोर मचाकर उसे वहां से हटने के लिए कहते रहे लेकिन उसने किसी की एक न सुनी। हालांकि आनन-फानन में कर्मचारी बाड़े में कूद गए और समय रहते उसे बचा लिया। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है और उसने शराब पी रखी थी।

यह जानलेवा हरकत करने वाला युवक रेहान खान बिहार के चंपारण जिले का मूल निवासी है। फिलहाल वह अपने रिश्तेदार के साथ सीलमपुर में रहता है। गुरुवार को वह चिड़ियाघर घूमने पहुंचा। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह शेर के 17 नंबर बाड़े के पास पहुंच गया। यहां एक साइड में लोहे की ग्रिल है। दूसरी तरफ बांस की लकड़ी का बाड़ा है। रेहान यहां कुछ देर खड़ा रहा और फिर अचानक बांस की लकड़ी पर चढ़कर आठ फुट नीचे बाड़े में कूद गया। लोगों का शोर सुनकर जब चिड़ियाघर के कर्मचारी उसे बचाने के लिए चले तो वह शेर की ओर भाग गया। बाड़े में पेड़ के नीचे खड़े दस साल के सुंदरम नाम के शेर के पास पहुंच कर रेहान अजीबो-गरीब हरकत कर उसे चिढ़ाने लगा। शेर कुछ देर उसे देखता ( शेष पेज 10 )

### पहले भी हो चुके हैं इस प्रकार के हादसे

**इसी तरह** का वाकया इसी चिड़ियाघर में सितंबर 2014 में भी हुआ था। जब आनंद पर्वत इलाके का रहने वाला मकसूद सफेद बाघ के बाड़े में युवक कूद गया था। काफी देर डराने-सूंघने के बाद बाघ ने युवक पर हमला कर दिया था और गर्दन पकड़कर घसीटता हुआ पेड़ों के झुरमुट में ले जाकर मार डाला था। इसके अलावा 2017 में भी एक युवती पेंटेड स्टार्क प्रवासी पक्षियों के बाड़े में गहरे पानी में कूद गई थी। दरअसल, पक्षियों को देखने के दौरान उसकी 50,000 रुपये की अंगूठी बाड़े में भरे पानी में गिर गई।

# नोएडा में शुरू होगी फ्लैटेड फैक्ट्री योजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण जल्द ही मुंबई-दिल्ली की तर्ज पर नोएडा में फ्लैटेड फैक्ट्री योजना शुरू कर सकता है। इसके लिए प्राधिकरण की 197वीं बोर्ड बैठक में प्रस्ताव आया था लेकिन, गाइड लाइन न होने से प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली थी। अब औद्योगिक विभाग इस पर गाइड लाइन तैयार कर रहा है। इस विशेष मॉडल पर काम करने के लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास प्रमुख सचिव को औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने तीन माह पहले कहा था, पर उससे पहले नोएडा प्राधिकरण ने 200 स्टार्टअप को दो स्थानों पर स्थापित करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास कर दिया।

इसमें फेस टू स्थित भूखंड संख्या बी-187 में निर्मित 2354 वर्ग मीटर क्षेत्रफ ल एवं सेक्टर-38ए स्थित बॉटेनिकल गार्डन बहुमंजिली कार पार्किंग के सातवें तल पर 27000 वर्ग मीटर जगह शामिल है। इस योजना के तहत स्वरोजगार के लिए भी लोग फ्लोर की बुकिंग करा सकेंगे। जो लोग जमीन खरीदने या फैक्ट्री बनाने में असमर्थ हैं और उद्योग स्थापित करना चाहते हैं, वह इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार के साथ छोटा उद्योग शुरू कर सकते हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, फ्लैटेड फैक्ट्री का कांसेप्ट विदेश से आया है। इसके तहत फ्लैटनुमा बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाता है, जहां जूता सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक-इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट, हैंडीक्राफ्ट, फैशन डिजाइन, आईटी सेक्टर से जुड़े केपीओ, बीपीओ, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजाइनिंग, असेंबलिंग की छोटी फैक्ट्रियां स्थापित की जा सकती हैं। इन फ्लैटेड फैक्ट्रियों में अन्य सभी संसाधन भी पहले से ही स्थापित होंगे।

### दिल्ली, मुंबई में हो चुकी है लागू

## दिल्ली में यहां चल रहीं इकाइयां

झिलमिल, झंडेवालान, ओखला, नरेला में फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स बनाए गए हैं, जो चार मंजिला हैं। वर्ष 2017 में दिल्ली में 10 मंजिला कांप्लेक्स बनाने की योजना पर काम शुरू हो चुका है। इसमें पर्याप्त संख्या में लिफ्ट लगाई जाएंगी। यहां पर प्रदूषण न फैलाने वाली कोई भी फैक्ट्री लगाई जा सकेगी। इस तरह के कांप्लेक्स में छोटे कारोबार को बढ़ावा दिया जाता है, जिसमें 50 मीटर से लेकर 100 मीटर तक एक फैक्ट्री के लिए जगह दी जाएगी।

**कम पूंजी वालों के लिए है फ्लैटेड फैक्ट्री**

फ्लैटेड फैक्ट्री ऐसे उद्यमियों के लिए है, जो कम पूंजी में अपना व्यवसाय करना चाहते हैं। जिनके पास जमीन खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं, वह यहां किराये पर जगह लेकर व्यवसाय कर सकते हैं। फ्लैटेड फैक्ट्री में प्रोजेक्ट के अनुरूप जगह आवंटित होंगे। एक ब्लॉक तैयार है, जिसके आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## वारदात से पहले कर रहे थे रेकी

घटना से 3-4 दिन पहले ही रोहित और सुन्दर ने पवन, आकाश और सागर को मृतक अमित सेठ का घर दिखा दिया था। सागर ने वारदात से तीन दिन पहले नोएडा ओमैक्स मॉल के बाहर से अपाचे बाइक चोरी की थी। इसी बाइक से सागर, पवन और आकाश ने कई बार रैकी की। गाजियाबाद के एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया है कि घटना से एक दिन पहले 24 तारीख को तीनों बाइक पर अमित सेठ के घर के पास आए थे लेकिन, अमित सेठ के घर से न निकलने के कारण उस दिन घटना को अंजाम नहीं दे सके। अगले दिन अमित के घर के पास पार्क में छुपकर बैठ गए थे और मौका मिलते ही अमित की हत्या कर दी। रोहित ने अमित को कपड़े के किसी काम का लालच देकर घर से बाहर निकाला था।

# कारोबारी हत्याकांड का खुलासा, 5 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बीते माह 25 तारीख को हुई कारोबारी अमित सेठ की सनसनीखेज हत्या के मामले से पुलिस ने पर्दा उठा दिया। इस मामले में पुलिस ने कारोबारी के पूर्व पार्टनर और शूटर्स समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनसे हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, तमंचा बरामद किया है। 96 लाख रुपये का बार-बार तकादा करने पर अमित की हत्या की गई थी। एक शूटर अभी भी फरार है।

गौरतलब है कि 25 सितंबर को दोपहर लगभग सवा दो बजे अमित सेठ पुत्र रमेश सेठ को चिरंजीव विहार स्थित घर से अपनी फॉर्च्यूनर कार में निकलते ही तीन अज्ञात मोटरसाईकिल सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। उनकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई अश्वनी कुमार सेठ ने थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज कराते हुए 5 लोगों पर शक जताया था।

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में इस सनसनीखेज वारदात से पर्दा उठाया। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आत्माराम स्टील तिराहे से रोहित, पवन कुमार, आकाश, वीरु व सुन्दर को घटना में प्रयुक्त पिस्टल, तमंचा, कारतूस, स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या की पूरी योजना रोहित गुप्ता ने तैयार की थी।

रोहित मृतक अमित सेठ से पिछले सात वर्षों से जुड़ा हुआ था। पहले वह फैक्टरी में डाईंग का कार्य करता था बाद में फैब्रिक के कार्य में रोहित की पार्टनरशिप मृतक के साथ हो गई थी। इस पार्टनरशिप में अमित के रोहित के ऊपर लगभग 96 लाख रुपया बकाया हो गया था। जिसके लिए अमित सेठ रोहित से बार बार अपने रुपयों की मांग कर रहा था तथा न देने पर उसके खिलाफ कार्यवाही के लिए कह रहा था। इन लोगो के बीच बार बार पैसो को लेकर आपस में गाली गलौच भी हो रही थी। इससे निबटने के लिए ही रोहित ने अमित सेठ की हत्या की योजना बनाई।



प्रेसवार्ता में हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी सुधीर कुमार सिंह।

# सौ से ज्यादा चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### चोरों से तीन कारें अवैध हथियार बरामद

थाना सेक्टर 49 पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन लग्जरी कारें तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि इन चोरों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहन चोरी की 100 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया है। ये लोग चोरी के वाहनों की फर्जी आरसी तैयार करके उन्हें पूर्वांचल एवं बिहार में बेच देते थे।

थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह गश्त पर निकली पुलिस ने सेक्टर 51 के पास से इन दोनों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों वाहन चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की मारुति ब्रेजा कार, एक बोलेरो सहित तीन लग्जरी कारें बरामद की हैं।

शर्मा ने बताया कि चोरों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अब तक 100 से ज्यादा वाहन चोरी की वारदातें करना स्वीकारी हैं। गिरोह में कुछ और लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है जिनकी तलाश जारी है।

## प्राधिकरण ने हल्दीराम पर लगाया जुर्माना

नोएडा। सेक्टर-63 स्थित हल्दीराम रेस्टोरेंट में उपभोक्ताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक की प्लेटों में खाना परोसने की शिकायत पर प्राधिकरण ने हल्दीराम पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन तोमर ने बताया कि हाल ही में सेक्टर-63 स्थित हल्दीराम रेस्टोरेंट में खाना खाने का मन बनाया लेकिन, वहां जाकर देखा तो प्लास्टिक की प्लेटें एक के ऊपर एक सजा के रखी हुई थी एवं उनका खुले में इस्तेमाल भी हो रहा था। इसकी फ ोटो लेकर संस्था ने इसकी शिकायत प्राधिकरण की सीईओ और विधायक पंकज सिंह से ट्विटर के माध्यम से की।

# 90 पेटी शराब के साथ दो तस्करों को दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बुधवार रात को अवैध तरीके से बिहार ले जाई जा रही 90 पेटी शराब जब्त की। शराब जेनरेटर की बॉडी में भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस उपाधीक्षक नगर पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सेक्टर 10 की लाल बत्ती के पास एक कैंटर को जांच के लिए रोका। कैंटर में जेनरेटर की दो बॉडी रखी हुई थीं। शक होने पर पुलिस ने जब जेनरेटर की बॉडी को चेक किया तो उसमें 90 पेटी अरुणाचल प्रदेश मार्का अंग्रेजी शराब मिली।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि कैंटर में सवार संदीप पुत्र पवन कुमार निवासी नांगल खेड़ी पानीपत हरियाणा और नीतू पुत्र बृजपाल निवासी किरणमाला बागपत को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बिहार में चल रही शराबबंदी की वजह से वहां पर शराब की बहुत मांग है।

सीओ ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग जेनरेटर की खाली बॉडी में तस्करी की शराब भरकर उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार में ले जाते हैं तथा वहां ऊंचे दामों पर बेचते हैं। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे अबतक सैकड़ों बार तस्करी की शराब बिहार में ले जाकर बेच चुके हैं।

पिछले हफ्ते भी ग्रेटर नोएडा पुलिस ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से जेनरेटर की बॉडी में तस्करी की शराब भरकर बिहार ले जा रहे कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। विगत एक माह के अंदर नोएडा पुलिस ने ऐसे कई तस्करों को गिरफ्तार किया है जो ट्रकों में पेंट के सामान के नीचे, परचून के सामान के नीचे छिपाकर तथा जेनरेटर की बॉडी में रखकर तस्करी की शराब बिहार लेकर जा रहे थे।

### जेनरेटर की बॉडी के अंदर छिपाकर ले जा रहे थे बिहार



गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा शराब के साथ पकड़े गए आरोपी। फोटो : दीपक यादव

## संक्षिप्त समाचार



पदयात्रा के दौरान चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते सांसद राजेंद्र अग्रवाल, विधायक विजयपाल आढ़ती एवं भाजपा कार्यकर्ता।

### गांधी संपर्क यात्रा का किया स्वागत

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर से प्रारंभ 'गांधी संपर्क यात्रा' के अंतर्गत हापुड़ विधानसभा में पदयात्रा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, शहर विधायक विजयपाल आढ़ती के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल, नगर पालिका परिषद हापुड़ के अध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पदयात्रा विधानसभा संयोजक सुधीर गोयल व नगर मण्डल अध्यक्ष मूलचन्द त्यागी आदि उपस्थित थे। यात्रा भाजपा विधानसभा कार्यालय से प्रारंभ होकर पक्का बाग, चंडी रोड, सर्राफा बाजार, कोठी गेट, बुलंदशहर रोड से होती हुई चक्रवर्ती गर्ग के निवास पर सम्पन्न हुई। इस दौरान सांसद, विधायक, चैयरमैन सहित सभी कार्यकर्ताओं का विभिन्न स्थानों पर फूलमाला पहनाकर, बुके देकर, मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

### सांड का गांव में आतंक, महिला घायल

**गाजियाबाद।** टीला शहबाजपुर गांव में रहने वाले लोग गौवंश से परेशान हैं। बुधवार शाम गौवंश ने एक महिला के पेट में सींघ मारकर घायल कर दिया। महिला का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब सात बजे रेशमा पत्नी रामवीर घर से कुछ दूर स्थित घेर में जा रही थी। रास्ते में सांड ने उनके पेट में सींघ मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने किसी तरह सांड को भगाकर रेशमा को उपचार के लिए पास से निजी अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों और परिजनों ने उपजिलाधिकारी से सांड को गांव से दूर भिजवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी प्रशांत तिवारी ने मांग के अनुरूप कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

### शिष्टमंडल में यशोदा अस्पताल शामिल

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपरस्पेशियालिटी अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पीएन अरोड़ा और डायरेक्टर उपासना अरोड़ा को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फिलीपींस जाने वाले अपने उच्चस्तरीय शिष्टमंडल में जगह दी है। ये शिष्टमंडल दो दिवसीय फिलीपींस यात्रा पर रवाना हो रहा है। वे उच्चस्तरीय शिष्टमंडल के सदस्य के तौर पर मनीला में आयोजित होने वाली चौथी एशियन इंडिया एक्सीलेंस एंड अचीवमेंट अवॉर्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिष्टमंडल के लिए 32 विशिष्ट उद्यमियों का चयन किया गया है, जिनमें डॉ. पीएन अरोड़ा और उपासना अरोड़ा शामिल हैं। इस दौरे में भारत से जाने वाले शिष्टमंडल के सदस्य फिलीपींस की स्वास्थ्य सेवाओं का भी जायजा लेंगे।

### इमरजेंसी प्लान को लेकर बैठक

**गाजियाबाद।** ऑफसाइट इमरजेंसी प्लान की रिहर्सल को लेकर बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय में डीएम ने कारखाना अधिकारियों व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कारखानों में आपदा के समय क्या-क्या तैयारी रखें और उनसे निपटने के इंतजामों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। कारखानों में रसायन से होने वाली आपदा, आग की घटनाएं, मशीनों से होने वाली घटनाओं को लेकर कारखानों में क्या इंतजाम किए गए हैं, आपदा राहत टीमें इस तरह की घटनाओं के लिए कितनी तैयार हैं, इसको लेकर समीक्षा की गई।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश दबोचा तमंचा, मोबाइल व बाइक मिला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

थाना इंदिरापुरम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में 25000 का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी 25000 का इनामी बदमाश थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में आने वाला है। बदमाश को गिरफ्तार करने के लिए वसुंधरा में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान सेक्टर 12/14 वसुंधरा के पास करीब 9.10 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया, पर वे नहीं रुके। उन्होंने भागते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश शिवा पुत्र वीरू निवासी उटरावली थाना चांदपुर जिला बुलंदशहर घायल हो गया। घायल बदमाश लाल कुआं थाना कविनगर, गाजियाबाद में रहता है। दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया है। घायल शिवा को गिरफ्तार कर उपचार हेतु एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# विवादों के बीच दीपावली पर मिलेगा खरीदारों को तोहफा

## आम्रपाली सफायर-1 का सत्यापन पूरा, अगले सप्ताह से 900 फ्लैटों की होगी रजिस्ट्री

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आम्रपाली परियोजनाओं के लिए कोर्ट रिसीवर ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र लिखकर निर्देश दिए कि अगले सप्ताह से सेक्टर-45 में सफायर-1 आवास परिसर में ठीक से सत्यापित किए गए फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू करें। इसके साथ ही प्रिफ्रोसिय परा विलेख निष्पादन के प्रारूप को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए सेवानिवृत्त सरकारीकर्मियों को नियुक्त किया है, जो जल्द रजिस्ट्रयों को अंजाम देगा।

23 जुलाई 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को नियंत्रित करने और तैयार फ्लैटों के पंजीकरण, खरीददारों से पैसे स्वीकार करने, अनसोल्ड फ्लैट्स बेचने और राज्य के स्वामित्व वाली एनबीसीसी बोर्ड के आम्रपाली से संबंधित कार्यों के लिए रिसीवर नियुक्त किया था।

अदालत ने रजिस्ट्री को निष्पादित करने के लिए एक महीने का समय दिया था। बाद में तीन महीने के लिए समय सीमा बढ़ा दी क्योंकि फ्लैटों की बिक्री से संबंधित दस्तावेजों को सत्यापित करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता थी। वर्तमान में प्राधिकरण विभिन्न आम्रपाली परियोजनाओं में सभी फ्लैट खरीददारों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रहा है। सत्यापन के बाद कागजात को प्रमाणित कर रहे हैं ताकि पंजीकरण शुरू हो सके।

पहले चरण में आम्रपाली सफायर-1 के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस दौरान 900 अपार्टमेंट के दस्तावेजों को सत्यापित किया है। इस बीच, राज्य के स्वामित्व वाली एनबीसीसी ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को संशोधित करना शुरू कर दिया है ताकि वह नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सभी 15 आवास परियोजनाओं और आम्रपाली के एक वाणिज्यिक परियोजना में निर्माण का काम शुरू कर सके।

बता दें आम्रपाली के करीब एक हजार घर खरीददारों को मालिकाना हक दिया जाना है। इसके लिए अदालत ने एक रिसीवर नियुक्त किया है। अदालत के निर्देश के तहत परियोजना के अनुसार फ्लैट खरीददारों का सत्यापन किया जा रहा है। बतौर प्राधिकरण की एक टीम मौके पर जाकर सत्यापन का कार्य कर रही है। इसकी शुरुआत आम्रपाली सफायर से की गई थी।

## पुलिस चौकी के पास ईंट से तोड़ा एटीएम

नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित कस्बा चौकी से महज 150 मीटर दूरी पर बदमाशों ने एक एटीएम में तोड़फोड़ करके लूटपाट की।

जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने एटीएम मशीन को ईंट से तोड़कर 9 हजार रुपये निकाल लिए। वारदात की पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एक्सिस बैंक में बृहस्पतिवार सुबह 4:00 से 5:00 के बीच बदमाशों ने ईंट से एटीएम मशीन को तोड़ा। इसके बाद उसमें से पैसे निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

# अपील का असर, डीएम को सौंपी ट्रक भर पॉलीथिन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



डीएम अजय शंकर पाण्डेय द्वारा जनपद में चलाए जा रहे प्लास्टिक बैन का असर अब दिखने लगा है। खुद प्लास्टिक कारोबारी भी सहयोग करने में आ गए हैं। साहिबाबाद के चार प्लास्टिक का कारोबार करने वाले कारोबारियों ने एक ट्रक भरकर डीएम को प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का सामान सौंपा।

जिला मुख्यालय में डीएम को टाटा 407 ट्रक में भरकर पॉलीथिन सौंपने पहुंचे कारोबारी बाबू ने बताया कि पर्यावरण बचाव के लिए प्लास्टिक बैन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है और पॉलीथिन जब्त की जा रही है। ऐसे में वह खुद से अपने पास मौजूद पॉलीथिन व अन्य प्लास्टिक का सामान सौंपने के लिए डीएम के पास आए हैं जिससे अन्य कारोबारी भी प्रोत्साहित हों और प्लास्टिक का कारोबार बंद कर सकें।

इस मौके पर डीएम ने सभी कारोबारियों का आभार जताते हुए कहा कि अगर बाजारों में व्यापारी खुद से प्लास्टिक का आदान-प्रदान बंद कर देंगे तो आमजन में भी इसकी मांग कम होगी और लोग खरीददारी के लिए घर से कैरी बैग लेकर निकलेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आज चार कारोबारी आए हैं जल्द ही अन्य कारोबारी भी प्लास्टिक से बने सामान को प्रतिबंध कर इस मुहिम में शामिल होंगे। इस मौके पर अपर नगरायुक्त आरएन पाण्डेय के अलावा कारोबारी वसीम, चंद्रशेखर, मनोज आदि मौजूद रहे।



समारोह में छात्राओं और अध्यापकों को सम्मानित करते अतिथि।

# गौतमबुद्धनगर से दिल्ली एयरपोर्ट तक सफर होगा आसान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### एनएमआरसी बना रही है योजना



अगले कुछ सालों में गौतमबुद्धनगर के दोनों शहरों नोएडा, ग्रेटर नोएडा से दिल्ली एयरपोर्ट तक का सफ र बहुत आसान हो जाएगा। एक तरफ जहां समय की बचत होगी, वहीं पैसा भी बचेगा। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ यमुना प्राधिकरण भी जुट गया है।

एक्वा मेट्रो के लिए यात्रियों की कमी को दूर करने एवं दिल्ली से ग्रेटर नोएडा को मेट्रो से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सेक्टर 142 से बोटेनिकल गार्डन के बीच लाइट मेट्रो के संचालन की योजना है लेकिन, प्राधिकरण इसके लिए पूरी तरह से सहमत नहीं है। दरअसल, लाइट मेट्रो का संचालन होने से यात्रियों को सेक्टर-142 में एक्वा लाइन को छोड़कर लाइट मेट्रो में बैठना होगा। बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर लोगों को एक बार फिर लाइट मेट्रो छोड़कर ब्लू या मजेंटा लाइन मेट्रो लेनी होगी। कुछ किमी की दूरी में बार-बार मेट्रो बदलने की वजह से लोग लाइट मेट्रो को नकार सकते हैं। वहीं, एलिवेटिड ट्रैक से जुड़ने पर एक्वा लाइन मेट्रो को बिना बदले लोग बोटेनिकल गार्डन तक पहुंच सकेंगे। इससे दिल्ली की ओर आने जाने वालों को सबसे अधिक फायदा होगा तथा समय भी बचेगा।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मेट्रो से कनेक्टिविटी देने के लिए, जो व्यवहारिक रिपोर्ट तैयार की गई है उसके तहत नॉलेज दो पार्क मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। अगर एक्वा लाइन को ब्लू या मजेंटा लाइन से कनेक्टिविटी नहीं हुई तो जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली से मेट्रो के जरिये जोड़ने की योजना में पेंच फंस जाएगा। दिल्ली से एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए, कम समय व सुविधाजनक परिवहन के विकल्प की तलाश की जा रही है। जिसमें मेट्रो भी एक अहम विकल्प है।

सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन को मेट्रो से जोड़ने के लिए व्यवहारिकता के बजाए लागत को अधिक तवज्जो दी जा रही है। लाइट मेट्रो की प्रति किमी लागत करीब सौ करोड़ आती है। इसमें ढांचागत लागत काफी कम है। वहीं एलिवेटिड ट्रैक पर मेट्रो की लागत प्रति किमी करीब तीन सौ करोड़ है लेकिन, रफ्तार के मामले में लाइट मेट्रो अपेक्षाकृत धीमी है। सेक्टर 142 से बोटेनिकल गार्डन के बीच एलिवेटिड ट्रैक के जरिये मेट्रो के संचालन को लेकर अधिकारी अपनी इच्छा मौखिक रूप से शासन में जता चुके हैं।

# अंग्रेजी स्कूलों में हिंदी में शत प्रतिशत अंक अच्छा संकेत : त्रिपाठी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

### 550 छात्रों व 275 अध्यापक सम्मानित

सीबीएसई 2018 बोर्ड की दसवीं परीक्षा के हिंदी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 550 छात्र-छात्राओं एवं उनके 275 अध्यापकों को बुधवार को हिंडन एयरबेस स्थित ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विकास मंच ने हिंदी के विकास एवं उत्थान के लिए किया था।

समारोह में दिल्ली, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर व मेरठ आदि के सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं व उनके हिंदी शिक्षकों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं को ज्ञान कुंज जबकि अध्यापकों को भाषा सारथी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। समारोह को संबोधित करते हुए त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में पिरो सकती है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे हिंदी में अव्वल आ रहे हैं यह हिंदी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# पड़ोसी राज्यों से आने वाले वाहनों को छूट नहीं

## लोगों की सुविधा के लिए 2000 सीएनजी बसें किराए पर लेगी दिल्ली सरकार

### कैबिनेट का ऑड ईवन पर अहम फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चार नवंबर से शुरू होने वाली सम-विषम योजना के दौरान राजधानी की सड़कों पर दो हजार किरसए गी सीएनजी बसें दौडेंगी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की अतिरिक्त बसों को चलाने की मंजूरी दी। सरकार के इस फैसले से डीटीसी और दिल्ली एकीकृत बहुस्तरीय परिवहन प्रणाली (डीआईएमटीएस) द्वारा चलाई जाने वाली सार्वजनिक परिवहन बसों की संख्या बढ़कर 5,500 हो जाएगी।

सम-विषम योजना सोमवार से शनिवार सुबह 8 से शाम 8 बजे तक लागू होगी। इसका उल्लंघन करने पर 4 हजार रुपये का जुर्माना भुगतना होगा। इस बार भी दो पहिया वाहनों को योजना से बाहर रखा गया है। लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को इससे छूट नहीं दी गई है। उन्हें भी योजना का पालन करना होगा। हालांकि उपराज्यपाल को इससे छूट दी गई है। साथ ही प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों को भी छूट मिली है। दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को छूट दी गई है लेकिन अन्य राज्यों के मंत्रियों को सम-विषम का पालन करना होगा। साथ ही स्कूली बसों वाले वाहन को भी छूट है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली मंत्रिमंडल की बैठक में परिवहन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसमें कहा गया है कि सम-विषम योजना के दौरान सीएनजी से चलने वाली अतिरिक्त बसें चलाई जाएं। दरें मानक आकार की बसों के लिए 49.42 रुपये प्रति किलोमीटर और मध्यम आकार की बसों के लिए 32.54 रुपए प्रति किलोमीटर होंगी।



प्रेस वार्ता के दौरान सीएम केजरीवाल व साथ में कैलाश गहलोत। फोटो: रंजन डिमरी।

### दफ्तर का समय बदलने पर फैसला जल्द

मुख्यमंत्री ने सम-विषम योजन के दौरान लोगों से कार पूलिंग को बढ़ावा देने का अनुरोध किया है। उन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कार पूलिंग को कहा। इससे प्रदूषण भी कम होगा और रिश्ते भी ठीक होंगे। केजरीवाल ने बताया कि सम-विषम योजना के दौरान सार्वजनिक वाहनों पर एक समय दबाव नहीं बने इसके लिए दफ्तरों के समय बदलने पर विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। एक एजेंसी इसपर काम कर रही है। जल्द ही इसपर निर्णय ले किया जाएगा।

### इन्हें समय-विषम से छूट

राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल, उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, राज्य व केंद्र शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा व राज्य सभा के नेता प्रतिपक्ष, डिप्टी चेयरमैन राज्यसभा, डिप्टी चेयरमैन लोकसभा, सुप्रीम कोर्ट के जज, सीएजी, चेयरपर्सन यूपीएससी, दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व जज, पैरा मिल्ट्री फोर्स, एसपीजी सुरक्षा वाले वाहन, लोकायुक्त, एंफार्समेंट वाहन, आपातकालीन सेवा में लगे वाहन, पायलट व एस्कोर्ट, एंबेसी के सीडी नंबर वाली गाड़ियां, राज्य चुनाव आयोग दिल्ली व चंडीगढ़, चुनाव पर्यवेक्षक, चुनाव में लगे वाहन, केवल महिलाएं या 12 साल के बच्चों के साथ, स्कूल ड्रेस में बच्चों वाली गाड़ियां, चुनाव आयुक्त, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, रक्षा मंत्रालय की गाड़ी, मेडिकल वाहन, सिर्फ महिला चालक वाली कारें, दिव्यांगों के वाहन, स्कूली बच्चों की गाड़ी, दो पहिया वाहन।

# सड़कों पर बने 232 गड्ढों की आज कर दी जाएगी मरम्मत : केजरीवाल

- चालू माह के अंत तक पैचेज और 30 नवंबर तक उबड़-खबड़ सड़कें होंगी दुरुस्त



पाायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग की सड़के शुक्रवार से गड्ढा मुक्त हो जाएंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र मे आनी वाली 1260 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे का मुआयना पूरा हो गया है। इसमें 232 गड्ढे मिले हैं। जिनको ठीक करने का काम शुरू हो गया है। 18 अक्टूबर तक इन्हें ठीक कर लिया जाएगा। इसके लिए विभाग तेजी से काम कर रहा है। इस हफ्ते पीडब्ल्यूडी के अधिकारीयों के साथ समीक्षा की गई थी। जिसमें यह पता चला कि सर्वे में सड़कों पर 283 पैचेज मिले हैं। जिनको 31 अक्टूबर तक रिसर्फेसिंग का काम पूरा किया जाएगा। इस दौरान 272 उबड़-खाबड़ (अनइवन) सड़के भी मिली है। जिन्हें 30 नवंबर तक दुरुस्त कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस अभियान के बाद दिल्ली की सड़कें गड्ढा मुक्त हो जाएगी। इस अभियान के तहत सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के बाद सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कें पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी। उन सड़कों पर किसी को गड्ढा नहीं मिलेगा। दिल्ली देश की राजधानी है। वह सड़कें ऐसी बनाना चाहते हैं।

केजरीवाल के अनुसार सर्वेक्षण के दौरान 392 जगहें ऐसी मिली हैं जहां विभिन्न एजेंसियों का काम चल रहा है। इन्हें ठीक करने के लिए 24 अक्टूबर को सभी विभागों के साथ बैठक बुलाई है। जिससे जल्द ठीक कर दिया जाए। तमाम जगह काम खत्म हो गया है। लेकिन वहां सड़कों को ठीक नहीं किया गया है। सभी विभागों को निर्देश दिया जाएगा कि जल्द एनओसी प्रक्रिया पूरी कर लें।

### 5 अक्टूबर से शुरू हुआ था सर्वे

दिल्ली में दुनियाभर के लोग आते हैं। यहां की सड़कें खराब होने से देश की बदनामी होती है। साथ ही छवि खराब होती है। इस कारण फैसला लिया है कि पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में आने वाली 1260 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। मालूम हो कि केजरीवाल ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की योजना बनाई थी। इसके लिए उन्होंने युद्ध स्तर पर काम करने का खाका तैयार किया। योजना के मुताबिक गत 5 अक्टूबर से सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों का सरकार की टीम ने मुआयना शुरू किया।

### 4 घंटे के अंतराल में बता सकेंगे प्रदूषण के कारण

*प्रदूषण किन कारणों से हो रहा है इसका न कोई डेटा है न इसे नाँपने का तरीका। दिल्ली सरकार ने वाशिंगटन यूनिवर्सिटी से गठजोड़ किया और एक साल से प्रदूषण को लेकर इस पर काम चल रहा है। 1 अप्रैल 2020 से वह चार घंटे के अंतराल में बताने की स्थिति में होंगे कि किस कारण कितना प्रदूषण है। मशीनें आ चुकी हैं। इंडिया गेट के पास डीटीसीसी के दफ्तर के पास वह रिपोर्ट तैयार कर रही हैं।*

# 'पराली जलने से बढ़ने लगा है दिल्ली में वायु प्रदूषण'

केजरीवाल के अनुसार पिछले कुछ दिनों में प्रदूषण बढ़ना शुरू हो गया है। आठ-दस महीने प्रदूषण का स्तर कम था। लेकिन पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से प्रदूषण बढ़ने लगा। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाई जा रही है। इस वजह से दिल्ली गैस चैंबर बन रही है। एक व्यापक पराली और शीतकालीन कार्य योजना बनाई गई। इसी के तहत ऑड-ईवन योजना की घोषणा की गई है। यह कदम उस अवधि में हवा में वाहनों के उत्सर्जन को सीमित करने का मकसद है। दिल्ली वर्षों से पराली के कारण आने वाले धुएं का सामना कर रही है। किसी की रिपोर्ट को गलत नहीं बता रहे हैं। वह बस यह कह रहे है कि वह रिपोर्ट अलग अलग समय की है। कोई जून 2015 की रिपोर्ट बता रहा हैं। मेरे पास अगस्त 2018 का डाटा है। इसमें लिखा है कि सर्दी में 36 प्रतिशत प्रदूषण अपना है। गर्मी में यह 26 प्रतिशत हो जाता है। पुरानी रिपोर्ट पर आज का आंकलन नहीं कर सकते। कोई एजेंसी नहीं बता सकती कि अभी दिल्ली में किन-किन कारणों से कितना प्रदूषण हैं। यह कोई नहीं बता सकता। दिल्ली में आज अपना व बाहर का भी प्रदूषण है लेकिन किसका कितना है यह बता पाना संभव नहीं है। गत सप्ताह एक एजेंसी ने बताया पराली से 1 प्रतिशत है। दूसरी एजेंसी ने 10 प्रतिशत बताया। दोनों में जब दस गुना का अंतर तो यह विज्ञान कहा हैं। वह किसी के डाटा को गलत या सही नहीं बता रहे हैं। वह इतना कह रहे हैं कि दिल्ली में प्रदूषण बाहर से भी है। इसे कोई इंकार नहीं कर रहा।



# बारापुला पर 100 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर पकड़े



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इसमें तीन लोगों को पकड़ा गया है। उनके पास से पुलिस ने 25 किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद की है।

इसकी कीमत 125 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। पुलिस की स्पेशल सेल ने बारापुला फ्लाईओवर पर एक कार को रोका, जिसमें से 125 करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने कार में बैठे तीन आरोपियों को पकड़ लिया। इनकी पहचान सब्बीर (49), हाशिम (32) और नरेश (49) के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रहने वाले हैं।

विशेष शाखा के डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हेरोइन की बड़ी खेप असम से दिल्ली लाई गई है। यह खेप लाजपत नगर में दोपहर में 11 से 12 बजे के बीच सप्लाई की जानी थी। यह खेप उन्हें असम के बोकाजन में सौंपी गई थी।

तस्कर इम्फाल के रास्ते म्यांमार से हेरोइन लाकर स्थानीय तस्करों को देते थे। गिरोह के तार बिहार के छपरा से भी जुड़ रहे हैं।



रमेश नगर में सामूहिक करवा चौथ के पूजन का आयोजन किया गया। इसमें 500 महिलाओं ने भाग लिया। पूजन के बाद महिलाओं ने डांडिया खेला। तंबोला, अंताक्षरी आदि खेल खेले भी खेले गए। बड़ी संख्या में महिलाओं ने यह प्रण लिया कि देश को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त करेंगे और पर्यावरण को सशक्त करने हेतु सशक्त करने हेतु कार्य करते रहेंगे।

# प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम होना चाहिए : रेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन और उपयोग से जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ने से पृथ्वी पर पर्यावरण को लगातार खतरा होता जा रहा है। यह बात गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने चाणक्यपुरी के नेहरु पार्क में एक पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कही। उन्होंने इस अवसर पर एक पौधा भी लगाया। रेड्डी ने इस अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा एकल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरुकता अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लालकिले के प्राचीर से एकल उपयोगकारी प्लास्टिक को कम करने का आह्वान किया है, जिससे हम अपने प्रयावरण की रक्षा कर सके। इसके अनुसरण में पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी न केवल नगर-निकायों और सरकारी विभागों की है अपितु यह जिम्मेदारी प्रत्येक मानव की भी है। स्कूली बच्चों, अध्यापकों, सुबह की सैर करने वालों और अधिकारियों को 'एकल उपयोग वाली प्लास्टिक' को कम करने की शपथ दिलाई। स्कूली बच्चों के दल को प्लोगिंग के लिए हरी झंडी दिखाकर नेहरू पार्क में रवाना किया।



# 'पाक से आए हिंदू परिवारों को डूब क्षेत्र से हटाएं'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गुरुद्वारा मजनूं का टीला के दक्षिण में यमुना के डूब क्षेत्र में झुग्गियों और झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू परिवारों को हटाने के आदेश दिए हैं।

कुछ साल पहले तीर्थयात्री वीजा पर 100 से अधिक पाकिस्तानी हिंदू परिवार राष्ट्रीय राजधानी में आए थे लेकिन वापस जाने के बजाय उन्होंने गुरुद्वारा मजनूं का टीला के दक्षिण में यमुना के बाढ़ क्षेत्रों में बनी झुग्गियों और अर्ध-स्थाई संरचनाओं में रहना शुरू कर दिया। इनमें से कई के पास मजनूं का टीला के पते पर बने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते हैं। उनके बच्चों ने नजदीकी सरकारी स्कूलों में जाना भी शुरू कर दिया है।

यह खुलासा याचिकाकर्ता जगदेव की याचिका पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष पेश रिपोर्ट में हुआ है। याचिका में गुरुद्वारे के दक्षिणी हिस्से से सटे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने और पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।




एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने रिपोर्ट पर कड़ा रुख अपनाते हुए पूछा कि प्राधिकारी कैसे यमुना डूब क्षेत्र में ऐसे अतिक्रमण की अनुमति दे सकते हैं? हालांकि यहां बिजली मुहैया नहीं कराई गई है।

साझा नलों के जरिए जल आपूर्ति की जा रही है। कुछ निवासियों ने फुटपाथ के पास छोटी दुकानें भी शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट में दी गई जानकारी दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के निरीक्षण के बाद रिपोर्ट पर आधारित है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव बंसल और अधिवक्ता कुश शर्मा इस मामले में डीडीए की ओर से पेश हुए।

उन्होंने कहा कि स्थल के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि 2011 से 2014 तक तीर्थयात्रा वीजा पर भारत आए पाकिस्तानी हिंदू नागरिकों के लगभग 700 लोग या 120 परिवार झुग्गी और अर्ध-स्थाई संरचनाओं में रह रहे हैं। उनके द्वारा कब्जा की हुई जमीन करीब 5000 वर्ग गज है। रिपोर्ट के अनुसार सरकारी अधिकारियों ने उन्हें जमीन पर कब्जा करने के लिए कहा, लेकिन उनके पास से ऐसी कोई लिखित अनुमति नहीं मिली।

उपरोक्त भूमि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाले भूमि एवं विकास कार्यालय की है जिसे देखभाल और रखरखाव के लिए 7 जुलाई 1971 को डीडीए को हस्तांतरित किया गया था।

# दिल्ली सरकार ने प्याज आपूर्ति के लिए केंद्र को लिखा पत्र

- खाद्य मंत्री इमरान हुसैन ने लगाया आरोप, राजधानी में मांग के हिसाब से उपलब्ध नहीं कर पा रहा है नेफेड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आप सरकार ने प्याज की पर्याप्त आपूर्ति करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। खाद्य मंत्री इमरान हुसैन ने गुरुवार को केंद्र उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान को लिखे पत्र में कहा कि नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नेफेड) राजधानी में मांग के अनुसार प्याज उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

आप सरकार शहर में करीब 250 मोबाइल वैन के जरिए लोगों को करीब 24 रुपये प्रति किलो प्याज बेच रही है जबकि बाजार में इसके दाम 60 से 80 रुपये हैं।

इमरान हुसैन ने केंद्रीय मंत्री पासवान से मांग की है कि वह नेफेड को आदेश दें कि दिल्ली में प्रतिदिन कम से कम दस ट्रक प्याज की आपूर्ति करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने सस्ते दामों पर प्याज बेचने के पूरे इंतजाम किए हैं लेकिन नेफेड उसकी मांग के हिसाब से प्याज नहीं दे पा रहा है। इमरान ने खाद्य विभाग और नेफेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में प्याज की कीमतों और आपूर्ति की समीक्षा की।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि शहर के लोगों को हर हाल में पर्याप्त मात्रा में प्याज उपलब्ध कराई जाए। किसी भी इलाके में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

सरकार ने प्याज बेचने वाली मोबाइल वैन की संख्या 400 तक बढ़ाने का फैसला लिया है।

# पत्रकार से न्यू अशोक नगर में मोबाइल झपटा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सरेराह लूटपाट व झपटमारी की घटनाओं ने पुलिस की नींद उड़ाकर रख दी है। स्ट्रीट क्राइम का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।

बैग, पर्स व मोबाइल झपटमारी की वारदातें इतनी बढ़ गई हैं कि लोग कहीं भी खुद को सुरक्षित नहीं महसूस करहे हैं। बदमाश बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के निकट बुधवार रात अंग्रेजी दैनिक अखबार में काम करने वाले एक पत्रकार बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए।

मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार, दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले शेखर अंग्रेजी दैनिक पायनियर समाचार पत्र में बतौर संवाददाता कार्यकरत है। बुधवार की रात साढ़े आठ बजे वह किसी निजी काम से न्यू अशोक नगर गए थे। मेट्रो स्टेशन के पास वह अपने मोबाइल फोन पर किसी के साथ बातचीत में मशगूल थे। उन्हें इस बात की भनक भी नहीं थी कि झपटमारों की नजरें उनपर टिकी हुई है। वह कुछ समझ पाते तभी एक बदमाश तेजी से उनके करीब आया और मोबाइल फोन झपटकर भाग गया। हैरानी की बात है कि वारदात को जब अंजाम दिया गया उस वक्त वहां काफी भीड़भाड़ थी।

## संक्षिप्त समाचार



### रोवर रेंजर समागम का आयोजन

**नई दिल्ली।** रेंजरिंग के 100 वर्ष पूरे होने पर उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स द्वारा रोवर रेंजर समागम का आयोजन आरपीएसएफ ग्राउंड, दयाबस्ती में किया गया। समागम के मुख्य अतिथि उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक टीपी सिंह व विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन हरिंदर कौर थीं । इस मौके पर सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगोली, प्रदर्शनी, पॉयनियरिंग, कैम्प क्राफ्ट, फूड प्लाजा एवं कल्चरल प्रोग्राम का निरीक्षण किया तथा सभी प्रतिभागियों को मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### संगीत में है संस्कृत साहित्य की आत्मा : साधना

**नई दिल्ली।** संस्कृत साहित्य की आत्मा संगीत में निहित होती है । संगीत से साहित्य को प्राण मिलता है । वर्तमान समय में संगीत के माध्यम से रोजगार के नये क्षेत्र जुड रहे हैं । ये विचार दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय पंजाबी बाग नई दिल्ली में स्नातक स्तरीय ''एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता समारोह'' का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ साधना शर्मा ने व्यक्त किए। डॉ. साधना शर्मा ने आगे कहा कि अकादमी संस्कृत के युवा वर्ग को हर स्तर पर प्रोत्सान देने के लिये निरन्तर प्रयासरत है । इस अवसर पर अकादमी के सचिव डॉ. जीतरात भट्ट ने कहा कि संस्कृत विश्व की धरोहर ही नही ज्ञान विज्ञान का आधार है।

### छात्रसंघ कार्यालय खाली नहीं कराने की मांग

**नई दिल्ली।** माकपा ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ का कार्यालय खाली कराने की निंदा करते हुए जेएनयू प्रशासन से इस आदेश को वापस लेने की मांग की है। माकपा पोलित ब्यूरो ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि जेएनयू प्रशासन का यह आदेश निर्वाचित छात्रसंघ के दमन का जीता जागता प्रमाण है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने पिछले सत्र के लिए निर्वाचित छात्रसंघ की इकाई को भी अधिसूचित नहीं किया था। पोलित ब्यूरो ने कहा कि यह सब विश्वविद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक गतिविधियों को रोकने की कवायद का परिणाम है। पार्टी ने इस आदेश को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि जेएनयू प्रशासन छात्र संघ के चुनाव को अधिसूचित करे।

### पीएचडी प्रवेश में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पीएचडी प्रवेश में हुई धांधली, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। अभाविप कार्यकर्ता आर्ट्स फैकेल्टी से मार्च करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग तक गए और वहां पर हो रही अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। अभाविप दिल्ली के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि विभाग में कुछ प्रोफेसरों द्वारा जिस प्रकार से इस वर्ष पीएचडी प्रवेश में धांधली की गई है तथा गाइडलाइंस का उल्लंघन हुआ है।

# बसपा से भाजपा में गए नेता ने अब थाम लिया आप का दामन

- रविदास मंदिर तोड़ने से आहत थे चौ. सुरेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आने के कई महीनों बाद चौधरी सुरेंद्र कुमार ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी (आप) की सदस्यता ग्रहण कर ली।

कुमार ने कहा कि दिल्ली में कथित रूप से रविदास मंदिर तोड़े जाने की घटना से व्यथित होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता छोड़ने का निर्णय किया। कुमार ने कहा कि रविदास मंदिर तोड़े जाने से मेरी भावनाओं को ठेस पहुंची थी और आप द्वारा किए गए काम से वह बहुत प्रभावित हैं।

कुमार ने गत जुलाई में भाजपा की सदस्यता ली थी। इससे पहले कुमार बसपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष थे। वह 2008 से 2013 तक दिल्ली के गोकुलपुरी से बसपा के विधायक थे। उनका स्वागत करते हुए आप संयोजक केजरीवाल ने कहा कि अब कुमार सही पार्टी में हैं।

# फूल वालों की सैर में दरगाह पर चढ़ाई चादर

## राजधानी की गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक है फूल वालो की सैर : उपराज्यपाल बैजल

- शुक्रवार को योगमाया मंदिर में चढ़ाए जाएंगे पुष्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने महरौली में अंजुमन- सैर-ए-गुल-फ़रोशन द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव फूल वालों की सैर में ख्वाजा काकी के दरगाह पर चादर चढ़ाई।

इस मौके पर विभिन्न समुदायों के सदस्यों ने भी दरगाह तक जुलूस निकाली और चादर चढ़ाई। इस दौरान धार्मिक कव्वालियों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली में शांति, सह-अस्तित्व और सामाजिक सदभाव की एक लंबी परंपरा रही है और 'फूल वालो की सैर' राजधानी की गंगा जमुनी तहजीब की संस्कृति प्रतीक है। दिल्ली की यह सांस्कृतिक विशेषता भी है कि दिल्लीवाले सभी धर्मों का एकसमान आदर करते है और सभी धर्मों के तौहारों के मिलजुल कर बनाते है।



उन्होंने वार्षिक उत्सव 'फूल वालों की सैर' का आयोजन करने वाले अंजुमन- सैर-ए-गुल-फ़रोशन के पदाधिकारियों की सफल आयोजन के लिए सराहना की। कव्वाली कार्यक्रमों के अलावा पंखा की प्रस्तुति, शहनाई आदि के साथ जुलूस भी शामिल होता है। इस आयोजन के अगले दिन योगमाया मंदिर में पुष्प चढ़ाए जाते हैं।

# कलानौर सीट पर 28 साल से महिलाओं का है कब्जा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम/रोहतक

**हरियाणा** में रोहतक जिला की कलानौर (सुरक्षित) एक मात्र ऐसी सीट है, जहां पर हरियाणा बनने के बाद से हुए चुनावों में महिलाओं ने विजय पायी है। यहां से सर्वाधिक महिलाएं ही विधायक चुनकर विधानसभा पहुंची हैं। 1967 से लेकर 2014 तक हुए 12 चुनावों में से सात चुनावों में महिलाओं ने बाजी मारी है। पिछले 28 साल से तो इस सीट पर महिलाएं ही काबिज हो रही हैं।

हरियाणा बनने के बाद वर्ष 1967 में हुये सबसे पहले विधानसभा के चुनाव में कलानौर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनसंघ केएन सिंह विधायक चुने गये थे। वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस केएस सिंह रहे। 1968 में हुए चुनाव में जनसंघ ने उम्मीदवार बदला और सतराम दास को मैदान में उतारा। वे कांग्रेस के बदलू राम को हराकर विधायक बने। परिस्थितियां कुछ ऐसी रही कि वर्ष 1972 में सतराम दास ने जनसंघ को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस ने भी सतराम दास को ही टिकट देकर चुनाव लड़ाया और उन्होंने दोबारा से जीत दर्ज करते हुए जनसंघ के उम्मीदवार नसीब सिंह को पटखनी दी। इस दौर तक कलानौर सीट जनरल सीट थी।

## 1977 में कलानौर सीट हुई सुरक्षित

परिसीमन के चलते वर्ष 1977 में कलानौर सीट को रिजर्व (सुरक्षित) कर दिया गया। यानी यहां से अब अनुसूचित जाति से ही उम्मीदवार चुनाव लड़ सकता था। वर्ष 1977 के चुनाव में यहां से जनता पार्टी ने जयनारायण को और कांग्रेस ने करतार देवी को मैदान में उतारा। जयनारायण ने करतार देवी को हराकर जीत दर्ज की। पांच साल बाद वर्ष 1982 के चुनाव में भी दोनों दलों ने उन्हीं नेताओं को प्रत्याशी बनाया, जो पूर्व के चुनाव में थे। इस बार बाजी पलटी और कांग्रेस से करतार देवी ने जनता पार्टी के जयनारायण को पटखनी देते हुए 1977 के चुनाव का बदला लिया। 1987 के चुनाव में भी मैदान में नेता वही रहे। बीजेपी की टिकट पर जयनारायण चुनाव लड़े और कांग्रेस प्रत्याशी करतार देवी को हराकर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने भी हर बार करतार देवी पर ही अपना दांव लगाया और 1991 के चुनाव में उन्हें फिर से मैदान में उतारा। करतार देवी ने चुनाव में जनता पार्टी के हरदूल को हराकर विधानसभा में एंट्री की।



पूर्व विधायक दिवंगत करतार देवी



वर्तमान विधायक शकुंतला खटक

**1996 में करतार देवी ने फिर लिया हार का बदला :** वर्ष 1996 के चुनाव में कांग्रेस से करतार देवी ने बीजेपी के जयनारायण को पटखनी देकर अपनी पुरानी हार का हिसाब-किताब चुकता किया। वर्ष 2000 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी करतार देवी के सामने सरिता नारायण को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया। चुनाव में मात्र 2517 वोटों से करतार देवी को हार का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 2005 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी करतार देवी के सामने इनेलो के प्रत्याशी मेवा सिंह भारी पड़ रहे थे। फिर भी करतार देवी ने मेवा सिंह को 5845 वोटों से शिकस्त दी।

## करतार देवी के देहांत के बाद बदला प्रत्याशी

बीमारी के चलते 16 अगस्त 2009 को करतार देवी का 66 साल की उम्र में देहांत हो गया। इस समय वे हरियाणा कैबिनेट में मंत्री थीं। इसके बाद वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने कर्मठ महिला कार्यकर्ता एवं पीजीआईएमएस रोहतक में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत शकुंतला खटक में कलानौर का भविष्य तलाशा और उन्हें मैदान में उतारा। शकुंतला खटक ने 52142 वोट लेकर इनेलो के नागाराम को 27860 वोटों से जीत दर्ज की। 2014 के चुनाव में फिर से कांग्रेस ने शकुंलता खटक को ही उम्मीदवार बनाया। इस बार भी शकुंलता खटक ने जीत दर्ज की। उन्होंने बीजेपी के रामअवतार वाल्मीकि को हराया। अब एक बार फिर से कांग्रेस ने 2019 के चुनाव में विधायक शकुंतला खटक को ही मैदान में उतारा है। परिणाम भविष्य के गर्भ में हैं। चुनाव 21 अक्टूबर को होना है। हर कोई अपनी जीत के लिए जूझ रहा है।

# जलियांवाला बाग के बाद पंचकुला में हुआ नरसंहार : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड पटौदी में चुनावी जनसभा में कार्यकर्ताओं के साथ जजपा के संस्थापक दुष्यंत चौटाला।

### निहत्थे डेरा प्रेमियों को खट्टर सरकार ने सरकारी गोलियों से मरवाया

### डेरा के पंचकुला में मारे गए लोगों के लिए सरकार के खिलाफ उगला जहर

**बीजेपी** के पांच साल के शासन काल दौरान और हरियाणा के इतिहास में पहली बार एक ही दिन पंचकुला में बेकसूर निहत्थे लोग सरकारी गोली से मारे गए। कुल मिलाकर लगभग 80 डेरा प्रेमियों को मारा गया। जलियांवाला बाग के बाद में इनता बड़ा नरसंहार बीजेपी के शासन काल में हुआ। यह बात जननायक जनता पार्टी के संस्थापक, पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला ने पटौदी में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर द्वारा जजपा को समर्थन दिये जाने के बाद पहली बार पटौदी में जजपा के उम्मीदवार दीपचंद के समर्थन के लिए विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए दुष्यंत चौटाला द्वारा युवाओं में इस जलसे के माध्यम से जोश भर दिया गया। पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला ने बीजेपी पर हमला बोलते कहा कि क्या अभी से पहले पीएम मोदी को एक माह में दो-दो बार हरियाणा में आते देखा है? मोटा भाई-छोटा भाई कह रहे हैं कि धारा 370 हटा दी। हकीकत यह है कि हरियाणा वीर बहादुरों की भूमि है। गुजरात के इतने सैनिक सेना में नहीं, उससे कहीं अधिक तो हरियाणा के जवान अपनी शहादत दे चुके हैं। आखिर ऐसा क्या है कि पीएम मोदी को चुनाव में ही हरियाणा की याद सताती है। कारण है कि बिजली निगम में 78 एसडीओ गुजरात के लगाए गए। चार थर्मल पावर प्लांट बंदकर ठेका अदानी को दे दिया। केंद्र के आधा दर्जन मंत्री, बीजेपी के राष्ट्रीय और कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा के प्रभारी सभी सता के लिए होड़ में दौड़ रहे हैं।

करीब एक वर्ष पहले ही हरियाणा की राजनीति के पटल पर आई जननायक जनता पार्टी (जजपा) के संस्थापक दुष्यंत चौटाला ने इनेलो पार्टी से चुनाव लड़कर हार चुके और बीजेपी के लिए झोली फैलाकर वोट मांगने वाले स्वामी धर्मदेव के ही घर में गरतजे हुए कहा कि बीजेपी दावा को तो कर रही है इस बार 75 पार का, लेकिन बीजेपी स्वयं ही गुटबाजी शिकार बनी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा की लोकप्रियता और मिल रहे जनसमर्थन से परेशान सीएम खट्टर को अब सपने में भी दुष्यंत दिखाई देने लगा है। पटौदी के लिए किये गए वादों को पांच वर्ष में भी पूरा नहीं किया गया।

# मात्र 12588 रुपये के धनी नरेंद्र पहाड़ी चुनावी दंगल में आजमा रहे किस्मत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पटौदी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भरा है नामांकन

**पंचायती** उम्मीदवार का तमगा लेकर निर्दलीय प्रत्याशी नरेंद्र पहाड़ी अपने क्षेत्र में आम आदमी के रूप में खास बनते जा रहे हैं। खास इसलिए नहीं कि उन्हें कोई वीआईपी की श्रेणी मिल गई है, बल्कि इसलिए कि वे जहां भी चुनाव में जाते हैं, वहीं पर लोगों का दिल जीत रहे हैं। उन्हें चुनाव में ट्रैक्टर का निशान मिला है, जिसे वे किसानों की पहचान बताकर वोटों की अपील कर रहे हैं।

सफेद कुर्ता पायजामा, गले में भगवा साफा और कंधे पर लंबी डोरी का झोला। यह एक किसान की भी पहचान है और संघर्ष करने वाले व्यक्ति की भी। उनके दो बैंक खाते हैं। हरियाणा ग्रामीण बैंक खोड़ में, जिसमें 1588 रुपये उन्होंने नामांकन में दर्शाये हैं। वहीं दूसरा खाता ओरियएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स पटौदी में है, जिसमें मात्र 1000 रुपये नामांकन फार्म में दर्शाये। दस हजार रुपये की नकदी उनके पास थी। चुनाव में वे टिकट तो बीजेपी से मांग रहे थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला तो वे निर्दलीय ही मैदान में उतर गये। वे जहां भी चुनाव प्रचार करने जाते हैं, वहां बेशक उनके स्वागत में कुछ भी प्रबंध किये गये हों। बैठने को कुर्सी बिछाई गई हो, लेकिन वे बुजुर्गों के कदमों में बैठकर खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। उनका आशीर्वाद लेते हैं। कुशलक्षेम पूछते हैं। उन्हें अपने बारे में भी बताते हैं कि वे किस मकसद से इस चुनाव में उतरे हैं। अपने एजेंडा वे सांझा करते हैं। यह उनकी आत्मीयता ही कही जाएगी कि उनके साथ चुनाव प्रचार में बच्चे भी हैं। युवा भी हैं और बुजुर्ग भी हैं। अपने स्वभाव से नरेंद्र पहाड़ी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। अपने विधानसभा में उनका नाम हो गया है। वे जनता के बीच साफ कहते हैं कि चुनाव में किसी तरह का वायदा नहीं करेंगे। सेवा का मौका मिला तो काम करके दिखाएंगे कि यह सब उनके जहन में था। वे चुनाव प्रचार के दौरान जहां जाते हैं, वहां पर खड़े ट्रैक्टर की ओर इशारा करते कहते हैं कि यह ट्रैक्टर ही उनकी चुनाव निशान है। किसानी की पहचान है। इसको रुकने नहीं देना। थकने नहीं देना।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने बाइक सवार को पीटा

**सोहना।** बाइक सवार युवक पर चार युवकों ने जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को सोहना के नागरिक अस्पताल में गंभीर हालत में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफ कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार सुबह नौ बजे सोहना के वार्ड-6 निवासी राजकुमार पुत्र खचेड़ा अपने घर से गुरुग्राम बाइक से जा रहा था। रायसीना मोड़ पर पीछे से आई दो बाइकों पर चार युवकों ने उसे रोककर बेसबॉल से मारपीट कर दी। सिर पर हेल्मेट पहने होने से उसके सिर पर चोटें नहीं लगी, लेकिन पिटाई में उसका बायां हाथ टूट गया। राजकुमार ने बताया कि उसने एक युवक को पहचान लिया है। जो सोहना की शिव कॉलोनी में रहता है। मौके पर पहुंचे भोंडसी थाना से एसआई संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही पीड़ित द्वारा अभी तक पुलिस को बयान नहीं दिए हैं। बयान देने पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

### रायसीना में अगजर मिला, 36 घंटें में सात अजगर पकड़े



रायसीना में पकड़ा अजगर।

**सोहना।** सोहना के वार्ड-एक के गांव रायसीना में 6 फुट लंबा अजगर भैंसों के चारे में छिपा मिलने से लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची वन्य जीव जन्तु प्राणी विभाग की टीम अजगर को काबू करके ले गए। बीते 36 घंटों में करीब आधा दर्जन अजगर जिले के अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए हैं। गांव रायसीना निवासी राकेश ने बताया कि गुरुवार सुबह चार बजे वह भैंसों को चारा डाल रहा था। भैंसों के चारे के पास उसे दागदार डंडा सा नजर आया। जैसे ही वह उसके नजदीक चला तो वह अपने आपको इक्कठा करने लगा। राकेश ने बताया कि अजगर की सूचना उसने छह बजे वन्य जीव जन्तु प्राणी विभाग के कर्मचारियों को दी। मौके पर पहुंची टीम अजगर को पकड़ कर ले गई। वन्य प्राणी विभाग के इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि बीते 36 घंटे में जिला के अलग-अलग स्थानों से सात अजगर और एक पागल बंदर काबू किया है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में ट्रक बोनट पर बैठा हुआ पकड़ा, एक अजगर खाईका गांव में, एक सोहना के अन्य गांव में और डीएलएफ क्षेत्र में भी एक अजगर बुधवार को पकड़ा था। सुनील कुमार ने बताया कि क्षेत्र में मिलने वाला अजगर जहरीला नहीं है। सर्दी के मौसम में बाहर धूप लेने के लिए आता है, ताकि उसे गर्मी मिल सके।

### चुनाव से पूर्व एग्जिट एवं ओपिनियन पोल पर लगा प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2019 के चलते भारत निर्वाचन आयोग की ओर से किसी भी प्रकार के एग्जिट एवं ओपिनियन पोल या अन्य किसी प्रकार चुनावी सर्वेक्षण के प्रकाशन अथवा टेलीकास्ट पर प्रतिबंध लगाया गया है। विशेष रूप से न्यूज ब्यूरो, मीडिया हाऊसेज, रेडियो, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया जैसे टेलिविजन चैनलो इत्यादि पर किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल अथवा अन्य किसी तरीके से चुनावी सर्वेक्षण पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 21 अक्टूबर, 2019 (सोमवार) को शाम 06:30 बजे तक प्रभावी रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने सभी मीडिया हाऊसेज, प्रिंट व इलैक्ट्रानिक मीडिया तथा रेडियो एफएम के प्रतिनिधियों से यह अपील की है कि वे इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल अथवा अन्य किसी तरीके से चुनावी सर्वेक्षण का प्रकाशन न करें। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव में खड़े उम्मीदवारों से भी अपील की है कि वे चुनाव प्रचार के लिए इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का चुनावी सर्वेक्षण न करवाएं।

### अधेड़ से मारपीट कर दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल की कैद

**गुरुग्राम।** अधेड़ महिला से मारपीट कर दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज गुप्ता की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 5 साल की कैद व 12 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न होने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। बिहार मूल की एक अधेड़ महिला ने सेक्टर 51 स्थित महिला पुलिस थाना में 20 नवंबर 2017 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कन्हई गांव में रहती है और सुशांत लोक फेस एक स्थित डिस्पेंसरी में सफाई का काम करती है। वह शाम के समय डिस्पेंसरी जा रही थी तो सुशांत लोक क्षेत्र में एक युवक जबरदस्ती उसे खींचकर उस मकान के बेसमेंट में ले गया, जहां पर वह चौकीदार का काम करता है। उसने उसके साथ मारपीट कर अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। तभी से वह जिला जेल में बंद था।

### दबंगों ने बाइक सवार को पीटा

**सोहना।** बाइक सवार युवक पर चार युवकों ने जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को सोहना के नागरिक अस्पताल में गंभीर हालत में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफ कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार सुबह नौ बजे सोहना के वार्ड-6 निवासी राजकुमार पुत्र खचेड़ा अपने घर से गुरुग्राम बाइक से जा रहा था। रायसीना मोड़ पर पीछे से आई दो बाइकों पर चार युवकों ने उसे रोककर बेसबॉल से मारपीट कर दी। सिर पर हेल्मेट पहने होने से उसके सिर पर चोटें नहीं लगी, लेकिन पिटाई में उसका बायां हाथ टूट गया। राजकुमार ने बताया कि उसने एक युवक को पहचान लिया है। जो सोहना की शिव कॉलोनी में रहता है।

# डीसीपी से लागाई आत्महत्या के मामले में जांच की गुहार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पुत्र के ससुराल पक्ष से परेशान होकर पिता ने की थी आत्महत्या

**पुत्र** के ससुराल पक्ष द्वारा परेशान करने पर ससुर ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर गत माह अपनी जीवनलीला समाप्त कर डाली थी। इस घटना के बाद पुत्र ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला भी सदर पुलिस थाना में दर्ज करा दिया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

पुलिस कार्यवाही को लेकर मृतक विजेंद्र के पुत्र दीपक ने क्षेत्र के डीसीपी को मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सौंपकर गुहार लगाई है कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। दीपक का कहना है कि डीसीपी ने उसे कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। दीपक ने अपनी गुहार में कहा है कि गत 27 सितम्बर को उसके पिता विजेंद्र ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर अपना जीवन समाप्त कर डाला था। क्योंकि ससुराल पक्ष उसे व उनके परिवार को परेशान कर रहा था और विभिन्न आपराधिक धाराओं में उनके खिलाफ मामला भी दर्ज करा दिया था। हालांकि वह अपने परिवार से अलग रहता था। उसके पिता ने गुड़गांव पुलिस ने सुरक्षा भी मांगी थी, लेकिन पुलिस ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया था। पिता की मृत्यु के बाद उसने अपने ससुराल पक्ष के ससुर वेदपाल, सास दयावती, पत्नी अंजली व भगवान के खिलाफ सदर थाना पुलिस आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज करा दिया था।

## रिश्वत के मामले में आरोपी गिरदावर बरी

**गुरुग्राम।** राजस्व विभाग के गिरदावर द्वारा रिश्वत लेने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार शर्मा की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के अभाव में आरोपी गिरदावर को रिश्वत के आरोपों से बरी कर दिया है।

जिले के मुमताजपुर गांव के रमेश यादव ने गत वर्ष 12 अक्टूबर को राज्य चौकसी ब्यूरो गुड़गांव को शिकायत दी थी कि उसकी गांव परासौली में 20 कनाल व 6 मरला जमीन है। इस जमीन का मामला अदालत में चल रहा था। सर्वोच्च न्यायालय तक ने भी उसे जमीन का मालिक माना था। अदालत के आदेश को लेकर वह मानेसर स्थित तहसीलदार के पास गया था कि उसकी जमीन को उसके नाम चढ़ाया जाए। तहसीलदार ने हल्का पटवारी को रिपोर्ट करने के आदेश दिए थे। पटवारी ने फाइल पर रिपोर्ट कर क्षेत्र के गिरदावर बाबूलाल को भेज दी थी।

# पति की दीर्घायु को सुहागिनों ने रखा व्रत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में करवाचौथ पर्व के मौके पर कहानी सुनती सुहागिनें।

**पति** की दीर्घायु के लिए विवाहित महिलाओं ने वीरवार को करवाचौथ का व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश का पूजन किया। आधुनिकता के इस दौर में और बदलते परिवेश में करवाचौथ का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। अब युवतियां भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं।

बड़ी संख्या में युवतियों ने भी करवाचौथ का व्रत रखकर मनवांछित पति की कामना की। परिवार की वृद्ध महिलाओं ने विवाहित महिलाओं को करवाचौथ की कथा सुनाई और उन्हें सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद भी दिया। सायं के समय चंद्रमा को अर्ध्य देकर सुहागिनों ने अपना व्रत खोलकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

## दंडनीय अपराध है किसी भी तरह का कचरा जलाना

**गुरुग्राम।** किसी भी प्रकार का कचरा जलाना दंडनीय अपराध है तथा ऐसा करने वालों के चालान करने के साथ-साथ उनके खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाने का प्रावधान है। कचरा जलाने से कई घातक गैसें निकलती हैं, जो पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ ही सांस, आंख सहित कई अन्य प्रकार की बीमारियां फैलाती हैं।

नगर निगम आयुक्त अमित खत्री ने कहा कि पर्यावरणीय प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (इपीसीए) की हिदायतों के अनुसार नगर निगम गुरूग्राम द्वारा ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत धूल को उड़ने से रोकने के लिए सड़कों और पेड़ों पर सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के शोधित पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। पानी के छिड़काव के लिए एक ओर जहां वाटर टैंकर लगाए गए हैं, वहीं दूसरी ओर दमकल गाड़ियों को भी नियुक्त किया गया है।

# गायिका अनुराधा पौडवाल की सुमधुर पहल



### राम धुन से गांधी के देश को एकजुट करने का प्रयास

**नई दिल्ली।** संगीत वह भाषा है जो बिना किसी सीमा या भेदभाव के लोगों को एकसूत्र में बांधती है। यही नहीं संगीत की लय ईश्वर से जुड़ने का भी सबसे खूबसूरत माध्यम है। यदि संगीत की इस भाषा को दुनिया के महान आदर्शों की गाथा कहने का जरिया बनाया जाए। तो यह न केवल लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी बल्कि पूरे देश और दुनिया एकसूत्र में भी बांध सकेगी। इसी विचार के साथ ख्यात पार्श्वगायिका, फिल्मफेयर, राष्ट्रीय पुरस्कार तथा विभिन्न सम्मान प्राप्त, पद्मश्री अनुराधा पौडवाल की मधुर आवाज में रचा गया है 'रघुपति राघव राजा राम' को सबके आदर्श श्रीराम तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसी दो विभूतियों की प्रेरणा को अनुराधा पौडवाल ने अपनी मीठी आवाज में प्रस्तुत किया है।

अपेक्षा फिल्म्स एंड म्युजिक के बैनर तले इस गीत को नए अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए डीजे शेजवुड ने इसकी धुन और शब्दों को अनूठे अंदाज में ढाला है तथा अजय जसवाल ने इसके निर्माता की भूमिका निभाई है। श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या को इसकी पृष्ठभूमि बनाया गया है।

अनुराधा पौडवाल ने बताया कि श्रीराम का नाम हर मुश्किल का समाधान है। वह रामबाण ही है, जो असंभव को भी संभव कर दिखाता है। हमने इसी राम नाम को आज के समय के हिसाब से लोगों को एकसूत्र में बांधने और दुनिया को प्रेरणा देने के लिहाज से नए रूप में ढाला है। दूसरी ओर बापू यानी महात्मा गांधी ने हमारे देश को नेकी और सच्चाई की राह बताई है। ये दोनों व्यक्तित्व हर एक इंसान को जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर एक होना सिखाते हैं और जीवन को सच्चाई के साथ जीने का मंत्र देते हैं। हमारे वीडियो में आपको इन दोनों ही व्यक्तिवों और उनके प्रेरक जीवन का सार देखने को मिलेगा। इसमें वंचित वर्ग की शबरी का भगवान के प्रति प्रेम समर्पण भी शामिल है और बापू के जीवन का सबसे बड़ा संबल कस्तूरबा भी इस वीडियो के जरिए हमने आज के समाज और खासकर युवाओं को अपनी परम्परा तथा जड़ों से जुड़ने के लिए आह्वान किया है।

# शहर के विकास पर उतरूंगा खरा : सुधीर सिंगला

### भाजपा प्रत्याशी ने प्रचार में की तेजी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बीजेपी में शामिल हुई पार्षद सीमा पवन पाहुजा का स्वागत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**अपने** चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुधीर सिंगला ने जनता के बीच अपना संदेश देते हुए कहा कि वे न तो झूठे वायदे करते हैं और न ही ऐसा करने वालों को अच्छा समझते हैं। वे बातें उतनी ही करते हैं, जितनी पूरी हो जाए। बेशक यह उनका पहला चुनाव है, लेकिन अपने पिता से चुनाव की बारीकियों और काम करने के तौर तरीकों की क्लास वे पहले से लिए हुए हैं।

चुनाव प्रचार में नारी शक्ति द्वारा सम्मान किए जाने पर भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला ने कहा कि मातृशक्ति का आशीर्वाद उनके साथ है। खुद आगे बढ़कर महिलाएं उनके चुनाव प्रचार में जुटी हैं। ऐसे में सफलता की सौ फीसद गारंटी है। करवाचौथ के पावन पर्व पर महिलाओं को बधाई देते हुए सुधीर सिंगला ने कहा कि हर घर में खुशियां बरकरार रहें। गम किसी दरवाजे को छू तक न पाए। यह दिन हर महिला के जीवन में सदा खुशियां लेकर आए। प्रत्याशी सुधीर सिंगला ने भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह संकल्प पत्र प्रदेश के सही विकास का खाका है। जैकबपुरा की दुख भंजन पार्क में भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बाल किशन बुद्धिराजा, सुशील बंसल, देवेंद्र कुमार जिंदल, भूषण चुघ, श्याम सुंदर सलुजा, अजय गोयल, सुंदर दास व अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पार्क अपग्रेडेशन डीएलएफ फेज एक में भी सुधीर सिंगला के समर्थन में लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए उन्हें पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह, नरेंद्र राणा जी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुखराली गांव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर सिंगला का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षद अनूप सिंह, एडवोकेट कुलभूषण भारद्वाज, सतबीर राठी, महावीर यादव, हंसराज, राजकुमार भगत, नरेश राठी, ब्रह्म राठी, कुलदीप दलाल, सुंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सीमा पवन पाहुजा के आने से मिली मजबूती

पवन पाहुजा एवं सीमा पाहुजा पंजाबी समाज का बड़ा चेहरा हैं। सही समय पर उन्होंने सही निर्णय लेकर पंजाबी समाज को भी एक ऐसा राजनीतिक प्लेटफार्म उपलब्ध करा दिया है, जहां विकास हकीकत में होता है, न कि बातों में। काम जमीन पर होते हैं हवा में नहीं। भाजपा में शामिल होने की बात पर पार्षद सीमा पाहुजा कहती हैं कि उन्हें जनता के हितों के लिए काम करना है। पहले भी खूब किया है। पार्टी में हर नेता को उचित मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने भी यही सब देखकर भाजापा का दामन थामा है। वे किसी स्वार्थ में नहीं बल्कि जनसेवा के लिए बीजेपी में शामिल हुए हैं।

# शाबासः बुजुर्ग महिला चोर से भिड़ी, आखिर पकड़ ही लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**यदि** हौसले बुलंद हों, तो उम्र भी आड़े नहीं आती। यह साबित कर दिखाया है सेक्टर 15ए में रहने वाली 65 वर्षीय रविंद्र कौर ने। बुधवार को दिनदहाड़े चोर उनके घर में घुस आए। चोरों को देखकर रविंद्र कौर और उनके बुजुर्ग पति ने हौसला नहीं छोड़ा। शोर मचाने पर एक चोर तो दीवार कूदकर भाग गया। दूसरे चोर को रविंद्र कौर ने दबोच कर ही दम दिया। चोर के लाख प्रयास के बावजूद उन्होंने उसे भागने नहीं दिया। चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

सेक्टर 15ए में रहने वाले 71 वर्षीय एचबी सिंह ने बताया कि वे एस्कार्ट्स कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। उनके बच्चे अपने काम के सिलसिले में शहर से बाहर रहते हैं। यहां वे अपनी 65 वर्षीय पत्नी रविंद्र कौर के साथ रह रहे हैं। बुधवार सुबह वे मकान को ताला लगाने के बाद पत्नी के साथ किसी काम से बाहर गए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दोनों लौट कर आए तो हैरान रह गए। उनके घर के बाहर के दरवाजे की ग्रिल पर लगा ताला टूटा हुआ था। रविंद्र कौर ने अदर जाकर देखा कि दो चोर घर में घुसकर अलमारियों को तोड़ कर सामान समेट रहे थे। रविंद्र कौर ने चोरों को पकड़ने का प्रयास करते हुए तुरंत शोर मचा दिया। पकड़े जाने के डर से चोर तुरंत सामान से भरा बैग लेकर पिछले हिस्से से बाहर की तरफ भागने लग। एक चोर तो दीवार कूद कर भागने में कामयाब हो गया। दूसरा चोर बाहर कूदने के लिए दीवार पर चढ़ा ही था कि रविंद्र कौर ने हिम्मत का परिचय देते हुए उसका पैर पकड़ लिया और नीचे की तरफ खींचने लगी।

चोर ने अपना पैर छुड़ाने के लिए रविंद्र कौर पर किसी चीज से कई वार किए, लेकिन चोट लगने के बावजूद रविंद्र कौर ने किसी भी कीमत पर उसका पैर नहीं छोड़ा। रविंद्र कौर और उनके पति एचबी सिंह का शोर सुनकर आस-पास के लोग वहां पहुंच गए, जिनकी मदद से उन्होंने चोर को दबोच लिया। चोरी के माल से भरा बैग आरोपी के पास ही मौजूद था।

सूचना मिलने पर सेक्टर 15ए पुलिस चौकी की पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों को पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## एक्सप्रेस से युवक की मौत, ट्रेन पर पथराव

**फरीदाबाद।** गतिमान एक्सप्रेस की चपेट में आने से लकड़पुर रेलवे फाटक के निकट बुधवार की शाम को एक व्यक्ति की मौत हो गई, तो लोगों ने रेलवे लाइन पर स्लीपर रख कर वहां अंडरपास बनाने की मांग की। आरपीएफ तुगलकाबाद ने विरोध करने वाले 800-900 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सूत्रों के मुताबिक इनकम टैक्स कालोनी, प्रीतमपुरा, दिल्ली निवासी योगेश की करीब सात बजे रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। आक्रोषित लोगों ने रेल सेवा बाधित कर और झेलम एक्सप्रेस पर पथराव भी किया। आरपीएफ और जीआरपी के कर्मचारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह रेलवे लाइन से नहीं हटे। रात करीब आठ बजे से ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह बंद हो गया था और राजधानी समेत 15 से अधिक ट्रेन प्रभावित हुईं। फरीदाबाद ओल्ड स्टेशन पर खड़ी छत्तीसगढ़ और नवयुग एक्सप्रेस के सैकड़ों यात्री ट्रेन से उतर कर मेट्रो के जरिए दिल्ली रवाना हुए। बाद में कई थानों की पुलिस ने लोगों को समझाया। रात 9.30 बजे लोग शांत हुए और 9.40 बजे पर आरपीएफ थाना प्रभारी राजकपूर लांबा ने जवानों की मदद से शव उठवाया, तब ट्रेनों का संचालन हो सका।

# बड़खल क्षेत्र से हमारी पीढ़ियों का नाता है: विजय प्रताप सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कांग्रेस** प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने वीरवार को गांव अनंगपुर में चलाए गए डोर टू डोर कार्यक्रम के अंतर्गत कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद उन्हें दिया है, उसे वे पूरे जीवन भर नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा और बड़खल की जनता का नाता पीढ़ियों का है। उनके पिता महेन्द्र प्रताप सिंह ने 25 वर्ष आपकी सेवा की। उससे पहले उनक दादा चौ. नेतराम ने इस क्षेत्र की सेवा की। मगर, पिछले पांच वर्षों में भाजपा ने क्षेत्र को बर्बाद कर दिया और लोगों को पानी और सीवर में उलझाकर रख दिया है। इससे आगे की सोचने की लोगों को फुरसत ही नहीं है, क्योंकि उनको पानी और बिजली ही समय पर नहीं मिल रही है। बड़खल झील भरने की बात विधायक करती हैं, मगर क्षेत्र की आधी जनता प्यासी मर रही है।

विजय प्रताप ने राहुल कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं एसी नगर में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया, जहां पर लोगों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि जो मान-सम्मान उन्हें आपने दिया है, उसे सूद समेत लौटाएंगे। विजय प्रताप ने भाजपा प्रत्याशी को ललकारते हुए कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों की जगह, वो अपने द्वारा किए गए काम लोगों को गिनवाएं। कांग्रेस राज में 2009 से लेकर 2014 तक कराए गए कामों की तुलना में भाजपा पांच प्रतिशत विकास कार्य भी नहीं करवा पाई है। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि एक बार आशीर्वाद दें, तो वे वादा करते हैं कि सड़क, सीवर, बिजली, पानी जैसे मुद्दों के लिए आपको बोलने का मौका नहीं देंगे। नए विजन-नई सोच के साथ कार्य करेंगे। एसजीएम नगर को हेल्थ सेंटर, सामुदायिक केंद्र, कॉलेज, एवं खेल का मैदान बनवाकर देंगे। लोकल लेवल पर एसोसिएशनों को मजबूत करने का काम करेंगे, ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान स्वयं करा सकें। समाज के उत्थान के लिए स्थानीय संगठनों को मजबूती दी जानी जरूरी है, शक्तियों का विकेंद्रीकरण होने से संगठन ही अपना विकास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों का काम हाथ के हाथ होना चाहिए, जब काम के लिए आप लोगों को भटकना पड़े, तो उस काम का कोई अर्थ नहीं रह जाता। भाजपा ने उद्योगपतियों को बर्बाद कर दिया, काम-धंधे खत्म होने की कगार पर हैं।

# तिगांव क्षेत्र की बदहाली के लिए भाजपा को वोट की चोट दें : ललित नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने कई इलाकों में पदयात्रा निकाल घर-घर जाकर लोगों का आशीर्वाद लिया और सभाओं में भाजपा प्रत्याशी पर जोरदार हल्ला बोला। उनका जगह-जगह फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने उन्हें पगड़ी-सरोपा भेंट कर अपने खुले समर्थन का भी ऐलान किया। ललित नागर ने लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि न्याय और अन्याय की इस लड़ाई में आप एक जज की भूमिका निभाते हुए अन्याय रूपी भाजपा को सबक सिखाने का काम करें, क्योंकि भाजपाईयों ने पूरे पांच साल तक इस तिगांव क्षेत्र के साथ पूर्ण रूप से भेदभावपूर्ण व्यवहार बरता है।

नागर अपने चुनावी अभियान के तहत सूर्या विहार, अनंगपुर डेयरी, धीरज नगर, सराय मार्केट, गणपति, अगवानपुर आदि में पदयात्रा एवं सभाओं में लोगों से रूबरू हो रहे थे। कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने लोगों से पांच साल तक क्षेत्र के हक-हकूक की आवाज उठाने पर मेहताने के रूप में वोटों की अपील करते हुए कहा कि अगर आपके दिल को मेरा संघर्ष छूए, तो निश्चित तौर पर इस संघर्ष में वोट रुपी आशीर्वाद देकर उनकी हौसला अफजाई करें, क्योंकि इस क्षेत्र से जो भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, वह मात्र सत्ता की कुर्सी के लिए चुनावी समर में है, क्योंकि पूरे पांच साल से भाजपा प्रत्याशी कोई एक ऐसा कार्य क्षेत्र के विकास में नहीं करा पाए, जिसे उनकी उपलब्धि कहा जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपाई केवल लोगों के समक्ष लोक लुभावने वायदे करके लोगों को गुमराह करते रहे और पूरे पांच साल इनके जुमलेबाजी में ही बीत गए।

अब चुनाव नजदीक आते ही फिर से लोगों के समक्ष चुनावी घोषणा पत्र में वायदों की झड़ी लगाई गई है, जो कभी पूरे नहीं होंगे।

# सूरजकुंड क्षेत्र में अवैध फार्म हाउस तोड़े गए



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड की पहाड़ियों पर अवैध रूप से बने फार्म हाउसों पर बृहस्पतिवार को नगर निगम और इंफोर्समेंट विभाग द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक पैमाने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान निगम के तोड़फोड़ दस्ते के साथ गई जेसीबी क्रैनों ने एक के बाद एक अवैध फार्म हाउसों की चारदीवारियों को गिराना शुरू कर दिया। तोड़ फोड़ के दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद था।

सूत्रों के मुताबिक कायदे कानूनों को ताक पर रखकर पिछले काफी समय से सूरजकुंड की पहाड़ियों पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा था। लाख शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने इस मामले में पूरी तरह चुप्पी साध रखी थी, लेकिन बृहस्पतिवार को नगर निगम और एन्फोर्समेंट विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान अनखीर चौक से अनंगपुर के बीच बने अवैध फार्म हाउसों की चारदीवारियों को तोड़-फोड़ दस्ते ने गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान निगम के दस्ते ने करीब एक दर्जन से ज्यादा अवैध निर्माणों को धराशाई कर दिया। कुछ लोगों ने तोड़फोड़ का विरोध भी करने का प्रयास किया, लेकिन थाना सूरजकुंड के प्रभारी के नेतृत्व में मौजूद पुलिस बल के कारण उनकी एक नहीं चली। तोड़फोड़ की कार्रवाई दोपहर बाद तक चलती रही, जो आगामी दिनों में भी जारी रह सकती है।

# बीके अस्पताल में अज्ञात रोगी भगवान भरोसे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बीके** सिविल अस्पताल में अज्ञात वार्ड बंद होने के बाद ऐसे मरीजों की देखभाल का जिम्मा समाजसेवियों के सिर डाला जा रहा है। अब समाजसेवी पहुंचकर उनके खाने से लेकर कपड़े और नहलाने तक की व्यवस्था खुद करते है। समाजसेवी न हों, तो ये मरीज यहां भूखे-प्यासे पड़े रहे। यहां दाखिल पांच मरीजों के साथ यही परेशान पेश आ रही है।

बीके सिविल अस्पताल में गत 14 अक्टूबर को तीन और 15 अक्टुबर को दो अज्ञात मरीजों को दाखिल करवाया गया था। एक मरीज को जवाहर कालोनी के सन्नी सपरा ने बाटा-रेलवे स्टेशन से लागर भर्ती करवाया, जिसके शरीर में और सिर में चोटे हैं। उसे जवाहर कालोनी के सन्नी सपरा नामक व्यक्ति ने दाखिल करवाया था। दूसरा मरीज समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने दाखिल करवाया, जिसके पैर में कीड़े पड़े हुए है। उन्होंने ही तीसरा मरीज इंदर भाटिया सांस लेने में दिक्कत होने पर दाखिल करवाया है। चौथे मरीज को सेक्टर-11 चौकी से सत सुनीत कुमार के द्वारा दाखिल करवाया गया। पांचवें मरीज को रेलवे स्टेशन से लोकर एसआई मीना ने दाखिल करवाया। समाजसेवी सतीश चौपड़ा ने कहा कि यहां मरीजों को दाखिल कर उनकी देखभाल भी कर रहे हैं। उनके खाने की व्यवस्था करते हैं। स्टाफ और कर्मचारी उनके साथ हेल्प कर देते हैं। उनकी दवा और देखभाल का काम समाजसेवी को ही करना पड़ता है।

**समाजसेवी का कथन:** समाजसेवी अनीशपाल का कहना है कि अस्पताल में जब अज्ञात वार्ड मौजूद था, तो वहां कर्मचारी ऐसे अज्ञात मरीजों की देखभाल करते थे और उनके इलाज के लिए चिकित्सकों व स्टॉफ को समय-समय पर बता दिया करते थे, लेकिन अब यहां आने वाले अज्ञात मरीजों का ऐसा हाल देखकर वह चिंतित हैं। ऐसे मरीजों के कारण अन्य मरीजों को इंफैक्शन का खतरा है। अनीशपाल ने बताया कि यदि सरकार बदली, तो वह इस वार्ड को पुन: शुरू करवाने का प्रयास करेंगे।

**PUBLIC NOTICE**
The General Public is hereby informed that my clients **Sh. Ravi Sahni** S/o Late Satpal Sahni and **Mrs Neeta Sahni** W/o Ravi Sahni R/o H.No. E-3/140, Sultanpuri New Delhi-110086, My clients have disowned their son **Rahul Sahni** and Daughter in law **Heena W/o Rahul Sahni** from all their movable/ immovable properties and severed all their relations both legal & social with them due to disrespectful behavior. Any person dealing with them, they shall be doing so at his/her own risk, and my clients shall not be responsible for the same.
**ADVOCATE : KULDEEP KUMAR**
B-22, B.G.S. Block, Tis Hazari Courts, Delhi-54

## पहली बार फरीदाबाद ने शतरंज में रचा इतिहास

**फरीदाबाद।** चार्मवुड स्थित मानव रचना स्कूल में ऑल फरीदाबाद शतरंज संघ के तत्वधान में पहली बार स्मार्ट गर्ल्स फ्रिडे रेटिड शतरंज प्रतियोगिता-2019 का आयोजन किया गया। 16 से 20 अक्टूबर तक होने वाली इस प्रतियोगिता में लगभग 100 भाग ले रहे हैं। एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेट्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा के महासचिव नरेश शर्मा ने किया। इस मौके पर मानव रचना स्कूल की डायरेक्टर संयोगीता शर्मा, फरीदाबाद शतरंज संघ की महासचिव अलका छिक्कारा, प्रधान नीतू अग्रवाल और शतरंज संघ के सदस्य धर्मेन्द्र सिंह सेंगर, सुनील शर्मा, अमृतपाल, अतुल मित्तल और प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक रूपेश कुमार आदि उपस्थित थे। मानव रचना की डायरेक्टर संयोगिता शर्मा ने पहली चाल चलकर खेल की शुरुआत की। रोटरी सेंट्रल ने बच्चों को खाने के बॉक्स दिए।

# छठ मैया का भजन गाकर वोट मांगे मनोज तिवारी ने

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भोजपुरी** लोकगायक, भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के प्रचार के लिए बृहस्पतिवार को शिव एन्क्लेव और बसंतपुर रोड पर पहुंचे। उन्हें देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ उनकी जनसभा में पहुंची। उन्होंने राजेश नागर के लिए वोट मांगे और उन्हें यहां से भारी मतों से जीता कर विधानसभा में भेजने की अपील की।

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के शिव एंक्लेव, संडे बाजार, बसंतपुर रोड पर आयोजित सभा में मनोज तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में बहुत विकास किया है। तिगांव में भी काफी विकास हुआ है, लेकिन ये विकास कुछ भी नहीं है। जिस तरह आप लोगों ने नगर निगम में भाजपा के पार्षद जिताए हैं और लोकसभा में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से एक लाख से भी अधिक मतों से कृष्णपाल गुर्जर को जिता कर भेजा है। उसी तरह से राजेश नागर को भी जिता कर भेजना है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का इंजन, लोकसभा का इंजन और तिगांव का भी इंजन जब इस में जुड़ जाएगा, तो यहां का विकास तीन गुना अधिक हो जाएगा। उन्होंने यहां पर भोजपुरी भाषा में भी लोगों से वोट की अपील की और छठ मैया का गीत भी सुनाया। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के दिल्ली से लगते वार्ड नंबर 22, 23, 24 व 25 में भोजपुरी समाज के मतदाता भारी संख्या में रहते हैं, जो तिगांव विधानसभा के कुल वोटों में बराबर भी भागीदारी रखते हैं। मनोज तिवारी के यहां पहुंचे से इन वोटों पर काफी असर पड़ेगा।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए किए पुख्ता इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए पुलिस आयुक्त केके राव की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए फरीदाबाद पुलिस को नौ कंपनियां मिली हैं, जिनमें करीब छह हजार जवान शामिल हैं। पुलिस की टीमें असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कर उन्हें जेल भेजने काम कर रही है।

**तीसरी आंख की नजर**

पुलिस आयुक्त केके राव ने बताया किचुनाव के दौरान फरीदाबाद जिला के सभी बॉर्डर एरिया पर कड़ी नजर रहेगी। सभी बॉर्डर प्वॉइंट पर नाके लगाकर एंट्री और एग्जिट वाले स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस दौरान पूरी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशा, जुआ, अवैध हथियार इत्यादि अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। पुलिस आयुक्त राव ने बताया कि फरीदाबाद जिले की छह विधानसभा सीटों के कुल 1400 बुथ में से 199 वैलनरेबल बूथ व एक क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए हैं।

**नोडल अधिकारी नियुक्त:** चुनाव नजर रखने के लिए सीपी राव ने एसीपी अभिमन्यु को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। एसीपी अभिमन्यु ने बताया कि अभी तक आईआरबी भौंडसी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, मेघालय पुलिस और पंजाब होमगार्ड, उत्तराखंड पुलिस सहित नौ कंपनी और दिल्ली होमगार्ड के एक हजार जवान फरीदाबाद पंहुच चुके हैं। पुलिस आयुक्त ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए सुपरवाइजरी अधिकारी नियुक्त किए हैं। पृथला विधानसभा के लिए एसीपी तिगांव भगतराम, एनआईटी के लिए एसीपी मुजेसर राधे श्याम, बड़खल विधानसभा के लिए एसीपी एनआईटी गजेंद्र, बल्लभगढ़ के लिए एसीपी जयवीर सिंह राठी, फरीदाबाद के लिए एसीपी सेंट्रल मोहिंदर सिंह, तिगांव के लिए एसीपी सराय मोजीराम नियुक्त हुए हैं।

**अपराधियों की धरपकड़ जारी:** पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 20 अवैध हथियार और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने अब तक करीब 19 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है। नशीला पदार्थ गांजा, चरस, पॉपी हस्क, सहित 82 किलो 416 ग्राम बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 13 लाख रुपए के करीब है।

**PUBLIC NOTICE**
We, 1. Praveen Kr. Jain S/o Late Sh. M.P. Jain, Smt. Sneh Jain W/o Sh. Praveen Kr. Jain R/o E-4/67, Sec-7, Rohini, Delhi-110085 and 2. Arun Kr. Jain S/o Sh. Sagar Chand Jain, Manisha Jain W/o Sh. Arun Kr. Jain, Sagar Chand Jain S/o Late Sh. Bhullan Singh Jain, Smt. Sushila Jain W/o Sh. Sagar Chand Jain and Manish Jain S/o Sh. Sagar Chand Jain are the owner of the Built Up Property area 90Sq.Mtr. in Block and Pocket A-2/2, Sec-5, Rohini, Delhi-110085 having three floors. We have lost previous original three chains / papers notary files of all the three floors of the above said property. If any person found the same pls. contact 9250539198 or send the papers by post on the address mentioned herein above.

**PUBLIC NOTICE**
I, Vineeta Kumar w/o Sh. Anil Kumar R/o B-1 1001, Uniwolrd City, Sector-30, Gurgaon-122001 Haryana do hereby solemnly affirm that I have got Flat No. 03 from Late Mrs. Kuashalya Singh W/o late Mr. R.P. Singh in the Cooperative Group Housing Society popularly known as Upkar Apartments, through the instrument of a Registered Will. That I confirm that, I shall abide by the Bylaws of the Society applicable to the members. That I also undertake to share liability if any of the original member in respect of the dues towards the society past or present. That I hereby indemnify the society from any claim on account of original share certificate or any other documents of the original member.
Vineeta Kumar

**Public Notice**
This is to inform to the public at large that my client, **Md Shoaib** S/o Md Mohsin, R/o S-9, Nafees Road, Pahalwan Chowk, Jogabai Ext, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-25 along with his wife and all their relatives have refrained all of their relationships with their own son Aamir Khan and disowned (AAQ) him and his wife Subi Naaz and debarred them from all of their movable and immovable properties. He or any of his family member is not liable for any of their mis-deeds.
(On behalf of Md. Shoaib)
**Nehal Siddiqui (Adv)**
Delhi High Court
*Office:* I-97, Batla House, Jamia Nagar Okhla, New Delhi -110025

**शुद्धि पत्र**
ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर, एस डी टावर्स, सेक्टर- 8 रोहिणी, नई दिल्ली- 110085
एतद्द्वारा साईगांव इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (लैन नंबर LQNOD00035280620 की प्रतिभूत आस्ति की बिक्री के लिए पेज नंबर 05 दि पायनियर (हिन्दी) दिल्ली/ एनसीआर संस्करण में 11 अक्टूबर, 2019 को प्रकाशित निविदा- सह- नीलामी में विवरण के जोड़ने हेतु सूचना दी जाती है। दिनांक 04 नवम्बर, 2019 को प्रतिभूत आस्ति हेतु नियम ई- नीलामी के संबंध में।
1. निविदा जमा करने हेतु अंतिम तिथि/ समय- 03 नवम्बर, 2019, अप. 05.00 बजे से पूर्व।
**दिनांकित: 16-10-2019**
**स्थान: दिल्ली / एनसीआर** हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत क्रेडिटर की ओर से

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को यह सूचना दी जाती है कि श्रीमती कमलजीत कौर तथा श्री अमरजीत सिंह ने सम्पत्ति नामतः सम्पत्ति सं. डी-4/12 माडल टाउन फेज-।।।, दिल्ली, श्रीमती मीनल कुमार द्वारा निष्पादित परित्याग विलेख (रिलिंक्विश डीड) दिनांक 20-02-2015, जो दस्तावेज नंबर 1576 के रूप में पंजीकृत है, के माध्यम से अर्जित की, तथा श्रीमती राज रानी भंडारी द्वारा 200 वर्ग गज के लिए श्री मंगल सैन टंडन के पक्ष में विक्रय विलेख (सेल डीड) दिनांकित 30-12-1974, श्रीमती राजरानी द्वारा 82 वर्ग गज के लिए श्री हीरा सिंह के पक्ष में विक्रय विलेख (सेल डीड) दिनांकित 30-12-1974, श्री हीरा सिंह द्वारा श्री मंगल सैन टंडन के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत सामान्य-अधिकार-पत्र (जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी) एटीएस तथा वसीयत सहित, श्री हीरा सिंह द्वारा 82 वर्ग गज के लिए उनके अटॉर्नी श्री मंगल सैन टंडन के माध्यम से श्री ईशर दास कुमार के पक्ष में विक्रय विलेख (सेल डीड) दिनांकित 09-10-1975, श्री मंगल सैन टंडन द्वारा 200 वर्ग गज परिमाप के संबंध में श्री ईशर दास कुमार के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख (सेल डीड) दिनांकित 19-11-1975 की मूल प्रतियां खो गई हैं।
और
कोई व्यक्ति/फर्म/संस्था/कम्पनी, जो उत्तराधिकार, हिस्सा, बिक्री, अनुबंध, पट्टा, लाइसेन्स, उपहार, कब्जा, कानूनी वारिस, पार्टनर्स अथवा किसी भी प्रकार के ऋणभार अथवा किसी अन्य आधार पर उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी दावा या अधिकार की धारक है, उससे एतद्द्वारा अपने हिस्सा या दावा, यदि कोई, की सूचना लिखित रूप में, सभी समर्थन दस्तावेजों के साथ, अधोहस्ताक्षरी को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर, नीचे वर्णित पते पर देने की मांग की जाती है। सूचना अवधि की समाप्ति के बाद, ऐसे व्यक्ति के दावे, यदि कोई, अवैध एवं शून्य मान्य होंगे तथा परित्यक्त भी माने जाएंगे और हमारे मुवक्किल पर बाध्यकारी नहीं होंगे।
"एच. नंबर 26/161, एलजीएफ, विक्रम विहार, लाजपत नगर 4, नई दिल्ली-110024"
अजय कुमार गिरि
अधिवक्ता
फोन : 40513964, 42444932

ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
**पंजी. कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा - 390 007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई-400 051
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीडियोकॉन टॉवर, झंडेवालान, नई दिल्ली - 110055
**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | भूपेंद्र सिंह (कर्जदार), रेणु सिंह (सह-कर्जदार) LBNOD00002141352 | अपार्टमेंट नंबर -1609, सौलहवीं मंजिल, ब्लॉक मेपल, पैरामाउंट सिम्फनी ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर 06, क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेरा, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र -1465 वर्ग फीट | रू. 55,77,655/- ( अक्टूबर 10, 2019 तक) | रू. 40,00,000/- / रू. 4,00,000/- | नवम्बर 12, 2019 को दोपहर 03:00 बजे से 04:00 बजे तक | नवम्बर 26, 2019 सुबह 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **नवम्बर 25, 2019 को अथवा पूर्व शाम 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'च' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई -1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, दिल्ली - 110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली- 110034** स्थित कार्यालय में **नवम्बर 25, 2019 को** अथवा **पूर्व शाम 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8657549734/ 9650193259** पर अथवा **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** के **9910453434** पर सम्पर्क करें।
केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें :**www.icicibank.com/n4p4s**
**तिथि : अक्टूबर 18, 2019**
**स्थान : दिल्ली एनसीआर**
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# मोदी ने सरकार की राष्ट्रवादी नीतियों पर दिया जोर

● मोदी ने एक जनसभा में कहा कि शिवाजी महाराज की तरह उनकी सरकार भी सुरक्षा बलों को मजबूत कर रही है

**एजेंसी।** सतारा



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एक अभियान के दौरान सतारा जिले में गुरुवार को एक रैली को संबोधित किरते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज के राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा के सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्ध है एवं देश के खिलाफ बुरी नजर रखने वालों के खिलाफ मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखती है।

महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट पर 21 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी उदयनराजे भोंसले का प्रचार करने आए मोदी ने एक जनसभा में कहा कि शिवाजी महाराज की तरह उनकी सरकार भी सुरक्षा बलों को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, पिछले पांच साल से केंद्र और राज्य सरकार शिवाजी महाराज के मूल्यों पर दृढ़ रही है। राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है और जो लोग देश पर बुरी नजर रखेंगे उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा, हमने राष्ट्रीय एकता के लिए फैसला लिया जिन्हें लेने का साहस पिछली सरकारों में नहीं था।

कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर हमला करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों दलों ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं एकता के फैसलों का विरोध किया जिससे सतारा के लोगों को गहरी पीड़ा हुई जो भारतीय सेना में सबसे अधिक सैनिक भेजते हैं। मोदी ने कहा, राष्ट्र रक्षकों की भूमि में राष्ट्रीय हितों के खिलाफ बोलने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। आपका उत्साह एवं ऊर्जा की वजह से विपक्षी अपना आपा खो रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस और राकांपा पर सैनिकों की वीरता पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वे राफेल के खिलाफ भी झूठा प्रचार करते हैं और अनुच्छेद-370 पर उनके रुख से सतारा के लोगों को पीड़ा हुई। विपक्ष ने वीर सावरकर की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राकांपा राष्ट्रीय भावनाओं को नहीं समझते। उन्होंने कहा, उन्हें लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया गया और अब महाराष्ट्र एवं हरियाणा के चुनाव में भी जनता उन्हें कड़ी सजा देगी। मोदी ने सतारा को अपनी गुरु भूमि करार देते अपने गुरु लक्ष्मण इनामदार का उल्लेख किया जो जिले के ही खाटू गांव के रहने वाले थे। उन्होंने शिवाजी महाराज के वंशज शिवेंद्रराजे भोंसले और उदयनराजे भोंसले के राकांपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने का जिक्र करते हुए कहा, पहले हमारे पास छत्रपति शिवाजी के केवल संस्कार थे। अब हमारे पास उनका पूरा परिवार है।

शिवेंद्रराजे सतारा से विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उदयनराजे सतारा लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार शिवाजी महाराज के सपने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें उनके विचारों से इसके लिए ऊर्जा मिलती है। मोदी ने दावा किया कि नतीजों के डर से कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने सतारा से उपचुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, इसके बाद राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को प्रत्याशी बनाने की बात हुई लेकिन शरद पवार तो शरद पवार हैं, वह जानते हैं कि हवा का रुख किस ओर है और इसलिए चुनाव लड़ने से मना कर दिया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस-राकांपा में दंगल हो रहा है। उनके नेता एक दूसरे की हैसियत दिखा रहे हैं जबकि भाजपा-शिवसेना महाराष्ट्र को महान बनाने के मिशन में लगे हैं। अगर गठबंधन में ही दरार हो तो कैसे एकीकृत महाराष्ट्र के लिए काम करेंगे? उन्होंने कहा कि उनकी (विपक्ष) की संस्कृति बांटो और मलाई खाओ की है, यह संस्कृति शिवाजी महाराज की नहीं थी।

## अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने की आलोचना करने वालों के बयान इतिहास में दर्ज होंगे : मोदी

**एजेंसी।** बीड

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने का विरोध करने वालों के बयान इतिहास में दर्ज होंगे। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के पास वैसे लोगों को दंडित करने का मौका है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा नीत गठबंधन 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा। मोदी ने महाराष्ट्र के बीड जिले के परली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगले हफ्ते होने वाले विधानसभा के चुनाव भाजपा की कार्यशक्ति और विपक्ष की स्वार्थ शक्ति के बीच की लड़ाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे आप और आपकी देशभक्ति पर भरोसा है कि आप देश के हितों के खिलाफ बोलने वालों को बेहतरीन सबक सिखाएंगे। इतिहास हर उस व्यक्ति को याद रखेगा जिसने भी अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने की आलोचना की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रविरोधी तत्वों को आक्सीजन मुहैया कराया। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगर कश्मीर में हिंदू आबादी होती तो यह फैसला नहीं लिया गया होता। मोदी ने कहा, जब राष्ट्रीय अखंडता की बात आती है - आप हिंदू और मुस्लिम के बारे में सोचते हैं। क्या यह आपके लिए उपयुक्त है? विपक्षी पार्टी पर अपना हमला जारी जारी रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करना किसी की हत्या करने जैसा है। भारत-पाकिस्तान मुद्दा आंतरिक मामला नहीं है। अनुच्छेद 370 को हटाए जाने से देश में तबाही होगी। सूची इतनी लंबी है कि मुझे इसे बताने के लिए 21 अक्टूबर तक यहां रहना पड़ेगा।

मोदी ने कहा कि देश कांग्रेस को दंडित करने का अवसर देख रहा है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के दरवाजे पर अवसर दस्तक दे रहा है। मुझे आपकी देशभक्ति पर भरोसा है कि आप उन लोगों को सबक सिखाएंगे जो राष्ट्रहित के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का पैसा लूटने वालों को जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### अयोध्या स्थल राम मंदिर था, इसे साबित करने के लिए सबूत की जरूरत नहीं: कर्नाटक मंत्री

**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पर्यटन मंत्री सी टी रवि ने बृहस्पतिवार को कहा कि अयोध्या में विवादित स्थल को राम जन्मभूमि साबित करने के लिए किसी सबूत की जरूरत नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि उच्चतम न्यायालय से न्याय मिलेगा। रवि ने एक सवाल के जवाब में बताया, पूरा देश फैसले की प्रतीक्षा कर रहा है। मैं भी इसकी प्रतीक्षा कर रहा हूं। हमारा विश्वास है कि (विवादित स्थल) राम जन्मभूमि है और इसके लिए किसी भी तरह के सबूत की जरूरत नहीं है। रवि ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हजारों वर्ष से हम इसी विश्वास के साथ जी रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि न्याय जरूर मिलेगा।

## कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने का समर्थन किया : मनमोहन

**एजेंसी।** मुंबई



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह मुंबई में गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए

**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस को किसी से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अनुच्छेद 370 हटाने के पक्ष में वोट दिया लेकिन जिस उद्धत तरीके से इसे किया गया उसका विरोध किया।

अर्थशास्त्री - नेता सिंह ने कहा कि कांग्रेस को किसी से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसकी भूमिका के बारे में सब जानते हैं। भाजपा या आरएसएस ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा नहीं लिया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध लेने में नहीं किया जाना चाहिए। सिंह के बयान ऐसे समय में आए हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर कांग्रेस पर प्रहार कर रहे हैं। वहीं शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल सहित राकांपा के नेताओं के खिलाफ विभिन्न मामलों में ईडी की जांच चल रही है।

सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस उद्धत तरीके से संविधान के अनुच्छेद 370 को संसद में पेश किया गया, कांग्रेस ने उसका विरोध किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह का कदम उठाने से पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों का दिल जीतना जरूरी था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने संसद में इस पहल (अनुच्छेद 370 को खत्म करना) के पक्ष में मतदान किया न कि इसके विरोध में। कांग्रेस का मानना है कि अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान है लेकिन अगर बदलाव लाया जाना है तो इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं के मुताबिक।

सिंह ने कहा कि ईडी को राजग के शासन काल में पहले की तुलना में ज्यादा शक्तियां मिलीं और राजनीतिक बदले की भावना से इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार प्रफुल्ल पटेल के साथ न्याय करेगी और कहा, हमें उम्मीद है कि इन ताकतों का इस्तेमाल राजनीतिक बदले की भावना से नहीं किया जाएगा। वी. डी. सावरकर को भारत रत्न देने के भाजपा के चुनावी वादे के बारे में पूछने पर सिंह ने कहा कि कांग्रेस सावरकर के केवल हिंदुत्ववादी विचारधारा का विरोध करती है। महात्मा गांधी की हत्या के मामले में सावरकर आरोपी थे लेकिन वह बरी हो गए थे।

हिंदू महासभा के नेता को सावरकर जी के संबोधन के साथ सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर की याद में डाक टिकट जारी किया था। सिंह ने कहा, लेकिन हम हिंदुत्व की विचारधारा के समर्थन में नहीं हैं जिसे सावरकर जी ने संरक्षण दिया और प्रोत्साहित किया। सिंह ने राजग सरकार के नागरिकता संशोधन विधेयक पर भी प्रहार किया और इसे विभाजनकारी कदम बताया और इसे मुस्लिमों के खिलाफ भेदभाव बताया। उन्होंने दावा किया कि संसद के इतिहास में पहली बार इस तरह का विभाजनकारी विधेयक पेश किया गया। असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी के बारे में सिंह ने कहा कि भाजपा को उम्मीद थी कि इसमें मुस्लिम बाहर आएंगे लेकिन जो 19 लाख लोग अपनी नागरिकता साबित नहीं कर पाए उनमें से 12 लाख बंगाली हिंदू हैं। सिंह ने कहा कि एनआरसी जैसे मामलों में निष्पक्ष तरीके से देखने की जरूरत है और जब लोग चाहते हैं कि विदेशी नागरिकों की पहचान की जाए और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें कोई फायदा नहीं मिले, तो हमें इस मुद्दे को पूरी सहानुभूति के साथ मानवीय समस्या के तौर पर देखना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### नगालैंड में मूल निवासियों की पहचान के लिए गठित समित ने चर्चा पूरी की

**कोहिमा।** नगालैंड सरकार द्वारा राज्य के मूल निवासियों की पंजी (आरआईआईएन) बनाने के लिए गठित की गई समिति ने सभी पक्षों के साथ चर्चा पूरी कर ली है। बनुओ जेड जमीर की अध्यक्षता वाली इस समिति को पंजी तैयार करने के लिए कार्यविधि की रूपरेखा बनानी है। जमीर ने कहा कि तीन सदस्ईय आयोग ने नगा आदिवासी निकायों, नागरिक समाजों और गैर-नगा समुदायों के साथ पहले ही बातचीत कर ली थी और बुधवार को राजनीतिक दलों के साथ आखिरी बैठक हुई। राज्य सरकार ने 29 जून को आरआईआईएन बनाने का आदेश जारी किया था, जबकि आयोग की स्थापना 27 जुलाई को की गई थी। समिति को इसकी रूपरेखा तैयार करनी है और तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौपनी है। आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त मुख्य सचिव जमीर द्वारा की जा रही है और इसमें टी किहेटो सेमा और एस चिंगवांग कोन्याक शामिल है।

### कांग्रेस पार्टी अपने गठन का उद्देश्य पूरा करने के बाद अप्रसांगिक हो गई : गोयल

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता पीयूष गोयल ने स्वतंत्रता मिलने के बाद कांग्रेस को भंग करने के महात्मा गांधी के बयान की ओर इशारा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अपने गठन का उद्देश्य पूरा करने के बाद अप्रसांगिक हो गई। गोयल ने यहां महाराष्ट्र भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार राष्ट्रपिता के हर सपने को पूरा कर चुकी है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के बुधवार के एक बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बापू ने 1947 मे सही कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए। मुझे लगता है कि आज हम कांग्रेस से जो कुछ सुनते है वह इस बात की फिर से पुष्टि करता है कि महात्मा गांधी 1947 में सही थे। तिवारी ने हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर को भारत रत्न देने की भाजपा की मांग पर कटाक्ष करते हुए कहा नागपुर मे कहा था कि भगवा पार्टी महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे को यह सम्मान देने की मांग क्यों नही करती।

### सीमा शुल्क अधिकारियों ने केरल में छापेमारी में 123 किलो सोना जब्त किया

**कोच्चि।** केरल में सीमा शुल्क विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई के तहत त्रिशूर जिले मे 23 परिसरों से लगभग 50 करोड़ रुपए के करीब 123 किलोग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क आयुक्त (रोकथाम) सुमीत कुमार ने बताया कि राज्य मे तस्करी के खिलाफ चलाए गए एक अभियान केतहत छापे मारे गए, जिस कार्रवाई मे बड़ी मात्रा मे सोना जब्त किया गया।

## भाजपा की सोच फासीवादी : गहलोत

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसकी सोच फासीवादी है और देश में लोकतंत्र को खतरा है।

महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार कर लौटे गहलोत ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से यह बात कही। गहलोत ने सावरकर को भारत रत्न देने के भाजपा के चुनावी वादे पर कहा, यह इनकी फासिस्ट सोच है। इनको नहीं मतलब कि पब्लिक क्या सोचती है। इनको मतलब नहीं कि दूसरे राजनीतिक दलों के क्या विचार है। डेमोक्रेसी के अंदर आप सत्ता में जरूर हो पर विपक्ष की भावनाओं का भी आदर करना पड़ता है। विपक्ष क्या सोचता है उसको भी तवज्जो देनी पड़ती है।

गहलोत ने कहा, उनके लिए विपक्ष के मायने कुछ नहीं है। उनका मतलब है सिर्फ एक पार्टी का शासन हो देश के अंदर चाइना की तरह, बाकी पार्टियां डमी हों कागजों के अंदर और शासन अकेले ही करते जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, आज देश में लोकतंत्र को खतरा है, देश में डेमोक्रेसी खतरे में है - अब यह समझें या नहीं समझें एक दिन तो समझना पड़ेगा। गहलोत ने कहा, हमारी लड़ाई किसी से नहीं है ना आरएसएस वालों से हैं और ना बीजेपी वालों से। हमारी लड़ाई हैं नीतियों, कार्यक्रमों और सिद्धांतों की उनको भी वही लड़ाई लड़नी चाहिए। उन्होंने कहा, हिसाब से तो और पब्लिक को भी उन लोगों पर दबाव देना चाहिए... कि हमारे लिए कर क्या रहे हो, किसानों के लिए क्या कर रहे हो, नौजवानों की नौकरियों के लिए क्या कर रहे हो, ब्लैक मनी लाने की बात की थी उसका क्या हुआ।

उन्होंने कहा, आज यह लड़ाई होनी चाहिए थी पर जनता भी नहीं समझ पा रही है। राष्ट्रवाद के नाम पर जैसे कि हम तो राष्ट्रवादी है ही नहीं, खाली भाजपा सर्टिफिकेट देगी जिसे भाजपा सर्टिफिकेट देगी वही राष्ट्रवादी होगा यह कब तक चलेगा? राज्य में मंडावा और खींवसर में उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए गहलोत ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है हम जीतेंगे दोनों जगह यह पूरी उम्मीद है हमें। पूरी तैयारियां हैं, पूरा अभियान अच्छा चल रहा है, प्रतिक्रिया अच्छी है जनता की।



कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोलापुर में गुरुवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी उम्मीदवार प्रणति शिंदे के समर्थन में एक चुनावी अभियान रैली को संबोधित किया।

## उदय सिंह ने कराड दक्षिण में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया, चव्हाण की चुनौती बढ़ी

**महाराष्ट्र चुनाव**

**एजेंसी।** सतारा

**महाराष्ट्र** विधानसभा के लिए अगले हफ्ते होने जा रहे मतदान में भाजपा कांग्रेस के गढ़ सतारा जिले के कराड दक्षिण सीट पर भगवा लहराने की कोशिश में लगी है।

यहां से कांग्रेस ने मौजूदा विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री 73 वर्षीय पृथ्वीराज चव्हाण को प्रत्याशी बनाया है जबकि भाजपा ने पंढरपुर विट्ठल रुकमाई मंदिर के अध्यक्ष 36 वर्षीय अतुल भोंसले पर एक बार फिर भरोसा किया है लेकिन इस सीट पर चुनाव को रोचक बतौर निर्दलीय मैदान में उतरे उदयसिंह उंडालकर पाटिल ने बनाया है। उदयसिंह इस सीट से सात बार विधायक रहे विलासराव उंडालकर पाटिल के बेटे हैं जिनका 2014 में यहां से टिकट काटकर चव्हाण को दे दिया था। हालांकि, तब खुद विलासराव भी निर्दलीय मैदान में उतरे थे लेकिन उन्हें चव्हाण से मात मिली थी।

पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले स्थित कराड दक्षिण सीट में अधिकतर ग्रामीण आबादी गन्ने की खेती में लगी है और 1960 से इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। वर्ष 2014 के चुनाव में चव्हाण को 76,831 मत मिले थे जबकि विलासराव 60,413 मतों के साथ दूसरे स्थान पर थे। भोंसले को कुल 58,621 मत मिले और वह तीसरे स्थान पर थे। भोंसले हार के बावजूद क्षेत्र में सक्रिय रहे और उन्हें विकास कार्य में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी समर्थन मिला।

भोंसले ने कहा, मैं पिछले पांच साल से इस निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रहा हूं। पिछली बार परिस्थितियां अलग थी। उस समय मैं तब के मुख्यमंत्री (चव्हाण) से लड़ रहा था लेकिन इस समय मैं एक अक्षम विधायक के खिलाफ लड़ रहा हूं। चव्हाण ने कहा कि वह गत पांच साल लगातार लोगों के बीच रहे। उन्होंने कहा, मैंने कई विकास कार्य कराए। चार लेन की सड़क, पुलिस आवासीय कॉलोनी, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना का विकास कराया जिनपर 1800 करोड़ रुपए व्यय हुए।

### वाजपेयी भद्र पुरुष थे, मोदी प्रभावी व्यक्ति हैं: शरद पवार

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी आमतौर पर यह ध्यान रखते थे कि उनके फैसले से कोई नाराजगी नहीं हो, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने किसी फैसले के क्रियान्वयन के मामले में प्रभावी और कठोर हैं। पवार ने कहा कि भाजपा के इस दिग्गज नेता (वाजपेयी) के प्रति लोगों के बीच कहीं अधिक सम्मान था। उल्लेखनीय है कि वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद पर रहने के दौरान पवार को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया था। पवार ने एक साक्षात्कार में कहा, वाजपेई एक भद्र पुरुष थे। जबकि किसी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के मामले में मोदी एक प्रभावी व्यक्ति हैं। कोई फैसला ले लेने के बाद उसे कठोरता से लागू करने की मोदी के पास क्षमता है। प्रधानमंत्री पद पर मोदी के प्रथम कार्यकाल के दौरान 2017 में पद्म विभूषण पुरस्कार पाने वाले पवार ने वाजपेई और मोदी की कार्यशैली में अंतर का भी जिक्र किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख ने कहा, वाजपेई साहेब कोई कदम उठाने से पहले इस बात का ध्यान रखते थे कि कोई नाराजगी नहीं हो। लोगों के मन में उनके लिए कहीं अधिक सम्मान था। लेकिन जहां तक परिणामोन्मुखी कार्य की बात है, शायद मोदी उनसे अलग हैं। पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने राज्य में किसानों और उद्योगों की समस्याओं का हल करने के लिए कोई पहल नहीं की। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पवार ने कहा कि फड़णवीस नतीजे देने वाले और प्रभावी मुख्यमंत्री नहीं माने जाते हैं। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने कृषि संकट के लिए भाजपा नीत शासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राज्य में समूचा किसान समुदाय बेचैन, हताश और गुस्से में हैं।

## हमारी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध : ममता

● कहा- अभिजीत बनर्जी के सिद्धांत से मिलेगी मदद

**एजेंसी।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत विनायक बनर्जी के सिद्धांत से गरीबों की मदद में सफलता मिलेगी।

बनर्जी ने अपने विचार ट्विटर पर साझा किए और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत बनर्जी की मां निर्मला बनर्जी से शहर में बुधवार शाम उनके आवास पर मुलाकात के दौरान की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। उन्होंने ट्वीट किया, कल मैंने नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी के परिवार के साथ समय बिताया। गरीबी उन्मूलन के प्रायोगिक सिद्धांत के लिए उनके योगदान से लोगों की मदद में सफलता मिलेगी और पश्चिम बंगाल को उन पर बहुत गर्व है।

बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर, बनर्जी ने ट्वीट किया, बंगाल में हमारी सरकार गरीबी दूर करने, बेरोजगारी को कम करने, अशिक्षा से लड़ने और मानवाधिकारों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गरीबी उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 1987 में 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस घोषित किया था।


निर्मला बनर्जी के साथ बुधवार को मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने गरीब-समर्थक योजनाओं और राज्य सरकार की परियोजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। निर्मला बनर्जी खुद एक अर्थशास्त्री हैं। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार कृषि, स्वास्थ्य, कृषि विकास और महिला एवं बाल कल्याण समेत शिक्षा जैसे विभागों की विभिन्न परियोजनाओं में उनकी मदद मांग सकती है।

### शाह बंगाल में दो-तिहाई बहुमत पाने का सपना देख रहे हैं : तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में दो-तिहाई बहुमत से अगली सरकार बनाने का दिवास्वप्न देखने को लेकर भाजपा अध्यक्ष अमित शाह का बृहस्पतिवार को मजाक उड़ाया और कहा कि उन्हें तथा उनके भगवा दल को इसकी जगह अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने एक समाचार चैनल से कहा कि भाजपा 2021 के विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने जा रही है। शाह के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ तृणमूल नेता सुब्रत मुखर्जी ने कहा कि शाह को राज्य में सरकार बनाने का दिवास्वप्न देखना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, दिवास्वप्न देखने और बड़े दावे करने की जगह भाजपा नेता को पहले अपनी पार्टी और केंद्र में सुशासन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश की अर्थव्यवस्था मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते डांवाडोल है और भाजपा को पहले इसे ठीक करने पर ध्यान देना चाहिए। तृणमूल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर इस बात के लिए भी हमला किया कि वह राष्ट्रीय नागरिक पंजी के नाम पर असम से बंगालियों को कथित रूप से बाहर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, भाजपा एनआरसी के नाम पर बंगाल में घबड़ाहट पैदा करने की कोशिश कर रही है। एनआरसी की घबड़ाहट के चलते राज्य में 11 लोगों की जान चुकी है। बंगाल के लोग राज्य के अगले चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# बिहार चुनाव में नीतीश करेंगे राजग का नेतृत्व: शाह

एजेंसी। नई दिल्ली, पटना




**जद (यू)** के साथ अपनी पार्टी के गठजोड़ के भविष्य को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लगाते हुए भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कहा है कि दोनों पार्टियों का गठबंधन अटल है और अगले साल होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

शाह ने कहा, गठबंधन अटल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगा। राष्ट्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गठबंधन का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। भाजपा अध्यक्ष का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राज्य में भाजपा और जद (यू) के बीच मतभेद की अटकलें लगाई जा रही थी। शाह ने न्यूज 18 समाचार चैनल से बातचीत में कहा, बिहार में भाजपा और जद(यू) का गठबंधन अटल है और दोनों मिलकर चुनाव लड़ेंगे। यह चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। यह पूरी तरह से स्पष्ट है। दरअसल, उनसे पूछा गया था कि अगले साल बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव क्या भाजपा अकेले लड़ने पर विचार कर रही है।

शाह ने गठबंधन में असहजता को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि यह स्वाभाविक है कि स्थानीय स्तर पर कुछ मतभेद उभरें और यह एक स्वस्थ गठबंधन का संकेत है। बस मतभेद को मनभेद में नहीं बदलना चाहिए। गौरतलब है कि भारी बारिश से पटना में हाल ही में हुए जलजमाव सहित कई मुद्दों को लेकर कुमार की भाजपा नेता गिरिराज सिंह एवं कुछ अन्य पार्टी नेता आलोचना करते रहे हैं। इस पर जद (यू) नेताओं की ओर से प्रतिक्रिया भी आती रही। जद(यू) नेताओं ने शाह की इस घोषणा का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्री के ताजा बयान से महागठबंधन में निराशा पैदा हो सकती है, जो राजग में टूट की उम्मीद कर रहा था। महागठबंधन के नेताओं का मानना था कि कुमार लगातार तीन कार्यकाल मुख्यमंत्री रहे हैं लेकिन मोदी और शाह के आक्रामक नेतृत्व के तहत भाजपा बिहार में प्रभाव बढ़ाने की योजना बना रही है। जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्य में मंत्री श्याम रजक ने शाह की इस घोषणा को लेकर उनका शुक्रिया अदा करते हुए ट्वीट किया, मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश जी के नेतृत्व में लड़ने की बात कह कर कुछ लोगों की शंका को दूर करने का काम किया है। विपक्ष, जो इन बातों पर आनंद ले रहा था, यह उनके मुंह पर तमाचा है। उन्होंने कहा, जो भी जदयू-भाजपा गठबंधन को तोड़ने का प्रयास करेगा, वह खुद टूट जाएगा। मगर इस गठबंधन पर कोई आंच नहीं आएगी। हमारा गठबंधन मजबूत था और आगे भी रहेगा। क्योंकि विचारों के आधार पर हमारा गठबंधन है और यह विचार है बिहार की 12 करोड़ जनता का विकास, जिसमें हम लगे हुए हैं। कई मुद्दों पर हाल ही में अपनी पार्टी की आलोचना करने वाले जद(यू) के असंतुष्ट नेता अजय आलोक ने भी ट्वीट कर कहा, अमित शाह जी का यह बयान राजग को चट्टानी मज़बूती देगा और उन लोगों को निराशा होगी, जो बिल्ली के भाग्य का छींका फूटने की राह देख रहे थे। शाह की इस घोषणा से राहत की सांस लेते नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने कहा, हमने हमेशा ही कहा है कि राजग में नेतृत्व को लेकर कोई भ्रम नहीं है। पासवान की पार्टी लोजपा भी राजग में शामिल है। उन्होंने समस्तीपुर में कहा, जाइए और विपक्ष से पूछिए कि इस बारे में उनका क्या कहना है क्योंकि उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। उल्लेखनीय है कि राजग ने इस साल हुए लोकसभा चुनाव में बिहार की कुल 40 सीटों में 39 पर जीत दर्ज की थी। भाजपा और लोजपा ने क्रमश: 17 और छह सीटें जीती थी जबकि जद(यू) ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। आम चुनाव में राजग को मिली शानदार जीत के शीघ्र बाद कुमार ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में पार्टी से सिर्फ एक मंत्री बनाए जाने के प्रस्ताव को तवज्जो नहीं दी थी। बाद में, कुमार ने राज्य में अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया और इसमें जद (यू) के कुछ नेताओं को मंत्री बनाया। जद(यू) ने तीन तलाक विधेयक जैसे नरेंद्र मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी विधेयकों का विरोध किया था। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने के मुद्दे पर नीतीश कुमार नीत पार्टी के विरोध ने दोनों दलों के बीच असहजता और बढ़ा दी थी।

# कांग्रेस ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण किया: सिंह

एजेंसी। बवानी खेड़ा (हरियाणा)



**केंद्रीय रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए उस पर कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने का आरोप लगाया और कहा कि जब आतंकवादियों ने वहां मानवाधिकारों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ पार्टी ने मुंह नहीं खोला।

भाजपा नेता ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने लंदन में लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कॉर्बिन के साथ कांग्रेस के प्रतिनिधियों की मुलाकात का जिक्र किया और दावा किया कि उन्होंने (कांग्रेस नेताओं ने) कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन पर चर्चा की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से पूछा, मैं कांग्रेस नेताओं से यह पूछना चाहता हूं कि मानवाधिकार उल्लंघन कहां हुआ है। जब (कश्मीर में) आतंकवादी गतिविधियां हो रही थीं तब मानवाधिकार उल्लंघन हो रहा था। उस वक्त आपने क्यों नहीं बोला? सिंह ने कहा, मैं कांग्रेस से जवाब चाहता हूं। कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। क्या दूसरे देशों के साथ इस पर चर्चा होनी चाहिए... क्या आप दूसरे देशों में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा करेंगे? हरियाणा में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भिवानी जिले में एक रैली में सिंह ने कहा, क्या आप कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं? इस बारे में मैं कांग्रेस के दोस्तों से स्पष्टीकरण चाहता हूं। लेकिन उनके पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा, अजीबो गरीब हालात इन लोगों ने पैदा कर दिए हैं, पता नहीं क्या हो गया है? इनकी बुद्धि मारी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की काफी समय से इच्छा थी कि अनुच्छेद 370 को खत्म किया जाए और जम्मू-कश्मीर का दर्जा अन्य राज्यों की तरह हो। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा अपने चुनावी घोषणा पत्रों में वादा किया कि पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर वह जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर देगी। राफेल सौदे पर सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर वर्षों विचार-विमर्श करने के बावजूद कांग्रेस सरकार फ्रांसीसी लड़ाकू विमान को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाई। रक्षा मंत्री ने कहा, लेकिन मोदी जी ने राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर तुरंत निर्णय किए जिससे हमारे सशस्त्र बल मजबूत हुए। सिंह ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा अच्छा काम करने के बावजूद वे भाजपा को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आप विपक्ष में हैं और आपको आलोचना करने का अधिकार है।

## प्रधानमंत्री की रैली के कारण एमएसआरटीसी की सेवाएं स्थगित होने से लोग परेशान : मुंडे

एजेंसी। बीड

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की रैली के कारण महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) ने गुरुवार को परली इलाके में कुछ देर के लिए बस सेवाएं रोक दी थी। इस पर आपत्ति जताते हुए राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने कहा कि इससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राकांपा नेता धनंजय मुंडे परली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता पंकजा मुंडे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं। राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे ने कहा, प्रधानमंत्री की एक घंटे की रैली के लिए एमएसआरटीसी ने सुबह पांच बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक के लिए सेवाएं रोक दी। इससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एक बयान में कहा कि परली से अंबजोगाई और लातूर की ओर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है जिससे मरीज परेशान हैं। परीक्षा देने वाले छात्रों को भी मुश्किल हुई।

## कॉलिजियम ने झारखंड व मेघालय हाईकोर्ट के जजों की पदोन्नति की सिफारिश की

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय कॉलिजियम ने उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों न्यायमूर्ति रवि रंजन और न्यायमूर्ति मोहम्मद रफीक को क्रमश: झारखंड उच्च न्यायालय और मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों के पदों पर पदोन्नत करने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति रंजन पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं जबकि न्यायमूर्ति रफीक राजस्थान उच्च न्यायालय में तैनात हैं। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले शीर्ष अदालत के कॉलिजियम ने 15 अक्टूबर को हुई अपनी बैठक में इस बाबत निर्णय किया। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर डाले गए बयान में यह जानकारी दी गई। कॉलिजियम ने मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ए के मित्तल का मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर तबादला करने की भी अनुशंसा की है। इससे पहले, कॉलिजियम ने न्यायमूर्ति मित्तल का मद्रास उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर तबादला करने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति मित्तल को मद्रास उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश वी के ताहिलरमानी का स्थान लेना था। लेकिन न्यायमूर्ति ताहिलरमानी ने मेघालय उच्च न्यायालय जाने से इनकार कर दिया और त्याग पत्र दे दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया है। कॉलिजियम ने त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल का पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के तौर पर स्थानांतरण की सिफारिश की है। कॉलिजियम ने वकील मोक्षा काजमी (खजुरिया) और राजेश ओस्वाल को जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। कॉलिजियम ने न्यायिक अधिकारियों पार्थिवज्योति सैकिया और एस हुकातो स्वयू-- और वकील सुमित्रा सैकिया को गौहाटी उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसने न्यायिक अधिकारी वानलुरा डेंगदोह को मेघालय उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर पदोन्नत करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

## पिछले पांच साल में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कारखाने बंद हुए: मनमोहन सिंह

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आर्थिक सुस्ती और सरकार के उदासीन रवैए की वजह से भारतीयों के भविष्य और आकांक्षाओं पर असर पड़ रहा है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पिछले पांच साल में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कारखाने बंद हुए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कारोबारी धारणा काफी कमजोर हुई है और इस वजह से लगातार कारखाने बंद हो रहे हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान यहां पहुंचे मनमोहन सिंह ने मुद्रास्फीति के मामले में केंद्र को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुद्रास्फीति को दबाए रखने की सनक के चलते आज किसान परेशान हैं। सरकार की आयात-निर्यात नीति ऐसी है जिससे समस्याएं खड़ी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ विपक्ष पर आरोप मढ़ने में जुटी है। वह समस्याओं का समाधान ढूंढने में पूरी तरह विफल रही है। केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार दोनों ही लोगों के अनुकूल नीतियां नहीं अपनाना चाहती हैं, जिससे लोग परेशान हैं।

# निवेशक सम्मेलन से पहले कमलनाथ ने की 800 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। इंदौर

**मध्यप्रदेश की** कमलनाथ सरकार के पहले निवेशक सम्मेलन मैग्निफिसेंट मध्यप्रदेश की पूर्व संध्या पर यहां बृहस्पतिवार को 800 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत वाली पांच महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की औपचारिक शुरुआत की गई। इन परियोजनाओं का खाका सूबे के सबसे बड़े शहर इंदौर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को रफ्तार देने के लिए तैयार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पड़ोसी धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में करीब 375 करोड़ रुपए की लागत से विकसित स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क का ई-लोकार्पण किया। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में बनाया गया यह परिसर 478 हेक्टेयर में फैला है। इसके जरिए 10,000 करोड़ रुपए का नया निवेश जुटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश को रफ्तार देने के लिए कमलनाथ ने इंदौर के सिंहासा क्षेत्र में 116 करोड़ रुपए की लागत से बने नए आईटी पार्क का ई-लोकार्पण किया। अधिकारियों ने बताया कि कमलनाथ ने 225 करोड़ रुपए की लागत वाली पीथमपुर जल प्रदाय योजना का ई-लोकार्पण किया। इसके जरिए पीथमपुर और इसके आस-पास की औद्योगिक इकाइयों को पानी की आपूर्ति की जाएगी। कमलनाथ ने इंदौर में 50 करोड़ रुपए के खर्च से बनाए गए एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का ई-उद्घाटन किया। इस केंद्र के जरिए इंदौर नगर निगम के अलग-अलग विकास कार्यों, शहर में ट्रैफिक की स्थिति आदि पर नजर रखी जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने इंदौर में 60 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) की नींव भी रखी। इस बीच, कमलनाथ ने निवेशक सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रदेश के सबसे बड़े पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के नुमाइंदों से उनकी समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की। इसके साथ ही, एक कार्यक्रम में उद्योगपतियों से सीधी मुलाकात कर निवेश के पहलुओं पर बातचीत की।



इंदौर में निवेशक सम्मेलन के दौरान एक प्रदर्शनी को देखते मप्र के मुख्यमंत्री कमलनाथ



सांगली में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले रैली के बाद एक समर्थक से मिलते कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्धारमैया

## पुलिस ने 27 वर्ष पुराने हत्या मामले को सुलझाया

**ठाणे।** ठाणे पुलिस ने 27 वर्ष पुराने पुलिस उपनिरीक्षक की हत्या के एक मामले को सुलझा लिया, लेकिन आरोपी की सात वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा के वरिष्ठ निरीक्षक नितिन ठाकरे ने बताया कि 23 जुलाई 1992 को कल्याण के महात्मा फुले चौक थाने पर तैनात उप निरीक्षक महेंद्र सिंह पाटिल की इकबाल उर्फ नन्हें खान ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था और लगभग तीन दशक तक पुलिस को चकमा देता रहा। पुलिस के अनुसार इकबाल पर डकैती के अन्य मामले भी दर्ज थे जिनमें उसकी तलाश थी। ठाकरे के अनुसार हाल ही में अनसुलझे मामलों की समीक्षा के दौरान ठाणे पुलिस की अपराध शाखा को खान के अंतिम ज्ञात ठिकाने के बारे में सूचना मिली। ठाकरे ने बताया कि पुलिस जब दिल्ली के ओखला क्षेत्र स्थित जसोला गांव में खान को पकड़ने पहुंची तो पता चला कि बीमारी के कारण सात साल पहले ही उसकी मौत हो चुकी है।

# ईडी ने रतुल पुरी के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में बृहस्पतिवार को आरोप-पत्र दायर किया। यह मामला बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन से जुड़ा हुआ है। विशेष न्यायाधीश संजय गर्ग की अदालत में प्रवर्तन निदेशालय ने पुरी और कंपनी मोजरबेयर के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया। अदालत दोपहर बाद इस पर सुनवाई कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय ने 20 अगस्त को पुरी को गिरफ्तार किया था। अदालत ने इससे पहले उनकी न्यायिक हिरासत 17 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी। वह अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले मामले से जुड़े धन शोधन के एक अन्य मामले में भी न्यायिक हिरासत में हैं। हेलीकॉप्टर घोटाले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने इससे पहले यह कहते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी कि प्रभावी जांच के लिए हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ जरूरी है। हेलीकॉप्टर घोटाले में यहां केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के बाद उन्हें बैंक धोखाधड़ी मामले में धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर पीएमएलए का यह नया मामला 17 अगस्त को सीबीआई की ओर से दर्ज कराई गई एक प्राथमिकी से सामने आया जिसमें रतुल पुरी, उनके पिता दीपक पुरी, मां नीता (कमलनाथ की बहन) और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### फोर्टिस के पूर्व प्रवर्तक मालविंदर, शिविंदर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के धन की कथित हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार फोर्टिस के पूर्व प्रवर्तकों मालविंदर सिंह और उनके भाई शिविंदर सिंह को बृहस्पतिवार को14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने तीन अन्य आरोपियों-सुनील गोधवानी, कवि अरोड़ा और अनिल सक्सेना- को भी 31 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिंह बंधु ने जमानत याचिका दायर की थी जिस पर शुक्रवार को अरोड़ा की याचिका के साथ सुनवाई होगी।

## प्ले स्कूल स्तर से ही लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ने की शुरुआत होनी चाहिए : एनसीईआरटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि लैंगिक रूढ़ियों को प्राथमिक-स्कूल के स्तर पर ही खत्म किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे जब बड़े हों तो वे लिंग के आधार पर पक्षपात नहीं करें। मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय की पाठ्यक्रम विकसित करने वाली संस्था ने प्राथमिक-स्कूल शिक्षा के लिए नए दिशा निर्देशों में लैंगिक समानता की सिफारिश की है। इसने स्कूलों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि शिक्षक लड़कों एवं लड़कियों पर समान रूप से ध्यान दें, उन्हें सम्मान और समान अवसर दें तथा लैंगिक भेदभाव किए बगैर लड़के एवं लड़कियों दोनों से समान रूप से अपेक्षाएं रखें।

## पश्चिम बंगाल में न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार कर रहे कांग्रेस-माकपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस और माकपा अपनी खोई राजनीतिक जमीन वापस पाने की कोशिश के तहत न्यूनतम साझा कार्यक्रमै तैयार कर रहे हैं। दोनों दलों का कहना है कि कार्यक्रम के आधार पर वह पूरे राज्य में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ साझा लड़ाई छेड़ेंगे। बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष सोमेन मित्रा ने कहा, अभी हम न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में हैं, जिसके आधार पर संयुक्त आंदोलन या राजनीतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। यह एकतरफा मामला नहीं होगा। यह दोतरफा बात होगी। दिवाली के तुरंत बाद हम राज्यभर में अपना पहला संयुक्त आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा राज्य में जमीन तैयार कर रही है, यह जरूरी है कि माकपा और कांग्रेस सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए एक साथ आए। माकपा के वरिष्ठ नेता सुजन चक्रवर्ती ने राज्य में भाजपा के आगे बढ़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, यह तृणमूल कांग्रेस है जिसने बंगाल में भाजपा को बढ़ने में मदद की। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच लड़ाई नकली है, जिसका उद्देश्य लोगों को मूर्ख बनाना है। यह ऐसा समय है कि जब धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों को एक साथ आना चाहिए।

# जम्मू में निजी ट्रांसपोर्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से यातायात प्रभावित

एजेंसी। जम्मू

**जम्मू-पठानकोट** राजमार्ग के पास सांबा जिले में हाल में स्थापित किए गए सरोर टोल प्लाजा को हटाने की मांग को लेकर ऑल जम्मू एंड कश्मीर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन (एजेकेटीडब्ल्यूए) की ओर से चक्का जाम के आह्वान पर निजी परिवहन वाहन बृहस्पतिवार को समूचे जम्मू क्षेत्र में सड़कों से दूर रहे।

इससे पहले जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर अपने वाहन चलाने वाले निजी ट्रांसपोर्टर सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे और टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ अपना प्रदर्शन जारी रखा। सरकार ने इस हड़ताल के दौरान लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचने में होने वाली परेशानी से बचाने के लिए राज्य पथ परिवहन निगम (एसआरटीसी) के वाहनों को विभिन्न मार्गों पर सड़क पर उतारा था। इसके बावजूद निजी परिवहन वाहनों के नहीं होने की वजह से छात्रों और कार्यालय जाने वालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। शहर में कुछ मार्गों पर ऑटोरिक्शा को चलते हुए देखा गया जबकि लोगों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए घंटों तक वाहनों का इंतजार करते तथा दूसरे वाहनों पर लिफ्ट लेते हुए देखा गया। राज्य प्रशासन पर ट्रांसपोर्टरों की वाजिब मांगों पर आंखें मूंदने का आरोप लगाते हुए एजेकेटीडब्ल्यूए के अध्यक्ष टी एस वजीर ने कहा कि वे लखनपुर से कश्मीर तक चक्का जाम के लिए मजबूर हुए। उन्होंने कहा, एसोसिएशन ने सरोर में टोल प्लाजा को हटाने सहित यात्री ट्रांसपोर्टरों की लंबे से लंबित मांगों को पूरा करने के संबंध में सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को लेकर चुप्पी साध रखी है जिससे वे हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर हुए। एसोसिएशन नए वाहनों के पंजीकरण के लिए नौ फीसदी एक बार के कर सहित नए मोटर वाहन अधिनियम को हटाने और यातायात पुलिस के कथित उत्पीड़न को खत्म करने की मांग कर रहा है। सरोर टोल प्लाजा का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 11 अक्टूबर को उद्घाटन किया था, जिस पर समाज के सभी वर्गों और भाजपा समेत राजनीतिक दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और इसे हटाने के संबंध में केंद्रीय परिवहन मंत्रालय को दो पृष्ठ का पत्र भी लिखा था।

### श्रीनगर में दुकानें खुलीं, निजी वाहन सड़कों पर दौड़ते दिखे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हालात धीरे-धीरे पटरी पर लौटते नजर आ रहे हैं और गुरुवार सुबह लाल चौक समेत कई वाणिज्यिक इलाकों में कुछ घंटों के लिए दुकानें खुलीं लेकिन मुख्य बाजार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुछ विक्रेताओं ने टीआरसी चौक-पोलो व्यू रोड पर दुकानें लगाई थीं। अधिकारियों ने बताया कि शहर और कश्मीर के अन्य हिस्सों में निजी परिवहन बिना किसी बाधा के चलते दिखे। उन्होंने बताया कि घाटी के कुछ इलाकों में ऑटो रिक्शा और अंतर जिला टैक्सियां भी चलती दिखीं। हालांकि परिवहन के दूसरे माध्यम सड़क पर नहीं दिखे। अधिकारियों ने कहा कि स्कूल और कॉलेज खुले लेकिन बच्चों की उपस्थिति नहीं दिखी क्योंकि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी आशंकाओं की वजह से उनके माता-पिता ने उन्हें घरों पर ही रखा। कश्मीर में सोमवार को मोबाइल सेवाएं बहाल कर दी गईं, लेकिन सेवाओं के दुरुपयोग की आशंकाओं के कारण उसी रात फिर से एसएमएस की सुविधा रद्द कर दी गई। उन्होंने कहा कि घाटी में इंटरनेट सुविधाएं अभी बंद रहेंगी। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के बाद घाटी में सामान्य जीवन बाधित हो गया है। अधिकांश शीर्ष स्तर के अलगाववादी राजनेताओं को एहतियातन हिरासत में रखा गया है जबकि दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत मुख्यधारा के नेताओं को या तो हिरासत में लिया गया है या उन्हें घर में नजरबंद रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और श्रीनगर से लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला को विवादास्पद सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# जम्मू-कश्मीर विधान परिषद भंग

एजेंसी। जम्मू

- कर्मियों को सामान्य प्रशासन विभाग में रिपोर्ट करने का निर्देश

**जम्मू-कश्मीर** को इस महीने के अंत में दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने से पहले राज्य प्रशासन ने एक आदेश जारी कर 62 साल पुरानी राज्य विधान परिषद को भंग कर दिया है और यहां कार्यरत 116 कर्मचारियों को सामान्य विभाग में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। राज्य को आधिकारिक रूप से 31 अक्टूबर की मध्यरात्रि दो केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में विभाजित करने से कुछ दिन पहले बुधवार को विधान परिषद को भंग करने का आदेश जारी किया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के साथ केंद्र शासित प्रदेश होगा। आदेश के मुताबिक विधान परिषद में कार्यरत 116 कर्मियों को 22 अक्टूबर तक सामान्य प्रशासन विभाग को रिपोर्ट करने को कहा गया है। राज्य सरकार के सचिव फारूक अहमद लोन की ओर से जारी आदेश में समय-समय पर विधान परिषद के लिए खरीदे गए वाहनों को निदेशक मोटर गैराज और विधान सभा परिषद की इमारत को फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित निदेशक संपदा को सौंपने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि 36 सदस्ईय विधान परिषद 1957 में संसद के कानून के स्थापित की गई थी। यह 87 सदस्ईय विधान सभा के ऊपरी सदन के तौर पर काम करती थी। आदेश में कहा गया, जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन कानून-2019 की धारा 57 के तहत परिणाम स्वरूप जम्मू-कश्मीर विधान परिषद को खत्म किया जाता है और वहां कार्यरत सभी कर्मियों को 22 अक्टूबर को सामान्य प्रशासन विभाग से संपर्क करने का आदेश दिया जाता है। आदेश में आगे कहा गया कि विधानसभा परिषद सचिवालय के विधाई सबंधी सभी दस्तावेजों को सचिव विधि एंव न्याय विभाग और संसदीय मामलों को स्थानांतरित किया जाए। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को निष्क्रिय कर दिया था।

# पीएमसी घोटाले से सबक

## सहकारी बैंकों पर आरबीआई का हो कठोर नियंत्रण

**महाराष्ट्र** कोआपरेटिव-पीएमसी बैंक के जमाकर्ता तीन लोगों का निधन हो गया है। इनमें से दो को बेचैनी के कारण दिल का दौरा पड़ा तथा एक ने आत्महत्या कर ली। आमतौर से सहकारी बैंकों में जीवन भर की कमाई जमा करने वालों में छोटे बिजनेसमैन, किसान, सेवानिवृत्त पेशेवर व सहकारी आवास समितियां तक होती हैं। लेकिन अब ऐसे लोगों के जीवन व विश्वास को तगड़ा धक्का लगा है। इसके उलट फर्जी बिजनेसमैन व घोटालेबाजों ने बड़े बैंकों के साथ घोखाधड़ी के अलावा 4,335 करोड़ का पीएमसी घोटाला भी किया है। हालांकि, सरकार ने खाताधारकों को आश्वस्त किया है कि एक नियामक व्यवस्था इस स्थिति से निपट रही है। लेकिन लंबे समय से खतरे के संकेतों को अनदेखा कर समस्या क्यों पैदा होने दी गई? आरबीआई के अपने आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च तक 1542 शहरी सहकारी बैंकों में से 46 का दायित्व बहुत बढ़ गया था तथा 26 बंद हो गए थे। आरबीआई ने कुछ बैंकों पर कठोर नियंत्रण लगाए थे, जिससे समस्या की व्यापकता का पता चलता था। इसी साल उसने पीएमसी समेत चार सहकारी बैंकों पर जनवरी व सितंबर के बीच नियंत्रण लगाया है। पीएमसी बैंक में 11,000 करोड़ रुपये जमा थे, उसे 100 करोड़ का मुनाफा हुआ था, लेकिन उसका डूबा कर्ज- एनपीए दूने से अधिक हो गया था। इसके बावजूद किसी ने इस विभीषिका की कल्पना नहीं की थी। सतर्कता बरतने के अभाव में इस बैंक के अधिकारी एक समूह एचडीआईएल को लगातार कर्ज देते रहे, जबकि उसकी स्थिति निरंतर खराब हो रही थी।

इस घोटाले की शुरुआत वास्तव में 2008 में शुरू हुई थी जब बैंक के वरिष्ठ कर्मचारी कर्ज लेने के लिए फर्जी खाते खोल रहे थे। पीएमसी अध्यक्ष वरयाम सिंह एचडीआईएल बोर्ड के सदस्य थे और आरबीआई ने अक्टूबर, 2018 में




उनको हटाने की संस्तुति की थी, लेकिन इसके बावजूद कुछ नहीं हुआ। इस लापरवाही के कारण बैंक का एनपीए बहुत तेजी से बढ़ा। राज्य सरकार के समर्थक पूंजीपतियों, बैंकों और राजनेताओं के बीच गठजोड़ कोई नहीं बात नहीं है। स्पष्ट रूप से एक व्यापक विनियामक व्यवस्था का होना जरूरी है जो मामूली लापरवाही पर भी नजर रख कर सुधारात्मक उपाय कर सके। यदि कोई नियामक व्यवस्था हो तो भी कुशासन व पेशेवर व्यवहार की कमी के साथ पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली समुचित तकनीकी प्रक्रियाओं के अभाव में छोटे बैंकों को निश्चित प्रोटोकाल से बाहर रखा गया। इस लापरवाही को माइक्रो स्तर पर समाप्त करना जरूरी है। जमाकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से पैसा लेने की अनुमति या नुकसान होने के बाद बैंक का लाइसेंस रद्द करना समस्या समाधान का कोई उपाय नहीं है। निवेशकों को भी ऐसे बैंकों के मूलाधारों पर नजर रखनी चाहिए जो जमाकर्ताओं को वाणिज्यिक बैंकों से अधिक लाभ देने का वादा करते हों। उनको बैंक के पूंजीगत आधार पर लगातार नजर रखनी चाहिए। अन्य सुरक्षा उपायों में जमा का बीमा तथा क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया की योजना शामिल है। लेकिन बीमा की सीमा केवल एक लाख है। गड़बड़ी होने पर जमाकर्ताओं के अतिरिक्त जमा की कोई गारंटी नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वीकार किया है कि सार्वजनिक बैंकों ने संप्रग सरकार में 'फोन' संस्तुतियों के कारण धोखाधड़ी होने दी। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने पीएमसी को 'बड़ी समस्या का संकेत' कहा है। सहकारी बैंकों में समस्या के सामाजिक आयामों पर गौर करते हुए बैंकों के अधिकारियों तथा भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ताओं के प्रति ज्यादा जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए।

# सार्वजनिक परिवहन की व्यावहारिकता

मुफ्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था करने वाले शहरों में कुछ समय तक सकारात्मक परिणाम मिले मगर कुछ वर्ष बाद इसे टिकाऊ बनाए रखना एक समस्या बन गया।

**मेघना कुमार**
लेखिका टेरी में क्षेत्रीय समन्वयक हैं)





दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को मुफ्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का सुझाव दिया। इससे देश भर में सार्वजनिक परिवहन के प्रदर्शन तथा उस पर होने वाले खर्च पर बहस शुरू हो गई है। दुनिया भर के शहर मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम-एमआरटीएस व सार्वजनिक परिवहन के अन्य माडलों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं आपरेटर तथा विद्वान इस प्रणाली को आर्थिक रूप से सफल बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

दिल्ली परिवहन निगम तथा दिल्ली मेट्रो के अनुमानों के अनुसार, बसों और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में महिलायें लगभग 30 से 35 प्रतिशत हैं। इसका अर्थ है कि रोज लगभग 14 लाख महिलायें बसों से तथा 8,00,000 ट्रेनों से यात्रा करती हैं। दिल्ली सरकार का अनुमान है कि उसकी प्रस्तावित योजना के बाद महिला यात्रियों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप शहर की सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ेगी तथा उन संकटग्रस्त तबकों के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था करनी होगी जो सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने की स्थिति में नहीं होंगे।

मुफ्त सार्वजनिक नीति का प्रयोग करने वाले शहरों में हुए अध्ययनों से पता चलता है कि इससे यात्रियों की संख्या बढ़ने, ट्रैफिक जाम घटने, हवा की बेहतर गुणवत्ता, प्रिंटिंग व टिकट पंचिंग तकनीक प्रयोग में बचत तथा टिकट बिक्री में लोगों को रोजगार देने जैसे लाभ हुए हैं। मुफ्त सार्वजनिक परिवहन के वादे से भी लाभ हो सकते हैं जिनमें लोकतंत्र मजबूत होना, नागरिकों की अधिक सहभागिता, बेहतर जीवन व जीवन्त अर्थव्यवस्था शामिल हैं।

लेकिन यह करने के बजाय कहना ज्यादा आसान है। अतीत में इस्टोनिया के तालिनिन तथा फ्रांस के चैट्यूराक्स व आबागेन जैसे शहरों में मुफ्त सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग हुआ है जिसके कुछ समय तक सकारात्मक नतीजे मिले। लेकिन कुछ वर्ष बाद इन परिणामों को बनाए रखना समस्या बन गया। मुफ्त सेवा और प्रसन्न यात्रियों के संयुक्त प्रभाव से यात्रियों की संख्या काफी बढ़ती है, पर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। मांग में भारी वृद्धि के कारण यात्रियों की भीड़ बढ़ती है तथा सेवाओं की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इसका परिणाम परिवहन एजेंसी के लिए जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ना भी होता है।

मुफ्त सार्वजनिक व्यवस्था की कुंजी इसकी फाइनेंसिंग के लिए राजस्व के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश है। खासकर आर्थिक अस्थिरता के समय दीर्घकालीन रूप से मुफ्त परिवहन नीति बनाए रखना बहुत कठिन हो सकता है। फ्रांस के चैटयूराक्स में सार्वजनिक परिवहन 2003, 2004, 2005 व 2007 में मुनाफा कमाने में सफल रहा, लेकिन 2008 के बाद इसके मुनाफे में कमी आई। बेल्जियम के हैसेल्ट शहर में कुछ साल बाद सरकार को मुफ्त सार्वजनिक परिवहन नीति समाप्त करनी पड़ी क्योंकि सरकार इसे फाइनेंस करने की स्थिति में नहीं थी। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि क्या भारतीय शहर देश की तेजी से बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए मुफ्त परिवहन व्यवस्था कर सकते हैं?

भारत के शहरों में सार्वजनिक परिवहन की भारी कमी है। शहर के बाहरी क्षेत्रों तथा गरीब क्षेत्रों में अक्सर यह सेवा उपलब्ध नहीं होती है। यदि बसों व लोकल ट्रेनों का नेटवर्क होता है तो भी सेवा की बारंबारता कम होने से यह निष्प्रभावी हो जाती है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चाहे मुफ्त हो या नहीं, पर इसकी अनुपस्थिति से गरीबों को परस्पर संपर्क की समस्या होती है। देश में सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क की विसंगतियां दूर करने के लिए भारी पूंजीगत निवेश की आवश्यकता है। इस पर होने वाले खर्च को देखते हुए संचालन खर्च के लिए राज्य सरकारों पर भारी बोझ पड़ेगा।

लेकिन अच्छी खबर यह है कि वर्तमान समय में असंभव दिखने के बावजूद समाधानों की खोज की जा सकती है। राज्य सरकारों द्वारा सार्वजनिक परिवहन का खर्च उठाने में अक्षमता को देखते हुए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के लिए आंशिक सब्सिडी के माध्यम से भी वर्तमान समय में खर्च उठाना बहुत कठिन है। मुफ्त सार्वजनिक परिवहन संचालन हर शहर के लिए वर्तमान समय में संभव नहीं है। लेकिन हर शहर में कम से कम सस्ती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होनी चाहिए। इसकी दीर्घकालीन फंडिंग तथा खर्च घटाने की कुछ रणनीतियां हैं जिन पर विचार किया जा सकता है।

हालांकि, क्रास-यूटिलिटी सब्सिडी देश में बहुत लोकप्रिय नहीं है, पर यह दुनिया के अनेक भागों में प्रचलित है जिनमें यूरोप व उत्तरी अमेरिका शामिल हैं। क्रास यूटिलिटी सब्सिडी के अनेक तरीके हैं, जैसे प्रयोग करने वाले पर लेवी लगाई जा सकती है या घाटे वाली प्रणाली को मुनाफे वाली प्रणाली से सब्सिडी दी जा सकती है। बृहनमुंबई एलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट-बेस्ट एक घाटे वाला परिवहन विभाग है। लंबे समय तक इसे मुनाफा कमाने वाले बिजली विभाग से सब्सिडी दी जाती रही है। यदि इसका व्यावहारिक क्रियान्वयन किया जाए तो यह सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में क्रास सब्सिडी एक समाधान हो सकता है।

लक्षित सब्सिडी भी एक उपाय है। अक्सर अनुदान का लक्षित समूहों पर लाभदायक प्रभाव नहीं पड़ता है। इसलिए समाधान के रूप में सावधानी से निर्धारित किए लाभार्थियों को चयनित सब्सिडी शुरू की जा सकती है। इसे लागू करने के बाद समाप्त करना कठिन है, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि भारत में द्रव पेट्रोलियम गैस-एलपीजी के 10 मिलियन से अधिक प्रयोगकर्ताओं ने सरकार की अपील पर अपनी सब्सिडी छोड़ दी है। यदि जनता को सब्सिडी के बारे में विश्वास हो तो बहुत से लोग आवश्यकता न होने पर इसे छोड़ सकते हैं। कुल मिला कर सरकार को लक्षित सब्सिडी की तलाश कर जरूरतमंद व संकटग्रस्त लोगों को सस्ती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए।

लक्षित परिवहन फंड भी एक रास्ता हो सकता है। अनेक विशेषज्ञों ने जोर दिया है कि सार्वजनिक बस परिवहन निगमों को मोटर वाहन कर से मुक्ति मिलनी चाहिए। अनेक बस निगमों के लिए संचालन का घाटा लगभग मोटर वाहन कर भुगतान के बराबर होता है। हालांकि, उत्सर्जन व भीड़ जैसे अनेक नकारात्मक परिणाम देने वाले वाहनों पर टैक्स लगाना उचित है, पर सार्वजनिक बसों पर ऐसा टैक्स लगाना उचित नहीं है। 'प्रति यात्री किलोमीटर' के आधार पर सार्वजनिक परिवहन ज्यादा बेहतर है और यह निजी वाहनों की तुलना में कम उत्सर्जन तथा कम भीड़ पैदा करता है। इसके साथ ही टैक्स घटाने का सीधा लाभ यात्री किराये में कमी के रूप में सामने आ सकता है। टैक्स समाप्त करने से किराए घटेंगे तथा सार्वजनिक परिवहन की वित्तीय स्वीकार्यता में सुधार होगा।

सार्वजनिक परिवहन की प्रभावशीलता जांचने के लिए नए संकेतक तैयार करने चाहिए। इन संकेतकों में मुख्यधारा सामाजिक व पर्यावरण लक्ष्य अवश्य शामिल होने चाहिए। वर्तमान समय में देश में सार्वजनिक परिवहन का संचालन मुख्यत: आर्थिक आयामों जैसे आमदनी व प्रति किलोमीटर लागत पर होता है। अब ज्यादा व्यावहारिक लाभों, जैसे समय की बचत, बेहतर उत्पादकता, भीड़ में कमी व आजीविका के अवसरों में सुधार को सार्वजनिक परिवहन की क्षमता से जोड़ा जाना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन निगमों के मूल्यांकन का तरीका बदलने से उनके संचालन के तरीकों व लक्ष्यों में भी परिवर्तन होगा जिनको सेवा में प्राथमिकता देनी होगी। हालांकि, सार्वजनिक परिवहन संचालन में वित्तीय प्रदर्शन महत्वपूर्ण है, पर इसके लिए किराया बढ़ाना सर्वोत्तम समाधान नहीं है। यदि यह मान लिया जाए कि सार्वजनिक परिवहन संचालित करने का लक्ष्य राजस्व एकत्र करने के बजाय नागरिकों को सस्ती सेवा देना है तो इसका उद्देश्य बदल जाएगा। समय की आवश्यकता है कि सार्वजनिक परिवहन को सबके लिए सुलभ बनाने हेतु खोजी समाधान निकाले जाएं।

# महाराष्ट्र में आदित्य के उदय की तैयारी

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बाल ठाकरे अपने पौत्र आदित्य के चुनावी राजनीति में उतरने पर क्या प्रतिक्रिया करते, जबकि उन्होंने स्वयं को दशकों तक चुनावी राजनीति से दूर रखा था? वे शायद इस पर खुश होते। अब तक यह परिवार बिना चुनाव में उतरे महाराष्ट्र में शक्तिशाली राजनीतिक दल का संचालन करता रहा है। युवतम आदित्य ठाकरे आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में यह परम्परा तोड़ते हुए मुंबई की वर्ली सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बालासाहब ने मुझे एक बार बताया था कि उन्होंने तीन निर्णय लिए। वो चुनाव में नहीं उतरेंगे, अपनी जीवनी नहीं लिखेंगे तथा कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। उन्होंने अंतिम समय तक अपने वादे निभाए। 1995 में पहली बार शिवसेना-भाजपा सरकार बनने पर बाला साहब अकसर मजाक में इसे रिमोट संचालित राज्य कहते थे। बाला साहब के पुत्र, उद्धव ठाकरे, आश्चर्यजनिक रूप से पार्टी को न केवल जीवित रखने में सफल हुए बल्कि उन्होंने अपने पिता की रिमोट कंट्रोल राजनीति भी चलाई।

लेकिन, 29 वर्षीय आदित्य इस मामले में अलग हैं, और वो महत्वाकांक्षी महाराष्ट्रीय नौजवानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके छवि निर्माता उनको एक सतर्क व अंग्रेजी बोलने वाले शिवसेना नेता के रूप में पेश कर रहे हैं। नौ वर्ष पूर्व बाला साहब ने स्वयं अक्टूबर 2010 में अपने पोते से राजनीतिक दुनिया का परिचय कराया था तथा उन्होंने आदित्य को पार्टी की नवगठित युवा शाखा का प्रमुख भी बनाया था।

ठाकरे वंशज के लिए पहली बार चुनाव में उतरने का समय ठीक है क्योंकि इस महीने भाजपा-शिवसेना गठबंधन चुनाव जीतने जा रहा है। आदित्य ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा है कि मैंने यह चुनाव इसलिए चुना कि मेरी समझ से यह सही समय है। महाराष्ट्र में युवा नेतृत्व में खाली स्थान है जिसे भरने की वो आशा कर रहे हैं। एक बच्चे के रूप में आदित्य अपने पिता व बाबा के साथ यात्राएं करते रहे हैं और इससे उनमें राजनीति के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। आदित्य बताते हैं, ''यदि आप समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो राजनीति एक रास्ता है। मैं पिछले पांच वर्ष से अपनी यात्रा के बारे में सोच रहा हूं। हमने अनेक आंदोलनों



में भाग लिया है। सवाल है कि शिवसेना शैली में महाराष्ट्र की बेहतर सेवा कैसे की जाए? मैंने हमेशा सोचा है कि मैं अपनी पार्टी में विधायक बनूंगा।''

चुनावी मुकाबले में उतरने के पहले उन्होंने जुलाई में 2019 में सफलता के लिए मतदाताओं को धन्यवाद देने हेतु एक जनआशीर्वाद यात्रा निकाली थी, पर उनका असली इरादा मैदान में उतरने से पहले जनता का मूड भांपना था। युवा ठाकरे बदलते राजनीतिक परिदृश्य एवं शिवसेना की विकसित होती राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं। बाला साहब के समय से बहुत कुछ बदल चुका है। महाराष्ट्र की राजनीति में पार्टी का समर्थन आधार निश्चित रूप से कम हुआ है। राजनीति बदल गई है और शिवसेना के मतदाता भी बदले हैं। गठबंधन में कनिष्ठ साझीदार के रूप में शिवसेना शामिल है जबकि पहले सेना-भाजपा गठबंधन में उसका प्रभुत्व होता था।

आदित्य एक अलग प्रकार की राजनीति का प्रयोग करते हुए पुराना विमर्श बदलने का प्रयास कर रहे हैं। शिवसेना की छवि एक आक्रामक राजनीतिक दल की है और वो सफलता के लिए इसे बदलना चाहते हैं। अब शिवसेना समस्या खड़ी करने वाली पार्टी नहीं रह गई है। अतीत में, उसने दक्षिण भारतीयों, गुजरातियों, बिहारियों व मुसलमानों के खिलाफ आंदोलन किए थे। लेकिन आज गैर महाराष्ट्रीय मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए उसके अभियान में बहुभाषी पोस्टरों का प्रयोग हो रहा है। आदित्य धर्म का हिन्दुत्व का उल्लेख करने के बजाए सबको रोटी देने तथा बेरोजगारी व विकास जैसे मुद्दे उठाते हैं। वो प्लास्टिक पर प्रतिबंध, समुद्र तटों की सफाई तथा पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में हैं। आदित्य ज्यादा महानगरीय, आधुनिक व नए युग की चुनावी राजनीति के प्रति खुले हैं। उन पर पेज-3 वाले लोगों के बीच में सहज अनुभव करने के आरोप हैं, लेकिन वो आम नौजवानों को भी आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

आदित्य नौजवानों के बीच आधार बनाने के लिए अपने बाबा की नकल कर रहे हैं। बाला साहब ठाकरे को उनके पूरे जीवन में प्रतिबद्ध नौजवानों का समर्थन प्राप्त हुआ। जीवन पर्यंत हर विजयदशमी को हजारों नौजवान शिवाजी पार्क में उनकी बैठक में शामिल होते थे। अब आदित्य सहस्त्राब्दी मतदाताओं को आकर्षित कर रहे हैं। उनको एक संवेदनशील आधुनिक व युवा नेता के रूप में पेश किया जा रहा है जो नए विचारों के प्रति खुले तथा लचीले स्वभाव वाले हैं। आदित्य को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय परिवार ने काफी सोच विचार के बाद लिया है। बाला साहब रिमोर्ट कंट्रोल से सरकार चला सकते थे। उद्धव ने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया पर आदित्य को उनकी मां रेशमी ने प्रोत्साहित किया जिनका विश्वास है कि रिमोर्ट संचालित सरकार के दिन अब बीत चुके हैं और उनको व्यवस्था में शामिल होना चाहिए। कुल मिलाकर, शिवसेना स्वयं को जमीनी स्तर पर मजबूत करना चाहती है क्योंकि भाजपा पार्टी को उदरस्थ कर सकती है। परिवार को लगता है कि अगली कैबिनेट में युवा ठाकरे की मौजूदगी उनको नियंत्रण का समुचित अवसर प्रदान करेगी। आदित्य के वर्ली सीट से चुनाव जीतने की पूरी उम्मीद है। यदि किस्मत साथ देती है तो वो उपमुख्यमंत्री भी बन सकते हैं। हालांकि, उद्धव ठाकरे ने फिलहाल कहा है कि राजनीति में पहले कदम का अर्थ राज्य का मुख्यमंत्री बनना नहीं है। उन्होंने अभी राजनीति में प्रवेश किया है और यह एक शुरुआत है। वो आने वाले समय में अपने बेटे को आगे बढ़ाएंगे। ऐसे में आदित्य यह सिद्ध करना चाहते हैं कि वो न केवल एक शक्तिशाली राजनीतिक परिवार के वंशज हैं बल्कि अपनी क्षमता के आधार पर एक जमीनी नेता भी हैं। विधानसभा चुनाव उनकी कठोर परीक्षा लेंगे।

## आप की बात

### मुसीबत में पाकिस्तान

**सार्वजनिक** घोषणाओं के बावजूद सामान्य रूप से इस्लामी देश केवल अपनी सुविधा व स्वार्थ के आधार पर काम करते हैं जिसमें नैतिकता या चेतना का कोई स्थान नहीं है। पाकिस्तान स्वयं को कश्मीरियों का स्वघोषित संरक्षक बताता है, लेकिन उइघरों के मामले पर निराशाजनक रूप से मौन है। अपने देश में बलूच व हिन्दुओं, ईसाइयों व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ राज्य प्रायोजित उत्पीड़न जारी है। इनमें शिया व अहमदिया जैसे समुदाय भी हैं जिनको उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता है। पाकिस्तान के इसी दोमुहे बर्ताव के कारण ईरान व अफगानिस्तान जैसे इस्लामी पड़ोसी उसके खिलाफ हो गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी बंधु इस्लामी देशों का जाप किया करते हैं, पर उन्होंने पाकिस्तान के भीतर से ईरान व अफगानिस्तान में नस्ली असहिष्णुता फैलाने के पूरे प्रयास किए हैं। अफगान अपने देश में आतंकी संगठनों को इस्लामाबाद के सक्रिय समर्थन से परेशान हैं। अब पाक को हमेशा से सहयोग देने वाले सऊदी अरब के राजकुमार सलमान भी पाकिस्तान से नाराज़ हो गए हैं। ऐसे में पाकिस्तान स्वयं इस्लामी देशों के विरोध का शिकार होकर अकेला पड़ गया है। चीन के अलावा उसका कोई साथी नहीं है।

– **सलीम अख्तर**, कानपुर

### हिन्दी बनाम क्षेत्रीय भाषाएं

**वर्तमान** समय में हिन्दी को एकीकरण की भाषा के रूप में देखने की बात हो रही है। यह सच है कि हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी है मगर देश में व्याप्त भाषाई विविधता को देखते हुए हमें एक भाषा को न थोपकर क्षेत्रीय भाषाओं का भी सम्मान करना होगा। राष्ट्रीय एकता का यही तकाजा है। यदि सरकारी मशीनरी को किसी एक भाषा को कार्य का माध्यम बनाना पड़े तो निश्चि रूप से यह उन अधिकारियों के साथ भेदभाव होगा जिनकी भाषा हिंदी नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, 'केन्द्र की आधिकारिक भाषा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी होगी। संविधान लागू होने के बाद 15 वर्ष तक अंग्रेजी भाषा केन्द्र के सभी आधिकारिक कार्यों में प्रयोग होती रहेगी, जिसके लिए उसका प्रयोग हो रहा है।' अनुसूची 8 हिंदी प्रयोग में बढ़ोत्तरी की समीक्षा की अनुमति देता है, पर यह अंग्रेजी को पीछे नहीं छोड़ता न ही राज्य विधायिका को अपनी भाषा प्रयोग करने से रोकता है। यह स्पष्ट करता है कि सभी आधिकारिक पाठ अंग्रेजी में भी होंगे। अंग्रेजी के बिना बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवर क्षेत्र में दखल कैसे हो सकता है?

– **कमल किशोर**, प्रयागराज


### आगे बढ़ें नीतीश कुमार

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने करियर को आगे बढ़ाने के व्यावहारिक मार्ग पर चलें तथा अपने जमीनी अनुभव का लाभ राष्ट्रीय राजनीति को दें। पार्टी को उम्मीद है कि ऐसा कर मुख्यमंत्री राज्य में भाजपा के नेतृत्व का रास्ता खोलेंगे, जो उसे जनता दल यूनाइटेड की तरह समृद्धि व सफलता के मार्ग पर ले जाएगा। जदयू ने बिहार में मजबूत गठबंधन साझीदार की भूमिका निभाई है। राजग ने नीतीश के समीकरणों को देखते हुए भाजपा गंभीरता से जदयू के साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, बिहार के हित में उनको भाजपा के लिए रास्ता बनाते हुए गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। भाजपा ने पहले ही बिना शर्त समर्थन देकर अपनी भूमिका अदा की है तथा उसने पिछले 15 वर्षों में राज्य संचालन में जदयू प्रमुख का पूरा सहयोग किया है। अत: बेहतर होगा कि नीतीश कुमार अब राष्ट्रीय राजनीति का रुख करें और केंद्र में अपना आगे का समय दें। बिहार की गद्दी भाजपा के लिए छोड़ दें।

– **शैलेंद्र सिंह,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** सरकार गांधीजी की 150वीं जयंती पर सावरकर को भारत रत्न देने की बात करती है तो भगवान हमारी रक्षा करें।

– **मनीष तिवारी**
कांग्रेस प्रवक्ता



**सावरकर** द्वारा दिए संस्कारों के कारण हमने राष्ट्रवाद को राष्ट्र-निर्माण का आधार बनाया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**आत्मसम्मान** मुझ पर बहुत भारी पड़ा। पहले मुझ पर दफा 307 का आरोप लगाया गया। अब बकरी और मुर्गी चोरी का आरोप लगा है।

– **आजम खान**
समाजवादी पाटी नेता

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे

# त्रिस्तरीय निगरानी के साथ अब काम पकड़ेगा रफ्तार

## प्रतिदिन कितना काम हुआ निर्माण एजेंसियों को रोज देनी होती है रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**पूर्वांचल** एक्सप्रेस-वे को लेकर अब काम और तेजी से आगे बढ़ेगा, प्रतिदिन कितना काम हुआ इस पर विभाग को रिपोर्ट निर्माण एजेंसियों को देनी होती है। इसके लिए यूपीडा ने हर कंपनी के साथ एक सलाहकार को जोड़ा है ताकि वह सरकार को निर्माण कार्य की जानकारी प्रतिदिन दे सकें। निर्माण कार्य की त्रिस्तरीय निगरानी की जा रही है और प्रतिदिन कितना काम हुआ और कितना काम अगले दिन किया जाना है ऐसे कई बिन्दुओं की रिपोर्ट हर रोज यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी को भेजी जाती है। योगी सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है। 2020 तक सरकार इसे आम जनता के लिए चालू करना चाहती है। अवनीश अवस्थी हर सप्ताह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की समीक्षा करते हैं। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार एक्सप्रेस-वे पर जहां काम हो रहा है वहां की तकनीकी टीम रोज का लक्ष्य निर्धारित करती है और अगले दिन कितना काम होना है उसे पहले ही निश्चित किया जाता है। यूपीडा ने इस काम पर नजर रखने के लिए राइटस को भी लगाया है। मौके पर जो काम हो रहा है उसकी निगरानी निर्माण एजेंसी की तकनीकी टीम रखती है फिर उस काम को यूपीडा के इंजीनियर देखते है और उसके बाद राइटस थर्ड पार्टी से उस काम को देखने के बाद उच्च स्तर पर रिपोर्ट भेजती है। राइटस को अभी जल्द ही यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आठ पैकेजों में बनने वाले इस एक्सप्रेस-वे पर हर कंपनी के साथ सलाहकार भी है जो कि इस काम पर नजर रखता है। यूपीडा ने मोबाइल एप बना लिया है जिस पर ट्रायल किया जा रहा है और इसी सप्ताह यह एप भी लांच कर दिया जाएगा। इस एप के माध्यम से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की दैनिक प्रगति भी देखी जा सकेगी। इस ऐप के माध्यम से आम जनता भी एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति देख व जान सकेगी। एक्सप्रेस वे की कुल लम्बाई (340.824 किमी.) का लगभग 20 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 98 प्रतिशत से अधिक जमीन क्रय/अधिग्रहित की जा चुकी है। अब तक 23 अंडरपास और 215 बॉक्स कल्वर्ट्स का निर्माण पूर्ण हो चुका है साथ ही मेजर ब्रिज, माइनर ब्रिज व आर.ओ.बी का निर्माण कार्य जारी है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-731 लखनऊ-सुल्तानपुर रोड (ग्राम-चाँदसराय) से प्रारम्भ होकर बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ होते हुए गाजीपुर (ग्राम-हैदरिया) में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 पर समाप्त होता है। निर्माण के लिये एक्सप्रेसवे को 8 पैकेजों में विभक्त किया गया है। यह एक्सप्रेसवे 6 लेन चौड़ा व 8 लेन में विस्तारणीय है। यूपीडा द्वारा वर्तमान में 9 परियोजनाएं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, सेमी हाईस्पीड रेल कॉरिडोर, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन संचालित की जा रहीं हैं। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए तकनीकी निविदाएं खोली जा चुकी हैं और वित्तीय निविदाएं शीघ्र ही खोली जाएंगी और इन दोनों एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। साथ ही डिफेन्स कॉरिडोर के लिए यूपीडा द्वारा बड़े पैमाने पर लैण्डबैंक तैयार किया जा चुका है और वर्ष 2020 के फरवरी में लखनऊ में आयोजित होने वाले डिफेन्स एक्सपो-2020 के लिए अवनीश कुमार अवस्थी को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है।

# अवर अभियंता निलम्बित, अधिशासी अभियंता का हुआ तबादला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- सीएमडी पावर कारपोरेशन के निरीक्षण में मिली गंभीर लापरवाही पर उठाया गया कदम

**नोडल** अधिकारी के रूप में प्रमुख सचिव ऊर्जा द्वारा किए गए पारेषण उपकेन्द्र के निरीक्षण में गम्भीर लापरवाही पाए जाने पर अवर अभियन्ता को निलम्बित करते हुए सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता का स्थानान्तरण कर दिया गया और अधीक्षण अभियन्ता से स्पष्टीकरण मांगा गया।

पावर कारपोरेशन के सीएमडी आलोक कुमार द्वारा कानपुर स्थित 132 केवी जैनपुर पारेषण उपकेन्द्र का औचक निरीक्षण करने के दौरान उपकेन्द्र पर अनेक गम्भीर लापरवाही पाई गई, जिसके लिए अवर अभियन्ता को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता को आरोप-पत्र देने के साथ ही स्थानान्तरित कर दिया गया है तथा अधीक्षण अभियन्ता से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आलोक कुमार दो दिवसीय कानपुर भ्रमण पर हैं। वहां पर उन्होंने विकास कार्यों के निरीक्षण के साथ-साथ पोरषण उपकेन्द्र का अरौचक निरीक्षण भी किया गया, निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र पर अवर अभियन्ता कमला शंकर उपस्थित नहीं थे। अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्बन्धित अवर अभियन्ता कानपुर मुख्यालय में निवास करते हैं। उपकेन्द्र की लॉग शीट पर 8 अक्टूबर के बाद अवर अभियन्ता के हस्ताक्षर नहीं पाए गए।

उपकेन्द्र की लॉग शीट पर सहायक अभियन्ता रमाकान्त दीक्षित के हस्ताक्षर भी अपेक्षित थे जो कि नहीं पाए गए एवं साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक से सुनिश्चित नहीं थी। इनको आरोप-पत्र निर्गत करते हुए स्थानान्तरित कर दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता ज्ञानेन्द्र कुमार ने चार अप्रैल के बाद कभी भी उपकेन्द्र का निरीक्षण नहीं किया। इन्हें भी आरोप-पत्र निर्गत करते हुए प्रशासनिक आधार पर झांसी स्थानान्तरित करते हुए अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया। मुख्यालय से दिए गए निर्देशों का अधीक्षण अभियन्ता एसके पुरवार द्वारा अपने अधीनस्थों से अनुपालन न कराने के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# उपचुनावों में जनता दिखाएगी भाजपा को आईना: अखिलेश

- भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर लगाया मतदाताओं को डराने-धमकाने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विधानसभा के उपचुनावों में भाजपा अपने पुराने छल-प्रपंच वाले एजेंडे पर उतर आई है। भाजपा के बड़े नेता मतदाताओं को डराने-धमकाने में लगे हैं। मुख्यमंत्री विपक्ष को चुनाव में सबक सिखाने का आवाह्न कर रहे हैं। प्रशासन का दुरुपयोग कर भाजपा उपचुनाव जीतने के लिए जो हथकंडे अपना रही है उनके बहकावे में जनता अब आने वाली नहीं है। उपचुनावों में जनता के नए रुझान के नतीजे भाजपा को जल्दी ही आईना दिखाएंगे। हां चुनाव आयोग को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिए सुचारू व्यवस्था करनी होगी ताकि मतदान के समय गड़बड़ी नहीं हो और प्रशासनिक अधिकारी इसे गलत ढंग से प्रभावित न कर सकें।

अखिलेश ने कहा कि इन उपचुनावों में मतदाताओं के बीच समाजवादी सरकार के विकासकार्यों की चर्चा विशेष मुद्दा है। भाजपा सरकार की अभी तक एक भी अपनी योजना सामने नहीं आई है। समाजवादी सरकार के समय जिन कामों के उद्घाटन और शिलान्यास हुए थे उन्हें ही भाजपा सरकार दोहराती रहती है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग इस हद तक करने पर उतारू है कि जहां जहां विधानसभा के उपचुनाव हो रहे है वहां के ग्राम प्रधानों एवं ब्लाक प्रमुखों को डराया जा रहा है कि वे भाजपा के पक्ष में मतदान कराये अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हमीरपुर के उपचुनाव में भी भाजपा की पराजय निश्चित थी। मतदाताओं की पहली पसंद समाजवादी पार्टी है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बरकरार रहे। भाजपा का प्रयास यही रहता है कि चुनाव में गड़बड़ी हो और वे उसका फायदा उठाएं। इसके लिए वे पुलिस प्रशासन व स्थानीय अधिकारियों से दबाव बनवाते है।

उत्तर प्रदेश में मतदाता विषम स्थितियों से गुजर रहा है। मंहगी दवा, मंहगी शिक्षा, मंहगी बिजली, मंहगा इलाज भाजपा राज में जनता को यही सब मिला है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब हत्या, लूट, बलात्कार की घटना कहीं न होती हो। महिलाएं अपमानित होती हैं और बच्चियां दुष्कर्म की शिकार। निर्दोषों के एनकाउंटरों पर मानवाधिकार आयोग की कई नोटिसें उत्तर प्रदेश सरकार को मिल चुकी हैं। किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक, व्यापारी कोई भी तो भाजपा राज में खुश नहीं है, जनता बुरी तरह त्रस्त है।

## सपा प्रमुख कल रामपुर में करेंगे चुनावी जनसभा

**लखनऊ।** सपा अयध्यक्ष अखिलेश यादव 19 अक्टूबर को रामपुर में समाजवादी पार्टी की विधानसभा प्रत्याशी तंजीन फातिमा के पक्ष में ढाई बजे अपरान्ह एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी जनसभा किला का मैदान में आयोजित की गयी है। अखिलेश यादव चुनावी सभा में मतदाताओं से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील करेंगे। उल्लेखनीय है कि रामपुर सीट पर वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां की पत्नी तंजीन फातिमा चुनाव लड़ रही हैं।

# कृषि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन न होने पर मुख्य सचिव ने जताई नराजगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन समय से न होने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिए है कि 15 दिन के अन्दर निर्णयों का अनुपालन प्रत्येक दशा में कराया जाए। निर्णयों के अनुपालन में हुए विलम्ब और शिथिलता की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने धीमी प्रगति के कारण 28 प्रतिशत व्यय होने पर की प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि 31 अक्टूबर तक कम से कम 40 प्रतिशत तथा 30 नवम्बर तक कम से कम 60 प्रतिशत व्यय कराकर भारत सरकार से द्वितीय किस्त प्राप्त करने की कार्रवाई कराई जाए।

मुख्य सचिव राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की एसएलएससी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2019-20 के लिए कृषि, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, उद्यान, लघु सिंचाई एवं प्रदेश के कृषि विवि एवं संस्थाओं की लगभग 155 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग एवं संस्थाएं लाभार्थीपरक कार्यक्रमों में किसानों को अधिक से अधिक लाभ एवं अनुदान का भुगतान डीपीटी के माध्यम से तीव्र गति से कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत सृजित अवस्थापनाओं तथा परिसम्पत्तियों की शत-प्रतिशत जियो-टैगिंग किया जाए। तिवारी ने निर्देश दिए कि भविष्य में विभाग की प्राथमिकताएं तय करते हुए दिसम्बर तक आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाएं बना ली जाएं ताकि विभागीय योजनाओं के चयन में किसी भी स्तर पर विलम्ब न होने पाए।

उन्होंने पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय के बावजूद पशुपालन विभाग द्वारा 5 माह तक कार्यदायी संस्था नामित न किये जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिए।

# मतदान के 48 घंटे पूर्व से ही बन्द रहेंगी शराब की दुकानें

- उपचुनाव को लेकर 11 विधानसभा क्षेत्रों में लागू होगी व्यवस्था

**लखनऊ।** यूपी के 11 विधान सभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनाव एवं हरियाणा राज्य में होने वाले सामान्य विधान सभा चुनाव के मतदान के दौरान इन विधान सभा क्षेत्रों एवं उसके आठ किलोमीटर परिधि स्थित विदेशी मदिरा, देशी शराब, ताड़ी और भांग की समस्त लाइसेंसी दुकाने मतदान दिवस के 48 घण्टे पूर्व पूर्णतया बन्द रहेंगी। यही प्रतिबंध हरियाणा राज्य से लगे उत्तर प्रदेश सीमावर्ती क्षेत्रों में आठ किलोमीटर की परिधि में लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार जनपद लखनऊ की कैन्ट विधान सभा क्षेत्र के उप चुनाव के संचालन हेतु शान्ति व्यवस्था के हित में मतदान दिवस के 48 घण्टे पूर्व अर्थात् 19 अक्टूबर की सायं 5 बजे से 21 अक्टूबर को मतदान समाप्ति तक कैन्ट विधान सभा क्षेत्र एवं इसकी 8 किमी. की परिधि में आने वाली सभी देशी शराब, विदेशी शराब, बियर, मॉडल शाप, भांग, ताड़ी, बार सैन्य कैन्टीन एवं होटल, रेस्तरा, क्लब तथा शराब बेचने वाले अन्य संस्थान पूर्णतया बन्द रहेंगे। इसी प्रकार मतगणना दिवस को मतगणना स्थल से आठ किमी. की परिधि में स्थित सभी शराब की दुकाने मतगणना की समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेंगी।

# चंदौली का नाम बदले जाने का रास्ता साफ

- राजस्व विभाग को भेजी गई रिपोर्ट में चंदौली प्रशासन ने सहमति जतायी

**लखनऊ।** योगी सरकार एक और जिले का नाम बदलने जा रही है। चंदौली का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल नगर किया जा रहा है। नाम बदले जाने से पहले की सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है और कैबिनेट की मंजूरी के बाद जल्द नोटिफिकेशन होने की संभावना है। सरकार इससे पहले फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या और इलाहाबाद जिले का नाम बदल कर प्रयागराज कर चुकी है। इसके अलावा मुगलसराय तहसील का नाम भी बदला जा चुका है। सूत्रों की मानें तो औपचारिकताओं के पूरा होने से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ की तरफ से जिले का नाम बदले जाने का ऐलान किया जा सकता है।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि चंदौली जिले का नाम बदलने की पर सरकार में काफी समय से कवायद चल रही है। शासनस्तर की औपचरिकता के बाद जिले की भौगोलिक स्थिति तथा अन्य जरूरी जानकारियों पर जिला प्रशासन से सरकार ने रिपोर्ट मांगी थी, जो शासन को मिल चुकी है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट आने के बाद राजस्व विभाग चंदौली जिले का नाम बदले जाने के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में जुटा है ताकि इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिये भेजा जा सके। वर्ष 1997 से पहले चंदौली वाराणसी जिले का हिस्सा हुआ करता था,लेकिन तत्कालीन सीएम मायावती ने वाराणसी से अलग कर चंदौली जिले का सृजन कर दिया। पहले इस जिले में तीन तहसीलें सदर, चकिया, सकलडीहा थीं, लेकिन पूर्व की सपा सरकार ने नौगढ़ और नियामताबाद को तहसील का दर्जा देकर जिले में पांच तहसील कर दीं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक कुछ दिनों पहले शासन स्तर से जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी कि चंदौली जिले का नाम दीनदयाल नगर में किये जाने में कोई तकनीकी दिक्कत तो नहीं है। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में चंदौली के जिला प्रशासन ने अपनी सहमति दे दी है।

# लल्लू आज मुरादाबाद व मोना प्रतापगढ़ में करेंगी जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अजय कुमार लल्लू 18 अक्टूबर को प्रातः मुरादाबाद सर्किट हाउस, मुरादाबाद में कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित होंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह मुरादाबाद से चलकर सायं सहारनपुर पहुंचेंगे एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके उपरान्त सायं ननौता टाऊन, विधानसभा क्षेत्र गंगोह जनपद सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी नोमान मसूद के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने बताया कि 18 अक्टूबर 2019 को कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा अपरान्ह ननौती, जनपद प्रतापगढ़ पहुंच रही हैं जहां नसीरपुर में कायकर्ताओं से मुलाकात तथा उपचुनाव के संदर्भ में विचार-विमर्श करेंगीं। इसके उपरान्त राकी में कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित होंगी तथा उपचुनाव के संदर्भ में विचार विमर्श करेंगी। तत्पश्चात भोपियामऊ में जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में आयोजित विभिन्न जनसभाओं को पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी के साथ सम्बोधित करेंगीं।

# सीओ सहित सभी आरोपी पुलिस कर्मियों पर एफआईआर के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- एनएचआरसी की नोटिस के बाद हरकत में आया प्रशासन
- हापुड़ में पुलिस हिरासत के दौरान पिटायी से युवक की मौत का मामला

**हापुड़** जिले में बीते सोमवार को पुलिस हिरासत में हुई एक युवक की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के बाद सीओ और इंस्पेक्टर सहित चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीती 14 अक्टूबर को पुलिस हिरासत में थर्ड डिग्री देने से लाखन गांव निवासी तीस वर्षीय प्रदीप तोमर की मौत हो गयी थी। प्रदीप को पुलिस ने 30 अगस्त को लाखन गांव के जंगल में मिली महिला की जली लाश के मामले में हिरासत में लिया था। आरोप हैं कि अपराध कबूल करवाने के लिए उसे इस कदर टार्चर किया गया कि उसकी मौत हो गयी। मृतक के भाई ने पिलखुआ सीओ, इंस्पेक्टर, चौकी प्रभारी सहित चार पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। मामला तूल पकड़ने के बाद एसपी ने आरोपी सीओ, इंस्पेक्टर व अन्य पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया था। इधर इस मामले का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बीते बृहस्पतिवार को राज्य के मुख्य सचिव आरके तिवारी और डीजीपी ओपी सिंह को नोटिस भेजकर इस प्रकरण में जवाब तलब किया। एनएचआरसी की नोटिस के बाद शासन स्तर पर खलबली मची और जिले के पुलिस कप्तान को आरोपी पुलिस कर्मियों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिसके बाद एसपी ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दे दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि प्रदीप के भाई की ओर से तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# मेंटेनेंस के भारी भरकम बजट का प्रस्ताव खारिज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- आगरा, वाराणसी और बरेली के मानसिक चिकित्सालय को नये सिरे से प्रस्ताव भेजने के निर्देश

**आगरा,** वाराणसी और बरेली स्थित तीन बड़े मानसिक चिकित्सालयों को स्वास्थ्य विभाग ने नये सिरे से प्रपोजल भेजने के निर्देश दिये हैं। गुरुवार को शासन स्तर पर हुई बैठक में तीनों संस्थानों के अधिकारियों को यह निर्देश दिये गये हैं। तीनों चिकित्सालयों की तरफ से अस्पताल के मेंटीनेंस को लेकर सरकार से भारी भरकम बजट की मांग की गयी थी। जिसे शासन स्तर पर सम्पन्न हुई कमेटी की बैठक ने खारिज करते हुए संसोधन के साथ प्रस्ताव भेजने को कहा है। प्रदेश के इन तीन बड़े और पुराने चिकित्सालयों का संचालन प्रदेश सरकार की तरफ से किया जाता है। पर, इन हॉस्पिटलों को केन्द्र की तरफ से भी आर्थिक मदद मिलती रही है। इन चिकित्सालयों में वर्तमान में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की तैनाती के मामले के साथ ही नये भवन की मांग काफी दिनों से की जा रही है। पहले इन चिकित्सालयों की तरफ से शासन स्तर पर जो प्रस्ताव बनाकर भेजे गये थे, उसमें भारी भरकम बजट की मांग की गयी थी। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि अस्पतालों की तरफ से योजना आयोग के तहत संचालित स्कीम के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर भेजे गये थे। लेकिन केन्द्र सरकार ने योजना आयोग का समाप्त कर नीति आयोग की स्थापना कर दी है। ऐसे में पुरानी सभी योजनाएं स्वत: समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में आज बैठक में इन तीनों अस्पतालों के अधिकारियों को फिर से प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा गया है। जिसमें मरम्मत तक शामिल है।

# सरकार का 25 हजार होमगार्डों को हटाने का फैसला गलत: अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश सरकार द्वारा 25 हजार होमगार्डों की सेवाएं हटाने के फैसले को गलत करार देते हुए कहा कि इससे प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा होगा क्योंकि त्योहार के दौरान ऐसा करने से 25 हजार होमगार्ड ही नहीं बल्कि 25 हजार परिवार भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा है कि उप्र सरकार ने अचानक कानून व्यवस्था में सहायक सिद्ध होने वाले 25 हजार होमगार्डों के परिवार को निराशावादी फरमान जारी कर दिया है। अनिल दुबे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में एक भी युवाओं को रोजगार देने का काम तो किया नहीं बल्कि रोजगार छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण प्रणाली में अहम योगदान देने वाले होमगार्डों की डयूटी समाप्त करने से देश एवं प्रदेश की व्यवस्था नियंत्रण प्रणाली को कमजोर करने का काम किया है ,जिससे यह सिद्ध होता है कि प्रदेश के मुखिया का कानून व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुये कहा कि इस फरमान पर पुनर्विचार करते हुये राष्ट्र की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से समाप्त की गई होमगार्डों की डयूटी की शीघ्र बहाली की जाय।

# कोषागारों के कामकाज पर नजर रखने को तीसरी आंख का पहरा

## पीएम और सीएम के निर्वाचन क्षेत्र सहित अनेक जिलों में सीसीटीवी कैमरों ने काम करना शुरू किया

कमल दुबे। लखनऊ



**कोषागारों** के कामकाज पर नजर रखने के लिये सूबे के सभी कोषागारों पर तीसरी आंख का पहरा बिठा दिया गया है। हर छोटे-बड़े जिले के कोषागार में 16 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों से लैस किये जाने की सरकार की योजना है। इसके लिये सरकार ने आवश्यक धनराशि जारी कर दी है और पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्वाचन क्षेत्र सहित अनेक जिलों में इन कैमरों ने काम करना शुरू कर दिया है। योगी सरकार के इस कदम को सरकारी दफ्तरों के कामकाज बेहतर, भ्रष्टाचार से मुक्त और पारदर्शी बनाने की रणनीति के हिस्से से जोड़कर देखा जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि वाराणसी तथा गोरखपुर के अलावा लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, गाजियाबाद, आगरा, मेरठ तथा बरेली जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ अन्य सभी जिलों के कोषागारों में अक्टूबर महीने के अंत तक कैमरे लगने हैं। सभी जिलों को वित्त विभाग की तरफ से आवश्यक धनराशि जारी की जा चुकी है। जानकारों का कहना है कि तीन दर्जन से ज्यादा जिलों के कोषागारों में कैमरों ने काम करना भी शुरू कर दिया है। जिसमें वाराणसी और गोरखपुर के अलावा लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, गाजियाबाद तथा आगरा प्रमुख हैं। दरअसल योगी सरकार चाहती है कि सरकारी कामकाज में पारदर्शिता हो, ताकि जनता को दिक्कतों हर चीज की जानकारी साफ और स्पष्ट पता चल सके। सरकार का मानना है कि सरकारी कामकाज अगर पारदर्शी तरीके से काम करे तो अनेक समस्याएं आसानी से खत्म हो सकती हैं। अपनी इसी मंशा के चलते सीएम योगी सरकारी विभागों को ज्यादा से ज्यादा हाईटेक बनाना चाहते हैं। सचिवालय का पूरा कामकाज ऑन लाइन करके सीएम योगी ने इसकी शुरूआत की थी। इसके आगे चरण में सरकार चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा विभागों को कामकाज ऑन लाइन हो और पारदर्शी हो। सीएम की मंशा को जमीन पर उतारने के लिये कोषागारों को हाईटेक कैमरों से लैश किया जा रहा है। राजस्व तथा चकबंदी विभाग के कामकाज को पहले ही ऑन लाइन किया जा चुका है। कोषागारों को कैमरों की रडार पर लाने की सरकार की योजना के मुताबिक प्रत्येक जिले के कोषागार में 16 कैमरे लगाये जा रहे हैं, जो कोषागार के जिन स्थानों पर कामकाज होता है, वहां पर लगने हैं। सभी कैमरों को एक बड़ी स्क्रीन पर एक ही समय पर साथ शासन से लेकर जिले के डीएम और मुख्यकोषागार अधिकारी देख सकेंगे। कैमरे की गतिविधि की रिकार्डिंग होगी, जिसे जरूरत पड़ने पर सरकार के आला-अफसर भी देख सकेंगे। शासन के अधिकारियों का कहना है कि निचले स्तर पर कामकाज का माहौल ठीक होने पर सरकार की नीतियों और योजनाओं को सीधा असर जनता पर दिखेगा। जिस कारण आमजनता से जुड़े विभागों को हाईटेक बनाकर इनकी सेहत को ठीक करने की सरकार की कोशिश हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2019



# राजग पांच साल सरकार चला चुका, अब मेरी सरकार पर आरोप लगाना बंद करें

● पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री सीतारमण पर किया पलटवार



एजेंसी। मुंबई

**नरेंद्र मोदी सरकार पर** पलटवार करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार को पांच साल से अधिक समय हो चुका है इसलिए मोदी सरकार को हर आर्थिक संकट के लिए पिछली संप्रग सरकार को दोष देना बंद करना चाहिए और समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। मनमोहन यहां एक संवाददाता सम्मेलन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की पिछली सरकार पर की गई टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। सीतारमण ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के कार्यकाल के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र बुरे दौर में पहुंचा है।

सिंह ने स्वीकार किया कि उनके कार्यकाल में कुछ कमजोरियां रहीं लेकिन राजग सरकार को संप्रग की उन गलतियों से सीख लेते हुए विश्वसनीय समाधान उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजग सरकार को संप्रग की गलतियों से सीखना चाहिए। नीरव मोदी और अन्य ऋण बकाएदारों को सार्वजनिक धन लेकर नहीं भागना चाहिए या बैंकों की स्थिति बद से बदतर नहीं होनी चाहिए थी। सिंह ने कहा, आप (सरकार) साल दर साल यह नहीं कह सकते कि संप्रग ने गलतियां की। सत्ता में आपको साढ़े पांच साल हो चुके हैं। किसी सरकार के अपने सार्वजनिक कल्याण के वादों को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त समय होता है। हर बात का दोषारोपण संप्रग पर करने से देश की समस्याओं का कोई समाधान नहीं निकलेगा।

अपने 2004 से 2014 के शासन के बारे में सिंह ने कहा, जो हुआ सो हुआ, कुछ कमजोरी रही होगी। लेकिन इस सरकार को सत्ता में साढ़े पांच साल हो चुके हैं, इसे हमारी गलतियों से सीख लेनी चाहिए और उन समस्याओं का विश्वसनीय समाधान पेश करना चाहिए जिनका सामना अब भी देश कर रहा है। सिंह ने कहा कि इससे (दोषारोपण) से आपको कुछ बढ़त तो मिल सकती है लेकिन हमारे देश की मानवता जिन समस्याओं से जूझ रही है इससे उसका समाधान नहीं निकलेगा। इससे पहले सिंह ने सरकार के कारपोरेट कर में कटौती का स्वागत किया। देश में मांग बढ़ाने के लिए उन्होंने सरकार को अप्रत्यक्ष करों में कटौती करने का सुझाव दिया। उन्होंने आर्थिक माहौल में गिरावट के लिए मोदी सरकार पर दोष मढ़ते हुए कहा कि राजकाज संचालन में दोहरे इंजन का नमूना असफल हो गया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुस्ती के इस दौर में सरकार की सुस्ती और अक्षमता के कारण लाखों भारतीयों का भविष्य और उनकी आकांक्षाएं प्रभावित हो रहीं हैं। मनमोहन ने कहा कि साल दर साल आर्थिक वृद्धि में गिरावट आ रही है और ऐसे में सरकार के वादे के मुताबिक 2024 तक भारत को पांच हजार अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की उम्मीद पूरा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल सुर्खियों में रहने में विश्वास करती है और उसके पास कोई ठोस समाधान नहीं है यही सबसे बड़ी समस्या है। मनमोहन ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति को दायरे में व्यवस्थित रखने की एकधुन के कारण कृषि क्षेत्र में कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। इसकी वजह से महाराष्ट्र आज आत्महत्याओं की राजधानी बन गया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से केन्द्र और महाराष्ट्र की भाजपा सरकारें लोगों के भले की नीतियों को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं। महाराष्ट्र में विनिर्माण की वृद्धि दर पिछले चार सालों के दौरान गिरावट में रही है। पुणे सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में यही स्थिति रही है।

## फोन की घंटी बजने के समय को लेकर अंतिम राय बनाएगा ट्राई, आपरेटरों में छिड़ी बहस

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) कॉल आने पर घंटी बजने के समय को लेकर अगले दो सप्ताह में अपनी अंतिम राय तय करेगा। इस मुद्दे को लेकर नए और पुराने दूरसंचार आपरेटरों के बीच बहस छिड़ी हुई है। रिलायंस जियो ने प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के खिलाफ नया आरोप लगाते हुए कहा है कि ए धोखाधड़ीपूर्ण तरीके से फिक्स्ड लाइन पर की गई कॉल को मोबाइल कॉल के रूप में दिखाकर अनुचित फायदा उठा रही हैं। इसके लिए उनपर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। जियो के इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर ट्राई के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच भी प्राधिकरण को मिलने वाली अन्य शिकायतों की तरह ही की जा रही है। अधिकारी ने कहा, हमारे पास जब भी कोई शिकायत आती है उसकी जांच की जाती है। यदि उल्लंघन का कोई मामला होता है तो हम उस पर गौर करते हैं। रिलायंस जियो ने पुराने आपरेटरों पर आरोप लगाया है कि भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियां गैरकानूनी तरीके से वायरलाइन नंबर को छद्म तरीके से मोबाइल नंबर के रूप में दिखाकर अनुचित लाभ कमा रही हैं। जियो ने इन आपरेटरों पर नियमनों और लाइसेंसिंग नियमों के उल्लंघन के लिए भारी जुर्माना लगाने की मांग की है। वहीं भारती एयरटेल ने पलटवार करते हुए कहा है कि जियो ऐसी शिकायत कर कॉल जोड़ने के शुल्क पर विचार विमर्श से पहले नियामक को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।



जम्मू कश्मीर के बड़गांव में अखरोट की पैकिंग से पहले उन्हें छांटते श्रमिक। इस बार घाटी तनाव के चलते फलों की खेती में देर हुई है

## राज्यों कर्नाटक नवप्रवर्तन रैंकिंग में शीर्ष पर, सबसे बेहतर निवेश स्थल भी

**नई दिल्ली।** नवप्रवर्तन के आधार की गई राज्यों की रैंकिंग में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर रहा है। उसके बाद क्रमश: तमिलनाडु और महाराष्ट्र का स्थान रहा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वहीं दूसरी तरफ बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ सूची में सबसे नीचे हैं। भारत नवप्रवर्तन सूचकांक 2019 को वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक (जीआईआई) के अनुरूप ही तैयार किया गया है। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की नई खोज को लेकर माहौल पर गौर किया गया है। इससे नीतिनिर्माताओं को हर क्षेत्र में नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए नीति तैयार करने में मदद मिलेगी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने यह रिपोर्ट जारी की। निवेश आकर्षित करने के लिहाज से भी एक बार फिर कर्नाटक शीर्ष स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। उसके बाद क्रमश: महाराष्ट्र, हरियाण, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का स्थान रहा। रिपोर्ट में नवप्रवर्तन के मामले में रैंकिंग तीन श्रेणियों... बड़े राज्य, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों । शहर और छोटे राज्य... के अंतर्गत की गई है। पूर्वोत्तर राज्यों की श्रेणी में सिक्किम शीर्ष पर जबकि केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली ऊंचे पायदान पर है। नवप्रवर्तन सूचकांक में ऊपर जगह बनाने वाले अन्य राज्यों में तेलंगाना, हरियाणा, केरल, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। रिपोर्ट में देश में नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कारकों का गहराई से विश्लेषण किया गया है। यह देश के सतत विकास के लिहाज से नीतिनिर्माताओं और उद्योगों को कुछ मुद्दों को चिन्हित करने में मदद करती है ।पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों में मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है जबकि केंद्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप, दिल्ली और गोवा शीर्ष तीन में हैं ।रिपोर्ट के अनुसार, एक देश के लिए प्रभावी रूप से नीति तैयार करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर नवप्रवर्तन की स्थिति को समझने की जरूरत है। केवल राष्ट्रीय स्तर पर नीति पर्याप्त नहीं है। प्रत्एक राज्य को अपने अनूठे संसाधनों और विशेषताओं के आधार पर जरूरतों के अनुसार अपनी नीति तैयार करने की आवश्यकता है। कुमार ने कहा कि नवप्रवर्तन हमेशा बदलाव और प्रगति का अगुवा रहा है क्योंकि इससे पुरानी और कुंद पड़ चुकी गतिविधियां खत्म होती हैं।

## शिवराज सरकार ने निवेश के झूठे आंकड़ों के बूते जनता को छला : कांग्रेस

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के तीन साल पहले यहां आयोजित निवेशक सम्मेलन की सफलता पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछली शिवराज सरकार ने निवेश के झूठे आंकड़ों के बूते जनता को छला था, क्योंकि इस सम्मेलन में आए निवेश के अधिकांश प्रस्ताव हकीकत में तब्दील नहीं हो सके ।कांग्रेस के मीडिया विभाग की प्रमुख शोभा ओझा ने यहां कहा, शिवराज सरकार का पूरा ध्यान दिखावटी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के बूते निवेश के झूठे आंकड़े पेश कर जनता को छलने पर केंद्रित था। पिछले निवेशक सम्मेलन की असफलता साफ दिखाई देती है, क्योंकि शिवराज सरकार के राज में सूबे के बेरोजगारों ने बड़ी तादाद में आत्महत्या की थी। उन्होंने कमलनाथ नीत कांग्रेस सरकार के कल शुक्रवार को यहां आयोजित पहले निवेशक सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा, हमारी सरकार इस सम्मेलन में निवेशकों के साथ एमओयू नहीं करेगी। गंभीर निवेशक इस कार्यक्रम में खुद बताएंगे कि वे प्रदेश में औद्योगिक परियोजनाओं में कितनी पूंजी लगाने जा रहे हैं ।गौरतलब है कि कमलनाथ सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने मीडिया को जानकारी दी है कि पूर्ववर्ती शिवराज सरकार के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2016 में यहां आयोजित निवेशक सम्मेलन में करीब पांच लाख करोड़ रुपए के एमओयू पर दस्तखत किए गए थे। लेकिन इसमें से 1.20 लाख करोड़ रुपए का निवेश ही धरातल पर उतर सका जो इन एमओयू की कुल राशि का 24 प्रतिशत है।

## मप्र के सरकारी स्कूल के एक कमरे में ठूंसे गए 17 आवारा गाय-बैलों की मौत

एजेंसी। ग्वालियर

**ग्वालियर जिला** मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर डबरा तहसील के समूदन गांव में आवारा घूम रहे गौवंशों को सरकारी स्कूल के एक छोटे से कमरे में कथित रूप से सात दिन तक बिना चारा-पानी के ठूस-ठूस कर बंद कर दिया गया, जिससे आठ गायों सहित 17 गौवंश की मौत हो गई। इलाके में बदबू फैलने के बाद बुधवार रात को सभी शवों को कमरे से बाहर निकाला गया। डबरा के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) राघवेन्द्र पांडे ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि समूदन गांव के सरकारी स्कूल परिसर में मरे हुए गौवंश को दफ्नाया जा रहा है। इसके बाद तुरंत मैं पुलिस बल के साथ बुधवार रात को ही मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक गाय दफ्नाने वाले वहां से भाग गए थे।

जिन 17 गौवंश की मौत हुई है, उनमें 8 गाय एवं 9 बैल हैं। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच जारी है। हालांकि, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इनकी मौत का दम घुटने से हुई या भूख-प्यास से या किसी अन्य कारण से। उन्होंने कहा, पहले हमने गायों को गड्ढे से बाहर निकाला और उनका पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। पांडे ने बताया, इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा, इस स्कूल परिसर में जनपद और आंगनबाड़ी केन्द्र सहित चार सरकारी कार्यालय हैं और इनके कर्मचारियों को भी नोटिस दिया गया है। यदि कोई भी कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ आपराधिक और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार इनकी मौत के बाद जब बदबू बाहर आई तो अज्ञात ग्रामीणों ने बुधवार की रात को स्कूल परिसर में गड्ढा खोदकर गाय-बैलों को दफ्नाना शुरू कर दिया। इसकी खबर दूसरे ग्रामीणों और कुछ हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को लगी और वे मौके पर पहुंच गए। इसी बीच, बजरंग दल के स्थानीय नेता मनोज रजक ने दावा किया, इन गौवंश को करीब एक सप्ताह पहले स्कूल के एक कमरे में अज्ञात ग्रामीणों ने बंद कर दिया था। उन्हें चारा-पानी भी नहीं दिया गया। इनकी मौत के बाद जब बदबू बाहर आई तो ग्रामीणों ने बुधवार की रात को स्कूल परिसर में गड्ढा खोदकर गायों को दफ्नाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी खबर मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को मरे हुए इन गौवंश को दफ्नाते हुए भी देखा था, जिसके बाद हमने एसडीएम को इसकी सूचना दी। रजक ने बताया कि इन गौवंशों की मृत्यु दम घुटने से भी हो सकती है, क्योंकि इन्हें एक छोटे से कमरे में ठूस-ठूस कर भरा गया था। इसके अलावा, आपसी लड़ाई में भी इनकी मौत हो सकती है, क्योंकि कमरे की दीवारों पर खून के धब्बे दिखाई दिए हैं।

## जनसूचना मांगने से नाराज हुए सीएमओ

**ललितपुर।** जनसूचना मांगने से बौखलाये स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ पर अभद्रता करने एवं गाली-गलौच करते हुये कार्यालय से भगा देने का आरोप लगाते हुये युवा अधिवक्ता अनुराग सिंह लोधी ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। शिकायती पत्र में अनुराग सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा की जा रही खुलेआम प्राईवेट प्रक्टिस की जानकारी चाही गयी थी। इस मामले में जनसूचना दिये जाने के लिए निर्धारित समय व्यतीत होने पर अनुराग सिंह सीएमओ कार्यालय जा पहुंचे। जहां उन्होंने सीएमओ से जनसूचना दिलाये जाने की मांग की। अनुराग सिंह का आरोप है कि सीएमओ ने उनसे अभद्रता करते हुये गाली-गलौच की और कार्यालय से भगा दिया। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुये कार्यवाही किये जाने एवं मांगी गयी जनसूचना दिलाये जाने की मांग उठायी है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह में प्रतियोगिताएं आयोजित

● जीआईसी में बच्चों ने किया प्रतियोगिताओं में लिया भाग

संवाददाता। ललितपुर

**उ.प्र.** शासन द्वारा 14 से 20 अक्टूबर 2019 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिसके अन्तर्गत परिवहन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी, एवं अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की गम्भीरता से जनमानस को जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में स्वयं सेवी संस्थाओ के सहयोग से परिवहन विभाग ललितपुर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उपरोक्त के क्रम में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का अयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर के सहयोग से जनपद के समस्त विद्यालयों में कक्षा 09 से 12 तक के छात्रों में कराया गया। इसी क्रम में आज सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह के मुख्य अतिथ्य में राजकीय इण्टर कालेज ललितपुर में उक्त कार्यक्रम का अयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी (प्रधानाचार्य) के निर्देशन में कराया गया। जिसमें विद्यालय के 65 बच्चों के मध्य क्विज प्रतियोगिता तथा 42 बच्चों के मध्य चित्रकला में प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी, झांसी द्वारा प्रतिभागी छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति वरती जानी वाली सावधानियों से अवगत कराया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन किये जाने के सम्बन्ध में प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ल, यात्रीकर अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल तथा विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारी

## महिला सशक्तीकरण व समानता को लेकर सरकार लगातार प्रयत्नशील

**ललितपुर।** वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार प्रगतिशील हस्तक्षेपों के माध्यम से एक न्यायपूर्ण समाज स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में महिला सशक्तिकरण व समानता पर विभिन्न अधिनियमों व योजनाओं के माध्यम से सरकार निरंतर प्रयत्नरत है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक प्रकार के कार्यक्रमों तथा योजनाओं का अनुश्रवण समस्त विभागों द्वारा किया जा रहा है, जिसके सम्बंध में महिला एवं बाल विकास (महिला कल्याण विभाग) उ0प्र0 द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक डीएम मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा शासन की प्राथमिकताओं में महिलापरक कार्यक्रमों/योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण किया जाना है।

## स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**ललितपुर।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 से सम्बंधित 'स्टीयरिंग कमेटी' की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, झांसी द्वारा एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 के किनारे प्रस्तावित कार्यों के बारे में बताया गया। इसके अन्तर्गत सर्विस रोड का निर्माण, छह स्थानों पर जनता एवं पशुओं के निकलने के लिए वीयूपी एवं सीयूपी का निर्माण, बड़े जंक्शन का नवनिर्माण, 21 स्थानों पर छोटे जंशनों का नवनिर्माण, 24 स्थानों पर पानी के निकास हेतु पुलिया का निर्माण, हाईवे पर मिलने वाले रास्तों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, 12 स्थानों पर सड़क के किनारे स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए बस सेल्टर का निर्माण, ग्राम बांसी में चैनेज 75 पर ट्रामा सेंटर का निर्माण, बीघाखेत टोल प्लाजा पर प्रशासनिक भवन का निर्माण, पुलों पर पशुओं की सुरक्षा हेतु मीडियन वॉल का निर्माण तथा सड़क के दोनो ओर आवश्यकतानुसार यातायात की सुविधा के लिए साईनबोर्ड को लगाये जाने के कार्य प्रस्तावित हैं। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम कड़ेसरा के पास हुई दुर्घटना में एनएचएआई की एंबुलेंस घटनास्थल पर समय से न पहुंचने के सम्बंध में स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था, जिसके अनुपालन में अब तक कोई आख्या उपलब्ध नहीं करायी गई। डीएम ने निर्देश दिये कि हाईवे पर होने वाली घटनाओं की सूचना मिलने पर एनएचएआई की एंबुलेंस समय से पहुंचाई जाये जिससे घटना स्थल पर पीड़ित को समय से सहायता प्राप्त हो सके। बिजली का बिल जमा न करने के संबंध में सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है, इस पर डीएम ने उपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देश दिये कि शासन द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, झांसी द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर तत्काल प्रकरण का समाधान करायें। डीएम ने कहा कि परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग के संचालन एवं प्रबंधन के सम्बंध में कराये गए समस्त कार्यों की सूचना उपलब्ध करायें, साथ ही कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी

## पेज एक का शेष

### बांग्लादेशी सेना ...

श्रीरोचर गांव के निवासी प्रणब मंडल के रूप में हुई है और बताया जाता है कि वे अब भी बीजीबी की हिरासत में हैं। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और हालात का जायजा ले रहे हैं। इस घटना के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दोनों बल के शीर्ष अधिकारी हर छह माह पर मुलाकात करते हैं। पिछली बार जून में महानिदेशक स्तर पर ढाका स्थित बीजीबी के मुख्यालय पिलखाना में बातचीत हुई थी। इस घटना के आलोक में 4,096 किमी लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### नीरव मोदी ...

भारत को प्रत्यर्पित किए जाने के मामले के संबंध में यह सुनवाई चल रही है। नीरव मोदी को स्कॉटलैंड यार्ड के अधिकारियों ने 19 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह तब से ही दक्षिण-पश्चिम लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। सॉलिसीटर आनंद दूबे और बैरिस्टर क्लेयर मोंटगोमरी के नेतृत्व में उसकी कानूनी टीम ने उसकी गिरफ्तारी के बाद से चार जमानत याचिकाएं दायर की जिसे हर बार खारिज कर दिया गया। दलील दी गई कि मोदी फरार हो सकता है।

### घर का ...

को कब गिरफ्तार किया जाए और कब हिरासत में पूछताछ की जाए ताकि इसका नतीजा मिल सके। न्यायालय जांच अधिकारी के इस विवेकाधिकार का सम्मान करता है कि वह किस तरीके से जांच करेगा। अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी ने कभी भी आरोपी से पूछताछ करने के लिए उनसे संपर्क नहीं किया, जब वह सीबीआई के मामले में न्यायिक हिरासत में थे। उन्होंने कहा, जिन गवाहों से पूछताछ की गई, निश्चित रूप से वे पहले भी उपलब्ध रहे होंगे क्योंकि मामला काफी पहले 18 मई 2017 को दर्ज किया गया था। इन गवाहों से पहले पूछताछ की जा सकती थी, लेकिन मैं फिर कहूंगा कि जांच अधिकारी यह तय करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त व्यक्ति हैं कि कब पूछताछ करें और किस गवाह से (पूछताछ) करें। न्यायाधीश ने कहा, हालांकि मेरी राय है कि ईडी को उस समय का इस्तेमाल करना चाहिए था जब आरोपी सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत में थे। हालांकि उन्होंने कहा कि वह सिर्फ इसी आधार पर ईडी को आरोपी से पूछताछ करने की अनुमति देने से इनकार नहीं कर सकते हैं।

ईडी की तरफ से पेश हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि छह सितंबर से एजेंसी ने 12 गवाहों से पूछताछ की और अंतिम पूछताछ नौ अक्टूबर को हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौरान ईडी कुछ अतिरिक्त सबूत जमा कर रही थी। चिदंबरम की तरफ से उपस्थित हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने ईडी की याचिका का विरोध किया और कहा कि जब आरोपी ने पांच सितंबर को आत्मसमर्पण कर दिया था, तो ईडी ने पूछताछ के लिए उन्हें गिरफ्तार करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा, सीबीआई मामले में आरोपी की हिरासत की अवधि (गिरफ्तारी से 60 दिन) खत्म होने वाली है, इसलिए उनकी हिरासत को बढ़ाने के लिए ईडी इस आवेदन को आगे बढ़ा रही है। अदालत ने बुधवार को आएएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में चिंदबरम के अदालत में हाजिर होने के लिए वारंट जारी किया था।

### शेर के बाड़े ...

रहा और फिर पास आकर उसे सूंघा। उसके बाद उसके गले में पंजे डाल दिए। चिड़ियाघर के जनसंपर्क अधिकारी रियाज अहमद खान ने बताया कि युवक करीब 15 मिनट बाड़े में रहा। दस-बारह कर्मचारियों की टीम ने शेर को नशे का इंजेक्शन देकर शांत किया और युवक को सकुशल बचा लिया। संयुक्त पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि रेहान के साथ हादसा हुआ है या यह घटना किसी शरारत का परिणाम है, इसकी जांच की जा रही है।

## दस्त से बचना है तो साफ पानी ही पिएं

● रेपिड रेस्पांस टीम का किया गया गठन : सीएमओ

**ललितपुर।** बारिश का मौसम खत्म होने के बाद अक्सर उल्टी दस्त के मामले सामने आते हैं। कई मौकों पर लोग इसे सामान्य समझते हैं और समय पर चिकित्सकीय मदद नहीं लेते। डायरिया गंदा पानी पीने से होने वाली बीमारी है। गांव हो या शहर, सभी को पीने के पानी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पानी उबाल कर या फिल्टर का ही पियें। और इस मौसम में बाहर का और बासी खाना खाने से बचे यह कहना है संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डा.अजय भाले का। उन्होने बताया अगर बच्चों को उल्टी दस्त हुआ है तो तुरंत उन्हे ओआरएस का घोल दे, अगर यह उपलब्ध नहीं है तो चावल का माड़ या नींबू और नमक का घोल दे, और तुरंत निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर जा कर दिखाये।

एपीडेमियोलोजिस्ट डा.देशमुख बताते हैं डायरिया में लगातार उल्टी और दस्त होते हैं। अगर 24 घंटे में तीन से अधिक बार दस्त होते हैं तो यह डायरिया के लक्षण हैं। कई बार उल्टी भी होती है। कई मरीजों को सिर्फ दस्त ही होते हैं। दस्त होना डायरिया का सबसे बड़ा लक्षण होता है। अगर दिन भर में कई बार दस्त होते हैं तो मरीजों को लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और तुरंत नजदीकी अस्पताल जाना चाहिए। ये बीमारी बड़ों या बच्चों किसी को भी हो सकती है। वह बताते हैं आजकल डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

ग्रामीण इलाकों में हैंडपम्प के आस-पास पानी जमा न होने दें। ये जमा गंदा पानी धीरे धीरे रिस कर हैंडपम्प में ही पहुंच जाता है और हैंडपम्प का पानी गंदा हो जाता है। यही पानी लोग पीने में इस्तेमाल कर लेते हैं। ऐसे में डायरिया होने की संभावना ज्यादा हो जाती है। डा.देशमुख ने बताया इंडिया मार्का-2 हैंडपम्प ही लगवाएं। ये हैंडपम्प अधिक गहराई में लगाये जाते हैं। जमीन के नीचे 100 फीट से अधिके गहराई में बोरिंग की जाती है। ज्यादा से ज्यादा गहराई से खींचा गया पानी साफ और सुरक्षित होता है। इस बार डायरिया साफ पानी नहीं पीने के साथ ही बाहर के खाने, खाने से पहले हाथ न धोने, खुले हुए रखे भोजन को खाने से भी हो जाता है। इसलिए इन चीजों का ख्याल रख इस बीमारी से बचा जा सकता है। अगर उल्टी दस्त जैसे लक्षण दिखे तो बिना देर किए सबसे पहले ओआरएस का घोल पीना चाहिए।

गांवों में ओआरएस आशा और एएनएम के पास उपलब्ध होते हैं। ऐसे में ओआरएस इस कमी को संतुलित करता है और डिहाइड्रेशन रोकता है। ओआरएस लेने के साथ ही चिकित्सकीय मदद लेने में देर नहीं करनी चाहिए। सीएमओ डा.प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी परस्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ विभाग ने रैपिड रेस्पोंस टीम बनाई है, इस टीम में डॉक्टर, फर्मासिस्ट और वार्ड बॉय है। यह टीम जिले के साथ ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पर एम्ब्युलेन्स के साथ तैनात रहती है। उन्होने बताया कि तत्काल संपर्क करने के लिए गाँव की आशा से या उनके खुद के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने बलवंत सिंह राजपूत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ललितपुर के जिला संगठन को फिर से गठित कर दिया है। लम्बे समय से कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की विचारधारा को जमीनी स्तर तक ले जाने का प्रयास कर रहे बलवंत सिंह राजपूत को कांग्रेस ने ललितपुर जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी है। नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह राजपूत का प्रथम ललितपुर जनपद आगमन शताब्दी ट्रेन के जरिए हुआ। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह का रेलवे स्टेशन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर स्वागत सम्मान किया। उनके साथ पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य भी मौजूद रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुये कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में सर्वप्रथम अतिशय क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किये। इसके बाद वह सिद्धक्षेत्र तुवन मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने श्री हनुमान जी महाराज के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रवादी विचारधारा वाले लोगों को मारा जा रहा है : संघ

एजेंसी। भुवनेश्वर



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रवादी विचारधारा वाले लोगों की हत्या होने का आरोप लगाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद तिहरे हत्या कांड पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में संघ के सह सर कार्यवाह मनमोहन वैद्य ने यह बात कही। संघ के अनुसार मृतक शिक्षक बंधुप्रकाश पाल संघ समर्थक थे लेकिन मृतक के घरवालों ने किसी भी तरह के राजनीतिक संबंध से इनकार किया है। वैद्य बुधवार को यहां तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे जिसका उद्घाटन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया। पहली बार ओडिशा में आयोजित इस बैठक में देश भर से 350 संघ के प्रमुख पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इसमें संघ के सरकार्यवाह भैयाजी जोशी भी शामिल हैं।

वैद्य ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, संघ के विस्तार और विकास के लिए योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। यह मार्च में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की समीक्षा बैठक हैमुर्शिदाबाद के 35 वर्षीय पाल, उनकी गर्भवती पत्नी ब्यूटी और 8 साल के बेटे आंगन की हत्या ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर दिया है। पुलिस ने मामले को सुलझाने का दावा करते हुए पेशे से राजमिस्त्री उत्पल बेहरा को गिरफ्तार किया है। अयोध्या मुद्दे पर बोलते हुए वैद्य ने कहा कि राम मंदिर एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे देश की आस्था और विश्वास का विषय है।अनुच्छेद 370 के निरस्त होने पर उन्होंने कहा, यह एक अस्थाई प्रावधान था और राष्ट्रीय सहमति से केंद्र सरकार ने इसे खत्म करने का फैसला किया। वैद्य ने कहा कि संघ की शाखाएं जातिगत भेदभाव खत्म कर लोगों में सद्भाव बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास पर वैद्य ने कहा कि वर्तमान में 57,411 दैनिक शाखाएं और 18,923 साप्ताहिक शाखाएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 2010 से 2014 के बीच लगभग 6,000 नई शाखाएं बनी हैं। 2018 की तुलना में इस साल 1,500 शाखाएं बढ़ी हैं।



पटना में करवाचौथ के मौके पर पूजन से पहले सामूहिक चित्र खिंचातीं महिलाएं



**तमिलनाडु में** सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने गुरुवार को अपना 48 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पार्टी मुख्यालय में समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी और ओ. पन्नीरसेल्वम जैसे पार्टी के शीर्ष नेता मौजूद थे। अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की स्थापना 1972 में दिवंगत मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन ने द्रमुक से निकलने के बाद किया था। दिवंगत एम करुणानिधि से विवाद के बाद रामचंद्रन को पार्टी से निकाल दिया गया था।रोयापट्टा स्थित अन्नाद्रमुक मुख्यालय को इस अवसर पर पूरी तरह से सजा दिया गया है। मुख्यालय मे पलानीस्वामी और पन्नीरसेल्वम ने गुरुवार को रामचंद्रन और दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया। अन्नाद्रमुक मुख्यालय की आरे से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होने पार्टी ध्वज फहराया और उपस्थित लोगो को मिठाइयां बांटी।

# शिवसेना के पूर्व विधायक के घर पर हमला

## ● उद्धव पर टिप्पणी करने का मामला

एजेंसी। औरंगाबाद

**शिवसेना के** पूर्व विधायक हर्षवर्द्धन जाधव के महाराष्ट्र के औरंगाबद जिले स्थित आवास पर बुधवार देर रात अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की।

गौरतलब है कि जाधव ने एक चुनावी रैली में उद्धव ठाकरे के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणियां की थीं।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हमला देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। इसमें उनके घर की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं और एक कार को भी नुकसान पहुंचा है।

हमले के वक्त घर में जाधव की पत्नी और दो बेटे मौजूद थे। राज्य में 21 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में जाधव औरंगाबाद के कन्नड से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पुलिस ने बताया कि बुधवार को यहां एक रैली में उन्होंने कांग्रेस के पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार को शिवसेना में शामिल करने को लेकर ठाकरे के बारे में कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सत्तार जिले की सिलोड विधानसभा सीट से शिवसेना के उम्मीदवार हैं। जाधव की कथित टिप्पणियों वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिवसेना के कुछ नाराज कार्यकर्ता बुधवार शाम सिडको थाने पहुंचे और उन्होंने जाधव के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की।इसके बाद, देर रात कुछ अज्ञात लोगों ने उनके आवास पर पत्थर फेंके और कार तथा खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस बाबत जाधव की पत्नी ने शिकायत दर्ज करवाई है। संजना जाधव ने संवाददाताओं को बताया, हमारे घर पर हमला करने वाले लोग जय भवानी , जय शिवाजी के नारे लगा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जाधव के घर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जिले में उनके एक अन्य घर पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पिछले वर्ष जाधव ने मराठा, धनगर और मुस्लिम समुदाय को आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी नेतृत्व से मतभेदों के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। फिर उन्होंने शिव स्वराज्य बहुजन पक्ष नाम का अपना अलग दल बनाया था।इस बीच शिवसेना के जिला अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य अंबादास दानवे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ठाकरे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण पार्टी के कार्यकर्ता जाधव से नाराज हैं।

# पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूर्वोत्तर के प्रति धारणा बदलनी होगी : पर्यटन मंत्री

**इम्फाल।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा है कि पूर्वोत्तर में ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए क्षेत्र के प्रति बनी गलत धारणा को बदलना होगा। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह के साथ मणिपुर के उखरूल में तीसरे शिरुई लिली उत्सव का उद्घाटन करते हुए पटेल ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से पूर्ण एवं समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर होने के बावजूद, क्षेत्र बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा, राज्य में ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने के तरीकों की खोज के लिए सभी पक्षों को संयुक्त प्रयास करने की जरूरत है। पटेल ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री को पत्र लिख कर पूछा है कि क्या केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए कम से कम एक बार पूर्वोत्तर का दौरा करना अनिवार्य बनाया जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### जिला रसद अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को सिरोही के जिला रसद अधिकारी को 40,000 रुपए की कथित रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि जिला रसद अधिकारी मोहनलाल कथित तौर पर सिरोही जिले की उचित मूल्य की दुकानदारों के संचालकों से उनका प्राधिकार पत्र निलंबित करने की धमकी देकर प्रति दुकान एक हजार रुपए मांग रहे थे। सिरोही जिले मे ऐसी लगभग 400 दुकाने है इस तरह से वह चार लाख रुपए मांग रहे थे। राजस्थान राज्य अधिकृत राशन विक्रेता नियोजक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने इसकी शिकायत ब्यूरो में कर दी। ब्यूरो ने जाल बिछाते हुए अधिकारी मोहनलाल को कथित रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 40,000 रुपए लेते हुए गुरुवार को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस मामले मे आगे कार्वाई की जा रही है।

### गोवा में पांच छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा मे एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को पांच छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप मे गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक अरविंद गवास ने संवाददाताओ को बताया कि दक्षिण गोवा जिले के पोंडा शहर मे स्थित स्कूल की पांच छात्राओ ने शिक्षक के खिलाफ अधिकारियो से शिकायत की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गवास ने कहा, पांचवी और सातवी कक्षा की सभी नाबालिग छात्राओ ने स्कूल की आंतरिक शिकायत समिति को बताया कि शिक्षक ने उनके साथ छेड़छाड़ की। लड़कियो ने आरोप लगाया कि शिक्षक ने उन्हे अनुचित तरीके से छुआ। स्कूल की आंतरिक समिति ने तब जांच की और उनके खिलाफ लगे आरोपो को सही पाया।उन्होने बताया, स्कूल की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा दर्ज कराई गई एक पुलिस शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और गुरुवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# राजस्थान : आम मतदाता भी लड़ सकेगा मेयर-सभापति का चुनाव

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान में** स्थानीय निकायों में महापौर, सभापति व अध्यक्ष बनने के लिए अब पार्षद होना अनिवार्य नहीं है। किसी निकाय में पार्षद बनने की योग्यता रखने वाला व्यक्ति सम्बद्ध निकाय के प्रमुख पद के लिए दावेदारी कर सकता है। स्वायत्त शासन विभाग ने बुधवार रात इस बारे में अधिसूचना जारी की। इस अधिसूचना राजस्थान नगरपालिका (निर्वाचन) (चतुर्थ संशोधन) नियम 2019 के अनुसार नगरपालिका संस्था के सिर्फ निर्वाचित सदस्यापार्षद ही अध्यक्षासभापति महापौर पद के लिए मतदान करके अपने अध्यक्ष सभापति महापौर को निर्वाचित कर सकेंगे। इसके साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि निर्वाचित सदस्य व नगरपालिका परिषदानिगम क्षेत्र का कोई भी मतदाता जो सदस्यापार्षद बनने की पात्रता रखता है और सदस्यापार्षद बनने के लिए अयोग्य नहीं है, वह उस नगरपालिका परिषदा निगम का अध्यक्षा सभापति महापौर का चुनाव लड़ सकता है। यानी नगर निकाय प्रमुख का चुनाव लड़ने के लिए जरूरी नहीं है कि वह निर्वाचित पार्षद हो। यह अधिसूचना ऐसे समय में जारी की गई है जबकि सोमवार को ही राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में नगरीय निकायों में नगर निगम मेयर, नगर परिषद सभापति व नगर पालिका चेयरमैन के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से ना होकर परोक्ष प्रणाली से करवाने का फैसला किया था। यानी ये चुनाव मतदाता सीधे न कर पार्षद करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य में नवंबर माह में स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं। राज्य सरकार की इस पहल पर मिली जुली प्रतक्रिया देखने को मिली है। जानकारों के अनुसार नए नियमों में कुछ चीजें अब भी स्पष्ट नहीं हैं। स्वायत शासन व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल इस नए मॉडल के बारे में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन करने वाले थे जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस कमजोर नहीं, सक्रियता से काम कर रही: पवार

एजेंसी। मुंबई



**राकांपा प्रमुख** शरद पवार ने महाराष्ट्र कांग्रेस का बचाव करते हुए कहा है कि यह कमजोर नहीं है और जमीनी स्तर पर बड़ी ही सक्रियता से काम कर रही है। पवार ने इस दावे को खारिज कर दिया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस धारणा की लड़ाई में पिछड़ रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने के भाजपा नीत केंद्र सरकार के फैसले का राज्य में जमीनी स्तर पर लोगों पर कोई असर नहीं दिख रहा।

पवार ने कहा, महाराष्ट्र में लोग बदलाव के मूड में हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे की इस टिप्पणी को भी खारिज कर दिया कि कांग्रेस और राकांपा थक गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि पवार के अलावा महाराष्ट्र से विपक्ष का कोई भी नेता चुनाव प्रचार में नहीं दिख रहा है, जिसका यह मतलब है कि प्रदेश कांग्रेस धारणा की लड़ाई में पिछड़ रही है।

पवार ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। कांग्रेस महाराष्ट्र में जमीनी स्तर पर बखूबी संगठित है। मैंने कई स्थानों पर देखा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रियता से काम कर रहे हैं। दोनों पार्टियां राज्य विधानसभा चुनाव गठबंधन कर लड़ रही है। पवार ने कहा, सिर्फ यह अंतर है कि उधर (भाजपा की ओर से) प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी), केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) हैं, बड़े-बड़े नेता हैं। जबकि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व राज्य (महाराष्ट्र) से नहीं आते...महाराष्ट्र से राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का कोई नेता काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस कमजोर है। कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं की एक बड़ी फौज है जो जमीनी स्तर पर अच्छा काम करते हैं। शिंदे की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राकांपा प्रमुख ने कहा, वह व्यक्तिगत रूप से थक गए होंगे। उन्होंने मेरा नाम भी लिया। वह थक गए होंगे, लेकिन मैं नहीं। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाला से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी द्वारा खुद को नामजद किए जाने और एक अन्य मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल को तलब किए जाने के समय पर भी सवाल उठाया। पवार ने धन शोधन के मामले में राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नामजद और तलब किए जाने को लेकर भी राजग सरकार पर शक्तियों के दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि पुलवामा में फरवरी में हुए आतंकी हमले के बाद लोगों के बीच बनी भावना का फायदा लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिला। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत प्रचार किया था।

हालांकि, उन्होंने कहा, लोग आमतौर पर उस वक्त एकजुट हो जाते हैं जब राष्ट्रीय आपदा होती है। जैसा कि हमने 1971 में (भारत-पाक युद्ध के दौरान) देखा। उन्होंने पिछले साल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि लोग लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में अलग-अलग तरह से वोट करते हैं।

## आरएसएस संबद्ध एनजीओ सांसदों को संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण देगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक गैर लाभकारी संगठन ने सांसदों को संस्कृत सीखने एवं बोलने का प्रशिक्षण देने के संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अनुरोध किया है। संस्कृत भारती के अखिल भारतीय समन्वयक दिनेश कामत ने कहा कि संगठन ने पूर्व में भी सांसदों के लिए ऐसे प्रशिक्षणों का आयोजन किया है। अमेरिका में भी इसकी एक शाखा है। यह संगठन संस्कृत को पुन: प्रचलित करने की दिशा में काम कर रहा है।कामत ने बताया, हमने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अनुरोध किया है और सांसदों को संस्कृत सीखने एवं बोलने में प्रशिक्षित करने के लिए 10 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उनकी अनुमति भी मांगी है। कामत ने कहा कि बिरला ने संस्कृत भारती के प्रतिनिधियों से कहा है कि वह उनके अनुरोध पर विचार करेंगे। संगठन की दिल्ली इकाई के प्रभारी कौशल किशोर तिवारी ने कहा कि उनका प्रतिनिधिमंडल बिरला से दोबारा मुलाकात की योजना बना रहा है।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद फिलीपीन और जापान की यात्रा पर रवाना

## ● कोविद जापान में वहां के नरेश नारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे

एजेंसी। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद फिलीपीन की राजकीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को रवाना हो गए जहां से वह जापान जाएंगे और वहां के नरेश नारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के ट्वीट में कहा गया है कि वह फिलीपीन की राजकीय यात्रा पर रवाना हो गए। पिछले 13 वर्षो में भारत के राष्ट्रपति की यह पहली फिलीपीन यात्रा है। इसमें कहा गया है कि इसके बाद राष्ट्रपति जापान जाएंगे और वहां के नरेश नारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 17 से 23 अक्टूबर तक फिलीपीन और जापान की यात्रा पर जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) विजय ठाकुर सिंह ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति कोविंद 17 से 21 अक्टूबर तक फिलीपीन के दौरे पर जा रहे हैं और 21 से 23 अक्टूबर तक उनका जापान जाने का कार्यक्रम है। सिंह ने कहा, फिलीपीन की यात्रा का मकसद उच्च स्तरीय सम्पर्क को आगे बढ़ाना है। मंत्रालय का कहना है कि फिलीपीन, आसियान में भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसके साथ भारत के संबंध मित्रतापूर्ण हैं। दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों पर आधारित सहयोग हैं और इनके बीच आर्थिक संबंध बढ़ रहे हैं।
फिलीपीन में राष्ट्रपति कोविंद को सलामी गारद पेश की जाएगी और वहां के राष्ट्रपति रोड्रिगो दूर्तेते के साथ आमने-सामने की बैठक होगी। राष्ट्रपति वहां महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वह भारतीय समुदाय के लोगों से भी संवाद करेंगे। राष्ट्रपति कोविंद मनीला से 21 अक्टूबर को तोक्यो जाएंगे जहां वह वहां के नरेश तारूहितो के ताजपोशी समारोह में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति वहां बौद्ध मंदिर भी जाएंगे।



नीदरलैंड के प्रिंस विलियम अलेक्जेंडर व प्रिंसेज मैक्सिमा का मुंबई राजभवन में स्वागत करते महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी

## क्विक न्यूज

### पीवीआर का दूसरी तिमाही शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** मल्टीप्लेक्स श्रृंखला परिचालक पीवीआर का 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 34.98 प्रतिशत बढ़कर 47.88 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 35.47 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 37.04 प्रतिशत बढ़कर 979.4 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 714.65 करोड़ रुपए थी।

### फोर्स मोटर्स का लाभ 89 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** फोर्स मोटर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 89.41 प्रतिशत घटकर 4.21 करोड़ रुपए रहा। फोर्स मोटर्स ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 39.76 करोड़ रुपए था। कंपनी की परिचालन आय 2019-20 की दूसरी तिमाही में 14 प्रतिशत घटकर 755.15 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 878.93 करोड़ रुपए थी। फोर्स मोटर्स ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 62.38 प्रतिशत घटकर 30.38 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले 80.75 करोड़ रुपए था।

### वोडाफोन-आइडिया का टीसीएस से करार बढ़ा

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ भागीदारी करार पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। टीसीएस ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि टीसीएस और वोडाफोन आइडिया लि.(वीआईएल) ने अपने दशक भर पुराने रणनीतिक करार का पांच साल के लिए और विस्तार कर दिया है। वीआईएल उपभोक्ताओं के अनुभव के विस्तार को आधुनिक प्रौद्योगिकियां अपना रही है। कंपनी भारत में दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क एकीकरण कर रही है। बयान में कहा गया है कि टीसीएस इस यात्रा में वीआईएल की प्रौद्योगिकी भागीदारी है। हालांकि, बयान में इस करार के वित्तीय पक्ष का खुलासा नही किया गया है।

### बजाज फिनसर्व का जस्ट ईएमआई वाली स्पार्कलिंग दीवाली अभियान

**गुड़गांव।** बजाज फिनसर्व की ऋण एवं निवेश शाखा बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने जस्ट ईएमआई वाली स्पार्कलिंग दीवाली अभियान की घोषणा की है, जिसके तहत उपभोक्ता ऑनलाईन या बजाज फिनसर्व के पार्टनर्स स्टोर्स में 1000 से अधिक आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। एक महीने तक चलने वाला यह अभियान 50 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को इन्सटेन्ट फाइनेंस का विकल्प उपलब्ध कराकर उन्हें खरीददारी का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

### माइक्रोसॉफ्ट सीईओ नाडेला की आमदनी 66 प्रतिशत बढ़ी

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नाडेला की वार्षिक आय 2018-19 में 66 प्रतिशत बढ़कर 4.29 करोड़ डॉलर पर पहुंच गई। इस दौरान माइक्रोसॉफ्ट के वित्तीय परिणाम काफी अच्छे रहे हैं। बृहस्पतिवार को मीडिया की खबरों में कहा गया है कि नाडेला का वेतन 23 लाख डॉलर है। उनकी आय में ज्यादातर हिस्सा शेयरों का रहा है। उन्हें शेयरों पर 2.96 करोड़ डॉलर की कमाई हुई, जबकि 1.07 करोड़ डॉलर गैर -शेयर प्रोत्साहन योजना से प्राप्त हुए।

# सेंसेक्स की छलांग, 453 अंक उछलकर 39,000 के पार पहुंचा

## ● निफ्टी भी 11,550 के पार

एजेंसी। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** में तेजी के समर्थन से घरेलू शेयर बाजारों में भी बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बंबई शेयर बाजार के सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को 453 अंक का उछाल दर्ज किया गया। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच ब्रेक्जिट समझौता होने की खबरों को निवेशकों ने हाथों-हाथ लिया। वित्त मंत्री सीतारमण के और सुधारों को बढ़ाए जाने के संकेत के बाद घरेलू कारोबारियों में भी उत्साह दिखा। वित्त मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को भारत में निवेश का आग्रह करते हुए प्रोत्साहन उपायों का संकेत दिया। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला ओर पूरे दिन सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 453.07 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,052.06 अंक बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 39,104.69 और नीचे में 38,557.43 अंक तक गया।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 122.35 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,586.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एस बैंक सर्वाधिक लाभ में रहा। इसमें 15.19 प्रतिशत की तेजी रही। उसके बाद क्रमश: टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एसबीआई, बजाज आटो, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील और मारुति का स्थान रहा। इनमें 9.82 प्रतिशत तक की तेजी आई। वहीं दूसरी तरफ एचसीएल टेक, वेदांता, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, इन्फोसिस, ओएनजीसी, टेक महिंद्रा, एल एंड टी और एचडीएफसी बैंक 1.04 प्रतिशत तक नीचे आए। कारोबारियों के अनुसार घरेलू बाजार पर यूरोपीय शेयर बाजारों का असर रहा। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने कहा कि वे लंबी बातचीत के बाद ब्रेग्जिट समझौते पर पहुंचे हैं। इसके अलावा चीन सरकार के अमेरिका से शुल्क युद्ध तुंरत समाप्त करने को लेकर बातचीत की अपील से भी बाजार धारणा को बल मिला। हालांकि, एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग, सोल और तोक्यो में मिला-जुला रुख देखने को मिला।







### सितंबर तिमाही में 154 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिया गया, 23 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी। नई दिल्ली

**संपत्ति परामर्शक** कंपनी सीबीआरई के अनुसार इस साल जुलाई से सितंबर के दौरान 154 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थल पट्टे पर दिया गया। यह 23 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सीबीआरई ने कहा कि यह इस साल बढ़कर 600 लाख वर्ग फुट के पार जा सकता है, जो सर्वकालिक उच्च स्तर होगा। सीबीआरई ने तीसरी तिमाही के इंडिया ऑफिस मार्केट व्यू रिपोर्ट में कहा कि इस साल के पहले नौ महीनों में पट्टे पर कार्यालय में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई और यह 470 लाख वर्ग फुट के पार चला गया। रिपोर्ट के अनुसार, आलोच्य तिमाही के दौरान पट्टे पर कार्यालय में हैदराबाद में दो गुना से अधिक वृद्धि हो गई और यह 41 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गया। इस दौरान यह बढ़कर चेन्नई में 18 लाख वर्ग फुट और पुणे में 14 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गया। हालांकि मुंबई में यह गिरकर 15 लाख वर्ग फुट, बेंगलुरु में 40 लाख वर्ग फुट और कोच्चि में 10 हजार वर्ग फुट पर आ गया।यह दिल्ली एनसीआर में 23 लाख वर्ग फुट, कोलकाता में दो लाख वर्ग फुट और अहमदाबाद में एक लाख वर्ग फुट पर स्थिर रहा।

# उज्ज्वला योजना से पूर्वोत्तर को मिला तीन हजार करोड़ रुपए का निवेश: अधिकारी

एजेंसी। गुवाहाटी

**केंद्र सरकार** की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन मुहैया कराने के साथ ही पूर्वोत्तर में तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। असम के राज्य स्तरीय समन्वयक (पेट्रोलियम उत्पाद) यू. भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना से पिछले ढाई साल में रोजगार के तीन हजार से अधिक अवसर भी सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के कारण एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 30 अप्रैल 2017 के 48.3 लाख से बढ़कर अक्टूबर 2019 में 94 लाख के पार हो गई।

भट्टाचार्य ने कहा, परिवारों को स्वच्छ ईंधन मुहैया कराने का इस योजना का सामाजिक उद्देश्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा इस योजना ने निवेश, रोजगार सृजन, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण क्षेत्र की मजबूती के संदर्भों में भी असर डाला है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपारेशन ने 149 करोड़ रुपए की लागत से सिलेंडर में गैस भरने के छह संयंत्र लगाए हैं। इसके अलावा कंपनी 290 करोड़ रुपए के अधिक के निवेश से त्रिपुरा के अगरतला और मेघालय के बाड़ापानी में 2020 तक दो नए संयंत्र बना रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने बढ़ी मांग की पूर्ति के लिए असम के बोंगईगांव परिशोधन संयंत्र की प्रौद्योगिकी को 2,500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से उन्नत बनाया है। भट्टाचार्य ने कहा, इंडियन ऑयल के सिलेंडर भरने वालों संयंत्रों में प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने के लिए आने वाले वर्षों में करीब 100 करोड़ रुपए निवेश करने की योजना है। अलग शब्दों में कहें तो उज्ज्वला योजना के कारण आई अतिरिक्त मांग की पूर्ति के लिए तीन हजार करोड़ रुपए अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने रोजगार सृजन के बारे में कहा, आज के समय में पूर्वोत्तर में एलपीजी कारोबार में 22,500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। उज्ज्वला योजना शुरू से पहले ऐसे लोगों की संख्या मई, 2017 में 19,500 थी।


# देश के रणनीतिक हित में है बीएसएनएल समस्याओं पर कर रहे हैं गौर : प्रसाद

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री** रवि शंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कहा कि बीएसएनएल का अस्तित्व देश के रणनीतिक हित में है और सरकार कंपनी के समक्ष आ रही मुश्किलों को दूर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने माना कि दूरसंचार क्षेत्र में कुछ दिक्कतें हैं, जिनके ऊपर सरकार गौर कर रही है। प्रसाद ने इंडिया इकोनॉमिक कांक्लेव में कहा, बीएसएनएल देश के रणनीतिक हित में है। कहीं बाढ़ आए या चक्रवात, सबसे पहले बीएसएनएल की सेवाएं नि:शुल्क होती हैं। उनके राजस्व का 75 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारियों के वेतन पर खर्च हो जाता है जबकि अन्य कंपनियों को इसके लिए पांच-दस प्रतिशत ही खर्च करना पड़ता है। बीएसएनएल अपने कर्मचारियों को सितंबर महीने का वेतन नहीं दे पाई है। ऐसी खबरें हैं कि वित्त मंत्रालय बीएसएनएल और एमटीएनएल को बंद करना चाहता है। प्रसाद ने कहा कि सरकार दूरसंचार क्षेत्र की दिक्कतों को भी दूर करना चाहती है, लेकिन सरकार यह भी उम्मीद करती है कि कंपनियां अपना नेटवर्क बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को अपनी सेवाओं से संतुष्ट करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। उन्होंने देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत के बारे में समयसीमा की जानकारी नहीं दी। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह भारत को 5जी से संबंधित बौद्धिक संपदा का केंद्र बनाना चाहते हैं।



प्रसाद ने कहा, हमने परीक्षण के लिए स्पेक्ट्रम दिया है। मैं चाहूंगा कि भारत 5जी से संबंधित बौद्धिक संपदा का केंद्र बने, लेकिन जहां तक 5जी का सवाल है, हमें इस बारे में सतर्कता से काम करना होगा कि दुनिया में किस तरह की पारिस्थितिकी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी से कई मुद्दे जुड़े हुए हैं। जैसे, यदि एक चालकरहित कार की दुर्घटना हो जाती है तो कौन जिम्मेदार होगा।





### अमीरों की संपत्ति 9.62 प्रतिशत बढ़ी, पर संख्या 2.56 लाख ही रह गई

एजेंसी। मुंबई

**देश में** अमीरों (एचएनआई) की संपत्ति की वृद्धि दर 2018 में घटकर 9.62 प्रतिशत रह गई है, जो एक साल पहले 13.45 प्रतिशत थी। हालांकि, इन अमीरों या अरबपतियों की संख्या में इस दौरान कमी आई है। एक रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। कार्वी वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2018 में बड़े अमीरों की संख्या घटकर 2.56 लाख रह गई है, जो 2017 में 2.63 लाख थी। ऐसे लोग जिनके पास 10 लाख डॉलर से अधिक का निवेश योग्य अधिशेष है बड़े अमीरों की श्रेणी में आते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अमीरों के पास 2018 में कुल 430 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां थीं। 2017 में इनके पास 392 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां थीं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं जबकि गरीब अधिक तेजी से और गरीब हो रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमीरों के पास मौजूद संपत्तियां में से 262 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियां हैं जबकि शेष अचल संपत्तियां हैं। कुल मिलाकर इसका अनुपात 60:40 पर कायम है। वित्तीय संपत्तियों में सबसे अधिक 52 लाख करोड़ रुपए सीधे इक्विटी निवेश के रूप में हैं। इस वर्ग में वृद्धि 2017 के 30.32 प्रतिशत के मुकाबले 2018 में घटकर 6.39 प्रतिशत पर आ गई है। दूसरी तरफ मियादी जमा या बांड में इन अमीरों का निवेश बढ़ा है और यह 45 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इनमें वृद्धि 8.85 प्रतिशत की रही जो पिछले साल 4.86 प्रतिशत थी। वित्तीय संपत्तियों में बीमा में निवेश 36 लाख करोड़ रुपए रहा जबकि बैंक जमा 34 लाख करोड़ रुपए है। देश के अमीरों के पास सोने में निवेश 80 लाख करोड़ रुपए का है। रीयल एस्टेट क्षेत्र में उनका निवेश 74 लाख करोड़ रुपए है।




# पीएमसी बैंक का पूर्व निदेशक 22 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर

## ● अपराध शाखा ने कहा, अरोड़ा ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर घोटाले में किया सहयोग

एजेंसी। मुंबई

**मुंबई की** एक अदालत ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को- आपरेटिव (पीएमसी) बैंक घोटाले में बैंक के पूर्व निदेशक सुरजीत सिंह अरोड़ा को 22 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अरोड़ा को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने गिरफ्तार किया था। इस घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध शाखा ने कहा कि अरोड़ा ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए इस घोटाले में सहयोग किया।

अदालत ने बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक जॉय थॉमस को भी बृहस्पतिवार को पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अरोड़ा को आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। पीएमसी बैंक के 4,355 करोड़ रुपए के घोटाले के सिलसिले में अरोड़ा को जांच एजेंसी ने तलब किया था। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अरोड़ा को बृहस्पतिवार को मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस जी शेख की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 22 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस मामले में गिरफ्तार होने वाले अरोड़ा पांचवें आरोपी हैं। आर्थिक अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा कि अरोड़ा पीएमसी बैंक में निदेशक रह चुके हैं। वह बैंक की ऋण समिति में भी थे। घोटाले में उनकी भूमिका सामने आई है। वह ऋण मंजूर करने की प्रक्रिया में शामिल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि एचडीआईएल समूह को व्यापक स्तर पर ऋण सुविधा दी गई, जिसमें घोटाला हुआ। अरोड़ा ने इस कथित घोटाले को संरक्षण दिया। ईओडब्ल्यू ने पहले ही अदालत को सूचित किया है कि बैंक अधिकारियों ने एचडीआईएल के 44 ऋण खातों को 21,049 फर्जी खातों से बदला ताकि रियल एस्टेट समूह की ऋण भुगतान में असफलता को छिपाया जा सके। बैंक के मौजूदा संकट की यह प्रमुख वजह है। जांच एजेंसी ने कहा कि अन्य आरोपियों के साथ मिलकर अरोड़ा ने इस घोटाले में भूमिका निभाई। एजेंसी ने कहा कि अरोड़ा को निदेशक मंडल में बैंक के कामकाज के बेहतर संचालन के लिए शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। अरोड़ा और थॉमस के अलावा इस घोटाले में एचडीआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राकेश वधावन, उनके पुत्र सारंग वधावन और पीएमसी बैंक के पूर्व चेयरमैन वरयाम सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है।

# कमलनाथ सरकार को 10 महीने में मिली एक लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश की गारंटी: मुख्य सचिव

एजेंसी। इंदौर

**मध्यप्रदेश की** कमलनाथ नीत सरकार ने अपने कार्यकाल के महज 10 महीने के भीतर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के औद्योगिक पूंजी निवेश प्रस्तावों को आकर्षित किया है। राज्य सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राज्य के मुख्य सचिव सुधिरंजन मोहंती ने यहां संवाददाताओं को बताया, कमलनाथ के प्रदेश की कमान संभालने के बाद हमें 1.05 लाख करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश की तकरीबन गारंटी मिल चुकी है। इस प्रस्तावित निवेश से 2.10 लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 31,500 करोड़ रुपए के कुल निवेश वाली औद्योगिक इकाइयां लगाने का काम जनवरी से शुरू भी हो गया है। सूबे में अन्य औद्योगिक परियोजनाओं में मार्च 2020 तक 74,260 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। मोहंती ने बताया कि इन प्रस्तावित परियोजनाओं के अलावा नया निवेश आकर्षित करने के लिए प्रदेश सरकार कल शुक्रवार को यहां "मैग्निफिसन्ट मध्यप्रदेश" नाम से सम्मेलन आयोजित कर रही है। इस सम्मेलन में उद्योग जगत के करीब 900 नुमाइंदे भाग लेंगे। इनमें कुमार मंगलम बिड़ला, आदि गोदरेज, संजीव पुरी, दिलीप संघवी, विक्रम किर्लोस्कर और रवि झुनझुनवाला प्रमुख हैं। देश के शीर्ष उद्योगपतियों में शुमार मुकेश अम्बानी वीडियो प्रसारण के जरिए सम्मेलन में अपना संदेश देंगे। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशों के मुताबिक हमने तय किया है कि इस बार हम निवेशक सम्मेलन में कम्पनियों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर दस्तखत नहीं करेंगे। हम केवल ठोस निवेश पर बात करेंगे। मोहंती ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि एक दिवसीय निवेशक सम्मेलन में सूबे में लॉजिस्टिक्स और वेयर हाउसिंग क्षेत्र में बड़े पूंजी निवेश की घोषणा की जा सकती है। इस सम्मेलन में खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन, फार्मा, आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, नगरीय विकास, कपड़ा निर्माण और खनन पर खास जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दौरान तीन साल पहले आयोजित निवेशक सम्मेलन में करीब पांच लाख करोड़ रुपए के एमओयू पर दस्तखत किए गए थे। हालांकि, इसमें से 1.20 लाख करोड़ रुपए का निवेश ही धरातल पर उतर सका जो एमओयू की कुल राशि का 24 प्रतिशत है। पिछले साल नवंबर में संपन्न विधानसभा चुनावों में शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली भाजपा को सीटों के नजदीकी अंतर से मात देते हुए कांग्रेस 15 साल के लम्बे अंतराल के बाद सूबे की सत्ता में लौटी थी। कमलनाथ ने 17 दिसंबर 2018 को सूबे के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

### जियो ने एयरटेल, वोडाफोन पर लगाया लैंडलाइन नंबरों को मोबाइल नंबर बताकर धोखाधड़ी करने का आरोप

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने प्रतिस्पर्धी कंपनियों भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के ऊपर लैंडलाइन नंबरों को मोबाइल नंबर बताकर धोखाधड़ी करने का नया आरोप लगाया है। जियो ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को पत्र लिखकर दोनों प्रतिस्पर्धी कंपनियों पर जुर्माना लगाने की मांग की है। हालांकि, भारती एयरटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर जा रहे कॉल को जोड़ने वाले शुल्क (इंटरकनेक्ट यूजेज चार्जेज) को लेकर परामर्श से पहले जियो ट्राई को बरगलाने की कोशिश कर रही है।

जियो ने ट्राई को लिखे पत्र में कहा है कि दोनों प्रतिस्पर्धी कंपनियां ने अपने कॉरपोरेट उपभोक्ताओं को हेल्पलाइन नंबरों के लिए दिए लैंडलाइन नंबरों को मोबाइल नंबर बताकर सरकारी खजाने को चूना लगाया है। इससे उसे भी (जियो को) सैंकड़ो करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। जियो ने कहा कि इसके साथ ही ऐसा करने से दोनों प्रतिस्पर्धी कंपनियों को गलत तरीके से कमाई हुई। कंपनी ने दोनों प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ ट्राई से कार्वाई करने की मांग की है।वोडाफोन आइडिया ने जियो के इस नए आरोप पर फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# मौजूदा आर्थिक संकट 2008 से बड़ा और व्यापक: गोल्डमैन सैश

एजेंसी। मुंबई

**प्रतिभूति तथा** निवेश प्रबंधन से जुड़ी वैश्विक कंपनी गोल्डमैन सैश ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर नीचे जाने के जोखिम के साथ 6 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही कहा है कि मौजूदा आर्थिक संकट 2008 से बड़ा है। उसने कहा कि देश के समक्ष खपत में गिरावट एक बड़ी चुनौती है और इसका कारण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के संकट को नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि आईएल एंड एफएस के भुगतान संकट से पहले ही खपत में गिरावट शुरू हो गई थी। कई लोग खपत में नरमी का कारण एनबीएफसी संकट को बता रहे हैं। एनबीएफसी में संकट सितंबर 2018 में शुरू हुआ। उस समय आईएल एंड एफएस में पहले भुगतान संकट का मामला सामने आया था। उसके बाद इन संस्थानों से खपत के लिए वित्त पोषण थम गया।

ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैश की वाल स्ट्रीट में मुख्य अर्थशास्त्री प्राची मिश्रा के अनुसार उसके विश्लेषण से पता चलता है कि खपत में जनवरी 2018 से गिरावट जारी है। यह अगस्त 2018 में आईएल एंड एफएस द्वारा चूक से काफी पहले की बात है। उन्होंने कहा कि खपत में गिरावट कुल वृद्धि में कमी में एक तिहाई योगदान है। इसके साथ वैश्विक स्तर पर नरमी से वित्त पोषण में बाधा उत्पन्न हुई है।यहां एक कार्यक्रम में प्राची ने कहा, नरमी की स्थिति है और वृद्धि के आंकड़े 2 प्रतिशत नीचे आए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि दूसरी छमाही में आर्थिक वृद्धि बढ़ने की उम्मीद है। इसका कारण आरबीआई की सस्ती मौद्रिक नीति है। केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत दर में रिकार्ड पांच बार कटौती की है। कुल मिलार रेपो दर में पांच बार में 1.35 प्रतिशत की कटौती की जा चुकी है। फरवरी से हो रही इस कटौती के बाद रेपो दर 5.15 प्रतिशत पर आ गई है। इसके अलावा कंपनियों के कर में कटौती जैसे उपायों से भी धारणा मजबूत होगी और वृद्धि में तेजी आएगी। अर्थशास्त्री ने कहा कि निवेश और निर्यात लंबे समय से घट रहा है लेकिन खपत में तीव्र गिरावट चिंता का नया कारण है।उन्होंने कहा, मौजूदा नरमी पिछले 20 महीने से जारी है... यह नोटबंदी या 2008 की वित्तीय संकट जैसी उन चुनौतियों से अलग है, जिसकी प्रकृति अस्थाई थी। यह बात ऐसे समय आई है जब जून तिमाही में वृद्धि दर छह साल के न्यूनतम स्तर 5 प्रतिशत पर आ गई। इसके बाद आरबीआई ने 2019-20 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्वबैंक जैसी एजेंसियों ने भी भारत की वृद्धि दर के अनुमान को कम किया है। श्रेई इंफ्रा फाइनेंस के चेयरमैन हेमंत कनोड़िया ने कहा कि कंपनी के शोध के अनुसार समस्या का 40 प्रतिशत कारण वैश्विक व्यापार में नरमी है। वहीं 30 प्रतिशत कमी का कारण खपत में नरमी है। शेष का कारण वित्त पोषण को लेकर बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने कर्ज वितरण को रोक दिया और बारिश के दिनों के लिए नकदी को रखना उचित समझा। इसके कारण निर्माण उपकरण किराए पर लेने के मामले में 30 प्रतिशत की तीव्र गिरावट आई।

# भारतीय राजदूत ने कश्मीर के जमीनी हालात पर अमेरिकी सांसदों को जानकारी दी

● शीर्ष भारतीय राजनयिक ने पहली बार विदेश मामलों की संसदीय समिति के सदस्यों को कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी दी

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** में भारत के राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के बाद राज्य के हालात और वहां शांति बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। शीर्ष भारतीय राजनयिक ने पहली बार विदेश मामलों की संसदीय समिति के सदस्यों को कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी दी, क्योंकि कई सांसदों ने कश्मीर में लगे प्रतिबंधों को लेकर असंतोष जताया है। गौरतलब है कि कश्मीर से कई प्रतिबंधों को हटा लिया गया है।

जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने कहा था कि 16 अगस्त से ही प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है और सितंबर के पहले हफ्ते तक ज्यादातर प्रतिबंधों को हटा दिया गया। इस दिशा में प्रमुख कदम के तौर पर 14 अक्टूबर को सभी नेटवर्क की पोस्ट-पेड मोबाइल फोन सेवाओं को बहाल कर दिया गया। कई कांग्रेस सदस्य जो समिति के सदस्य नहीं है, वे भी राजदूत की ब्रीफिंग में शामिल हुए और अधिकतर सांसद विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के थे। ब्रीफिंग में कांग्रेस सदस्य अमी बेरा एकमात्र भारतीय-अमेरिकी सांसद थे।

श्रृंगला और यहां स्थित भारतीय दूतावास तथा न्यूयॉर्क, शिकागो, अटलांटा, ह्यूस्टन और सैन फ्रांसिस्को में स्थित वाणिज्य दूतावासों के विभिन्न राजनयिकों ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद सैकड़ों अमेरिकी सांसदों और उनके सहयोगियों से संपर्क कर अपनी बात रखी है। पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत सरकार के फैसले के बाद सरकार ने स्थिति सामान्य बनाने के लिए कदम उठाए हैं। पोस्ट-पेड मोबाइल सेवाओं को बहाल करने के अलावा, पर्यटकों को भी यात्रा करने की अनुमति दे दी गई है। लैंडलाइन फोन चालू हैं, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल भी खुले हुए हैं, दुकानें व व्यावसायिक प्रतिष्ठानें भी खुलने लगे हैं।

सरकार ने दावा किया कि राज्य के 99 फीसदी से ज्यादा क्षेत्रों में लोगों के आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। श्रृंगला ने पाकिस्तान में मानवाधिकार का जिक्र किया और भारत में सीमा पार से हो रहे आतंकवाद के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे के ऐतिहासिक संदर्भ और भारत द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में सांसदों को जानकारी दी। श्रृंगला ने धैर्यपूर्वक सांसदों के सवालों का जवाब दिया। सांसदों ने आवाजाही और संचार पर प्रतिबंध समेत कई मुद्दे उठाए। श्रृंगला ने लोगों के लापता होने के आरोपों को भी खारिज करते हुए कहा कि अगर आपके क्षेत्र के किसी भी निवासी का संपर्क अपने परिवार से नहीं हो रहा है तो वह निजी तौर पर संपर्क स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। श्रृंगला ने सांसदों से कहा कि अधिकतर प्रतिबंध हटा दिए गए हैं और बाकी धीरे-धीरे हटाए जा रहे हैं। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर वाशिंगटन के बड़े थिंक टैंक के समक्ष उपस्थित हो चुके हैं और कश्मीर को लेकर भारत का पक्ष जाहिर कर चुके हैं।

## फिलीपीन के राष्ट्रपति दुतेर्ते मोटरसाइकिल दुर्घटना में चोटिल

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। उनके कुल्हे में चोट लगी है। 74 वर्षीय नेता के वरिष्ठ सहयोगी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता साल्वाडोर पनेलो के अनुसार, बुधवार देर रात राष्ट्रपति भवन परिसर में यह घटना हुई। दुतेर्ते का स्वास्थ्य लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा है।गौरतलब है कि इस घटना से 10 दिन पहले राष्ट्रपति ने खुलासा किया था कि वह मायस्थेनिया ग्रेविस बीमारी से पीड़ति है। यह एक ऐसा ऑटोइम्यून बीमारी है, जो शरीर में संभावित रूप से गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकती है। पनेलो ने अपने बयान में कहा, राष्ट्रपति अपना जूता लेने के लिए जा रहे थे, तभी वह अपनी मोटरसाइकिल से गिर गए, जिससे उन्हें मामूली चोट आई। उनके कोहनी और घुटने में चोट लगी है। इससे पहले दुतेर्ते के पूर्व करीबी सहयोगी व सीनेटर क्रिस्टोफर बॉन्ग गो ने बताया था कि राष्ट्रपति के साथ दुर्घटना हो गई है, उनके कुल्हे में चोट लगी है, लेकिन उन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। पनेलो ने कहा कि राष्ट्रपति को किसी बड़े उपचार की आवश्यकता नहीं है और उनकी चोट को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।



इराकी सुरक्षा बलों ने रबिया सीमा पार इराक के आसपास इराक-सीरिया सीमा को सुरक्षित किया।

## फ्रांस के विदेश मंत्री ने आईएस के कैदियों को लेकर इराक के साथ वार्ता की

**एजेंसी।** बगदाद

**फ्रांस** के शीर्ष राजनयिक ने बगदाद में बृहस्पतिवार को उत्तरी सीरिया से विदेशी आतंकवादियों को स्थानांतरित करने पर वार्ता की ताकि उन पर इराक में मुकदमा चलाया जा सके। उत्तर सीरिया में तुर्की के हवाई हमले के कारण बड़ी संख्या में कैदी जेल तोड़कर फरार हो रहे हैं।

यूरोपीय सरकारें चिंतित हैं कि तुर्की के अभियान के कारण इस्लामिक स्टेट (आईएस) के करीब 12 हजार संदिग्ध लड़ाके फरार हो जाएंगे जिन्हें सीरिया के कुर्दों ने गिरफ्तार कर रखा है। इनमें हजारों विदेशी लड़ाके शामिल हैं। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां वेस ले द्रायं की इराक के विदेश मंत्री मोहम्मद अली अल-हकीम, राष्ट्रपति बरहम सालेह



और प्रधानमंत्री अदेल अब्देल महदी के साथ वार्ता में यह मुद्दा शीर्ष एजेंडा में शामिल था।

ले द्रायं ने फ्रांस के टीवी चैनल बीएफएम को बुधवार को बताया, हमें इराक के अधिकारियों के साथ मिलकर मुद्दों का समाधान करने की जरूरत है ताकि हम न्यायिक व्यवस्था में इन सभी लड़ाकों के साथ न्याय करने का रास्ता तलाश सकें जिनमें फ्रांसीसी लड़ाके भी शामिल हैं। फ्रांस के राजनयिक सूत्रों ने कहा कि इसका उद्देश्य विदेशी आतंकवादियों पर न्याय के सिद्धांतों और मानवाधिकारों का पालन करते हुए इराक की अदालतों में मुकदमा चलाना है।

इसमें एक मुद्दा इराक में मौत की सजा का होगा जो पूरे यूरोपीय संघ में प्रतिबंधित है।बेल्जियम, ब्रिटेन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड और स्वीडन ने स्थिति का आकलन करने के लिए इस हफ्ते बगदाद में टेक्निकल मिशन पर अधिकारियों को भेजा था।आईएस पर इराक के विशेषज्ञ हिशाम अल हाशमी ने एएफपी को बताया, अमेरिकी, ब्रिटिश, फ्रांसीसी और इराकी अधिकारियों के बीच जेलों के निर्माण को लेकर वार्ता चल रही है।

## क्विक न्यूज

### मेक्सिको ने 311 भारतीयों को स्वदेश भेजा

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका से बढ़ते दबाव के बाद अपनी सीमा में अवैध रूप से घुसने वाले लोगों पर लगाम लगाने के प्रयास के तहत मेक्सिको के आव्रजन अधिकारियों ने पहली बार देश के विभिन्न हिस्सों से 311 भारतीयों को स्वदेश भेजा है। इनमें एक महिला भी शामिल है। मेक्सिको के नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट (आईएनएम) की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जो भारतीय नागरिक देश में नियमित रूप से ठहरने की शर्त को पूरा नहीं कर रहे थे उन्हें टोलुबा सिटी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बोइंग 747 से नई दिल्ली भेज दिया गया। इसके अनुसार इन लोगों को ओक्साका, बाजा कैलिफोर्निया, वेराक्रूज, चियापास, सोनोरा, मेक्सिको सिटी, डुरांगो और तबास्को राज्यों में आव्रजन अधिकारी के सामने पेश किया गया।मेक्सिको का यह कदम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जून में यह चेतावनी दी थी कि अगर मेक्सिको ने अपने देश की सीमा से अमेरिका में घुसने वाले लोगों पर लगाम नहीं लगाई तो वह देश से होने वाले सभी आयातों पर सीमा शुल्क लगा देगा। मेक्सिको अपनी सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने और प्रवासियों को वापस भेजने की अपनी नीति को विस्तार देने पर सहमत हुआ है। बयान के अनुसार, एशियाई देश के दूतावास के साथ संवाद और समन्वय की वजह से यह संभव हो पाया और उनकी पहचान कर प्रवासी कानून एवं उसके नियमों का सख्त पालन करते हुए उन नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जा सका।

### पूर्वी चीन में दो अमेरिकी हिरासत में

**बीजिंग।** पूर्वी चीन में अंग्रेजी की शिक्षण कक्षाएं चलाने वाले दो अमेरिकी व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। दोनो व्यक्तियों की नियोक्ता कंपनी का कहना है कि उन्हें झूठे आरोपो में गिरफ्तार किया गया है। इदाहो आधारित कंपनी चाइना होरिजन ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि जैकब हरलान और अलीसा पीटरसन को पिछले महीने जिआंग्सु प्रांत से पकड़ा गया था। उन दोनों पर अवैध रूप से लोगों को सीमा पार कराने का आरोप है।चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका में राजनयिक तथा व्यापारिक तनाव के बीच यह घटनाक्रम हुआ है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हम प्रांतीय सरकार द्वारा जिआंग्सू में दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने और उन पर लगे आरोपों से अवगत है। प्रवासी अमेरिकियों की सहायता करना हमारी जिम्मेदारी है।

### कतर ने कफाला रोजगार कानून को खत्म करने का संकल्प जताया

**दुबई।** तेल संपन्न देश कतर ने विदेशी कामगारों को उनके नियोक्ता के संपर्क में रखने के लिए बाध्य करने वाली श्रम प्रणाली को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प जताया है। इस श्रम प्रणाली के तहत विदेशी कामगारों को देश छोड़ने के लिए अपनी कंपनी से इजाजत लेना जरूरी होता है। संगठन ने बुधवार को कहा कि कतर संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार अपने यहां कथित कफाला प्रणाली को हटाने की योजना बना रहा है। आईएलओ ने कहा है कि मसौदा कानून के अनुसार कामगार अब नियोक्ताओं को बदलने के लिए स्वतंत्र होंगे।

## सीरिया पर जुबानी जंग में उलझे ट्रंप और पेलोसी, अमेरिका की राजनीति का स्तर गिरा

● दोनों के बीच यह जुबानी जंग उस वक्त शुरू हुई जब व्हाइट हाउस ने डेमोक्रिटस और रिपब्लिकन्स दोनों के शीर्ष समिति सदस्यों एवं नेतृत्व और कांग्रेस सदस्यों को सीरिया पर नीति के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाया था

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**सीरिया** से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाए जाने के मुद्दे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के वाक युद्ध में उलझने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका की घरेलू राजनीति का स्तर गिर गया है।

दोनों के बीच यह जुबानी जंग बुधवार को उस वक्त शुरू हुई जब व्हाइट हाउस ने डेमोक्रेटस और रिपब्लिकन्स दोनों के शीर्ष समिति सदस्यों एवं नेतृत्व और कांग्रेस सदस्यों को सीरिया पर नीति के बारे में



जानकारी देने के लिए बुलाया था। इस बैठक में दोनों नेताओं ने एक - दूसरे पर गंभीर रूप से भावुक होने के आरोप लगाए। कुछ घंटों बाद ट्रंप ने 79 वर्षीय डेमोक्रेटिक पार्टी नेता को ट्विटर पर बीमार व्यक्ति बताया। ट्रंप ने ट्विटर पर कहा, नैन्सी पेलोसी को तुरंत मदद की जरूरत है। या तो उनके दिमाग में गड़बड़ी है या बात सिर्फ इतनी है कि उन्हें हमारा महान देश पसंद नहीं। ट्रंप ने कहा, वह आज व्हाइट हाउस में पूरी तरह भावुक हो गईं। यह देखना बहुत दुखद था। उनके लिए प्रार्थना करें, वह बहुत बीमार व्यक्ति हैं।

ट्रंप ने अन्य ट्वीट में कहा, किसी काम के नहीं डेमोक्रेट्स, पेलोसी और शूमर कैबिनेट रूम से बाहर निकल गए। ट्रंप ने व्हाइट हाउस बैठक कक्ष की एक तस्वीर भी ट्वीट की जिसके साथ लिखा, घबराई नैन्सी पागलों की तरह भावुक हुई। पेलोसी ने तुरंत इसको अपने ट्विटर प्रोफाइल का कवर पेज बना लिया। सांसद चक शूमर ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को बताया कि ट्रंप ने पेलोसी को तीसरे दर्ज की नेता कह कर उनका अपमान किया। डेमोक्रेट्स ने कहा कि पेलोसी के अपमान के खिलाफ उन्होंने बैठक से वॉकआउट किया। पेलोसी ने संवादाताओं से कहा, सबसे दुखद यह है कि मैं हर वक्त राष्ट्रपति के लिए प्रार्थना करती हूं और मैंने उन्हें बताया कि - मैं उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं। मेरे विचार में अब हमें उनकी सेहत के लिए भी प्रार्थना करनी होगी। एक सवाल पर पेलोसी ने स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रपति की मानसिक सेहत के बारे में बात नहीं कर रही हैं बल्कि सच का सामना करने के तरीके के बारे में कह रही हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रिशम ने ट्रंप के व्यवहार का बचाव किया और कहा कि उनका व्यवहार संयत था।

## ट्रंप ने सीरिया से सैनिक हटाने के कदम का बचाव किया, डेमोक्रेट्स का व्हाइट हाउस से वॉकआउट

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी सीरिया से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका देश से 7,000 मील दूर हो रहे, उन्मादी अंतहीन युद्धों में शामिल नहीं होने वाला है। पिछले हफ्ते लिए गए ट्रंप के इस फैसले से तुर्की को सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाने का मौका मिल गया था। कई सांसदों ने कुर्द बलों का साथ छोड़ने के इस कदम की आलोचना की है जो आईएसआईएस के खिलाफ अमेरिका की जंग में अहम थे।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब मैंने चुनाव लड़ा था, इस आधार पर लड़ा था कि हम हमारे महान सैनिकों को वापस लेकर आएंगे जहां से उनका नाता है। हमें ए अंतहीन युद्ध लड़ते रहने की जरूरत नहीं है। हम उन्हें घर वापस लेकर आने वाले हैं। इसी वादे पर मुझे जीत मिली थी। वहीं सीरिया मुद्दे पर बुधवार को व्हाइट हाउस में हुई बैठक से कई डेमोक्रेट सांसदों ने यह दावा करते हुए वॉकआउट किया कि ट्रंप ने अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को तीसरे दर्जे की राजनीतिक कहकर उनका अपमान किया। व्हाइट हाउस ने डेमोक्रेटस और रिपब्लिकन्स दोनों के शीर्ष समिति सदस्यों एवं नेतृत्व और कांग्रेस सदस्यों को सीरिया पर नीति के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाया था।



म्यांमार की नेता आंग सान सू की ने दक्षिण-पूर्व म्यांमार में गुरुवार को नयापीटा में राष्ट्रपति भवन में समझौता ज्ञापन पर अपने हस्ताक्षर समारोह के बाद नेपाली राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी के साथ हाथ मिलाया।

## 'भारत की ओर पानी रोकने की कोशिश आक्रामक कार्रवाई मानी जाएगी'

● विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यह टिप्पणी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पाकिस्तान का पानी रोकने संबंधी बयान पर पूछे सवाल पर की

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने गुरुवार को कहा कि तीन पश्चिमी नदियों पर उसका विशेषाधिकार है और इन नदियों का पानी रोकने की भारत की कोई भी कोशिश आक्रामक कार्रवाई मानी जाएगी।

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यह टिप्पणी साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से



पाकिस्तान का पानी रोकने संबंधी बयान पर पूछे सवाल पर की। पिछले हफ्ते हरियाणा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कथित तौर पर कहा था कि उनकी सरकार नदियो से पाकिस्तान जा रहे पानी को रोक देगी। फैसल ने कहा कि सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का तीन पश्चिमी नदियों के पानी पर विशेषाधिकार है।

नदियों का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, भारत की ओर से इन नदियों का पानी रोकने की कोई भी कार्रवाई आक्रामक मानी जाएगी और पाकिस्तान के पास इसका जवाब देने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि पांच अगस्त को भारत सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 को खारिज करने के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। पाकिस्तान ने भारत के उच्चायुक्त को वापस भेज दिया था और विश्व मंचों से मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने का प्रयास कर रहा है। वहीं भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अनुच्छेद-370 को निष्क्रिय करना उसका आंतरिक मामला है और पाकिस्तान को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। भारत अपने रुख पर कायम है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते।

## जॉनसन-जुंके का ऐलान, ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने गुरुवार को कहा कि ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से पहले ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के वार्ताकारों के बीच ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति बन गई है। ईयू आयोग के अध्यक्ष ज्यां क्लोद जुंके ने भी करार पर सहमति बनने की पुष्टि करते हुए कहा कि अब इसे यूरोपीय नेताओं के समक्ष चर्चा के लिए रखा जाएगा।

ईयू सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले जॉनसन ने ट्वीट किया, हम एक बेहतरीन करार पर सहमति बनाने में सफल हुए हैं। जुंके ने ट्वीट किया, जहां चाह वहां करार और हमारे पास एक करार है। यह ईयू और ब्रिटेन के लिए निष्पक्ष और संतुलित है एवं यह समस्या का हल निकालने के लिए हमारी



प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

उन्होंने कहा, मैं यूरोपीय परिषद से करार को समर्थन देने की अनुशंसा करता हूं। ब्रिटेन और ईयू करार के कानूनी मसौदे पर काम कर रहे हैं लेकिन इसे लागू करने के लिए ब्रिटेन और ईयू की संसदों से मंजूरी लेनी होगी। उत्तरी आयरलैंड की डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी) ने यह कहकर आशंका पैदा कर दी है कि वह अब भी इस करार का समर्थन नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन को 31 अक्टूबर तक ईयू से अलग होना है और जॉनसन इस समयसीमा में किसी करार पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

ब्रिटेन की ओर से वार्ता टीम का नेतृत्व ईयू से अलग होने के मामले के राज्यमंत्री स्टीफन बर्कले और ईयू वार्ता टीम का नेतृत्व माइकल बरनिए कर रहे हैं। दोनों पक्ष बुधवार को बातचीत के उस दौर में पहुंचे जहां समझौते पर सहमति को लेकर दबाव चरम पर है ताकि दो दिवसीय ईयू शिखर सम्मेलन के दौरान 28 सदस्य देशों के नेता उसे मंजूरी दे सके। बहरहाल, अब भी यूरोपीय संघ, आयरलैंड और ब्रिटेन के बीच सीमा शुल्क एवं कर व्यवस्था को लेकर गतिरोध बना हुआ है।

## मैक्रों को उम्मीद, ब्रेग्जिट समझौते को ब्रिटिश सांसद मंजूरी दे देंगे

**ब्रसेल्स।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के बीच ब्रेग्जिट करार पर बनी सहमति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इसे असमंजस में फंसे ब्रिटिश सांसद मंजूरी दे देंगे। ब्रसेल्स में आयोजित ईयू सम्मेलन में हिस्सा लेने जाने से पहले मध्यमार्गी नेताओं से बैठक में मैक्रों ने कहा, उन्हें भरोसा है कि ब्रिटिश संसद इस करार की पुष्टि कर देगी। ईयू और ब्रिटेन के बीच ब्रेग्जिट को लेकर सहमति बनने की घोषणा गुरुवार को की गई और इसके साथ ही सभी की नजरें यह देखने के लिए लंदन पर जम गई है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कैसे समझौते को संसद से मंजूरी दिलाते हैं जिन्होंने इस महीने के आखिर में ईयू को छोड़ने का ऐलान किया है।

## उत्तरी आयरलैंड के इनकार से ब्रेग्जिट करार पर खतरा मंडराया

**एजेंसी।** ब्रसेल्स

● ईयू और ब्रिटेन के वाताकार रात भर समझौते के मसौदे पर सहमति बनाने की कोशिश करते रहे जिसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन संभवतः अपने समकक्ष के सामने रखेंगे

**यूरोपीय** संघ (ईयू) से सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग होने की कोशिशों के बीच ब्रसेल्स में सदस्य देशों के नेताओं का शिखर सम्मलेन हो रहा है, लेकिन उत्तरी आयरलैंड के नेताओं की ओर से नाटकीय रूप से करार के मौजूदा मसौदे को खारिज किए जाने से एक बार फिर नए सिरे से पेंच फंस गया है।

ईयू और ब्रिटेन के वार्ताकार रात भर समझौते के मसौदे पर सहमति बनाने की कोशिश करते रहे जिसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन संभवत: अपने समकक्ष के सामने रखेंगे। लेकिन उत्तरी आयरलैंड के डेमाक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी)के नाटकीय तरीके से समझौते के मसौदे को खारिज करने से पेंच फंस गया है। इसका अभिप्राय यह हुआ कि ब्रिटेन शासित यह प्रांत ईयू के सीमा शुल्क एवं मूल्य संवर्धित कर दायरे में बना रहेगा। तत्काल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि क्या इसके मायने जॉनसन द्वारा मसौदे से पीछे हटना है क्योंकि उनकी सरकार को डीयूपी समर्थन दे रही है लेकिन इससे ब्रिटिश संसद से ब्रेग्जिट करार को मंजूरी दिलाना और कठिन हो गया है। ब्रिटिश मुद्रा, जिसमें करार की संभावना दिखने से उछाल आया था, डीयूपी के बयान के बाद उसमें नरमी देखी गई। ईयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम मौजूदा परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में अपने विकल्पों पर विचार करेंगे। या तो करार होगा या करार नहीं होगा। यूरोपीय नेता एक अन्य अस्वीकार्य समझौते को मंजूरी देने को अनिच्छुक हैं जिसे लंदन की ओर से खारिज किया जाना है। ईयू अधिकारी ने कहा, कल (बुधवार) हम वार्ताकारों को और अधिक समय देने को इच्छुक थे, आज तक हमें नहीं पता कि यह मुद्दा कैसे आगे बढ़ेगा।

ब्रसेल्स जाने से पहले जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने कहा, अबतक सदस्य देशों ने अभूत्वपूर्व तरीके से सहनशीलता दिखाई है। उन्होंने रेखांकित किया कि लंदन बातचीत करने और ठोस प्रस्ताव पेश करने को इच्छुक है लेकिन साथ ही जोड़ा कि टीम अब भी लक्ष्य की ओर नहीं बढ़ रही। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि डीयूपी की सहनशीलता खत्म हो गई है। पार्टी ने कहा, जहां तक हमारा रुख है तो हम प्रस्तावित सीमा शुल्क और सहमति मुद्दे को स्वीकार नहीं करेंगे, वैट को लेकर भी अस्पष्टता है। इस बीच ईयू आयोग के अध्यक्ष जीन क्लाउड जंकर की प्रवक्ता ने बताया कि जंकर ने जॉनसन से करार को बचाने के तरीकों पर बात की। उल्लेखनीय है कि जॉनसन ने 31 अक्टूबर तक किसी भी हालत में यूरोपीय संघ से अलग होने की घोषणा की है।

# सिंधू–समीर व प्रणीत हारकर बाहर

## डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त






**एजेंसी।** ओडेन्स

विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू, बी साई प्रणीत और समीर वर्मा के सीधे गेमों में हारने के साथ ही 775000 डालर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू को कोरियाई प्रतिद्वंद्वी अन सी यंग ने दूसरे दौर में 40 मिनट में 21–14, 21–17 से हराया। अगस्त में स्विटजरलैंड में विश्व चैम्पियनशिप में खिताब जीतने के बाद यह सिंधू की शुरूआती दौर में लगातार तीसरी हार है। वह चाइना ओपन के दूसरे और कोरिया ओपन के पहले दौर में हार गई थी। भारत के समीर वर्मा, बी साई प्रणीत और पुरूष युगल में सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई। समीर को ओलंपिक चैम्पियन चीन के चेन लोंग ने 21–12, 21–10 से हराया। वहीं थाईलैंड ओपन चैम्पियन सात्विक ओर चिराग को छठी वरीयता प्राप्त चीन के हान चेंग केइ और झोउ हाओ दोंग ने 21–16, 21–15 से मात दी। प्रणीत को दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंतो मोमोता ने 21–6, 21–14 से हराया।

प्रणाव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी भी मिश्रित युगल में चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चान पेंग सून और गोह लियू यिंग से 24– 26, 21–13, 11–21 से हारकर बाहर हो गए।

# पुडुच्चेरी ने प्लेट ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी।** देहरादून

## विजय हजारे ट्राफी

मध्यम तेज गेंदबाज असित राजीव के चार विकेट की मदद से पुडुच्चेरी ने असम को पांच विकेट से हराकर विजय हजारे ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए पुडुच्चेरी ने असम के पांच विकेट 92 रन पर निकाल दिए। इसके बाद राजीव ने निचले क्रम के चार विकेट चटकाए जिसकी बदौलत असम की टीम 36 . । ओवर में 115 रन पर आउट हो गई। जवाब में पुडुच्चेरी ने 22 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेट ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में एक ही टीम को जाना था और पुडुच्चेरी ने 32 अंक लेकर वह स्थान हासिल किया। चंडीगढ दूसरे और उत्तराखंड तीसरे स्थान पर रहा। अन्य मैच में चंडीगढ ने उत्तराखंड को दो विकेट से हराया। वहीं नगालैंड ने मणिपुर को पांच रन से मात दी।

**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम** : अज्ञात **पुत्र** : अज्ञात, **निवासी** : अज्ञात, **उम्र** : 20–25 साल, **लिंग** : पुरुष, **कद** : 5 फीट 6 इंच, **रंग** : सांवला, **चोट के निशान** : ट्रेन दुर्घटना से दांयी तरफ का चेहरा कुचल गया हैं, **पहनावा** : ग्रे रंग की टी–शर्ट और नीले रंग की पैन्ट पहनी है, जो 16.10.2019 को सुबह 04:21 पर, पोल किमी. नं. 17/16 और 17/14, पालम रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत पाया गया हैं और इसके मृत शरीर को 72 घंटों के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया। इस संबंध में पुलिस थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली में DD No. 1-A दिनांक 16.10.2019 को पंजीकृत किया गया है। इस व्यक्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के उचित प्रयास स्थानीय पुलिस द्वारा किये गये, लेकिन कोई भी सूत्र प्रकाश में नहीं आया।

इस व्यक्ति के संबंध में किसी के पास कोई भी जानकारी या सूत्र हो तो वह कृपया निम्न से संपर्क करें:


DP/4134/RLY/19. थानाध्यक्ष
थाना दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. 011–25688505, 8750871309

# जरीन ने मेरीकोम से मुकाबले की मांग की

## रीजीजू को पत्र लिखा , ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए भारतीय टीम का चयन करने से पहले ट्रायल मुकाबला करवाने को कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली






पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने खेल मंत्री किरेन रीजीजू को पत्र लिखकर अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए भारतीय टीम का चयन करने से पहले एम सी मेरीकोम के खिलाफ ट्रायल मुकाबला करवाने की मांग की है। मेरीकोम (51 किग्रा) ने रूस में हाल में समाप्त हुई विश्व चैंपियनशिप में अपना आठवां पदक हासिल किया। उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए जरीन पर प्राथमिकता दी गई थी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने तब ट्रायल से इन्कार कर दिया था और मेरीकोम के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम में रखने का फैसला किया था। बीएफआई की अब विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के कारण ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए भी मेरीकोम को भेजने की योजना है। इस तरह से वह अपने पिछले फैसले से पीछे हट रहा है। तब उसने केवल स्वर्ण और रजत पदक विजेता का ही सीधा चयन करने का निर्णय किया था। क्वालीफायर्स अगले साल फरवरी में चीन में होंगे। जरीन ने अपने पत्र में लिखा है, सर, खेल का आधार निष्पक्षता है और किसी को हर समय खुद को साबित करने की जरूरत होती है। यहां तक कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता को भी अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए फिर से मुकाबला करना होता है। मैं किशोरावस्था से ही मेरीकोम से प्रेरित रही हूं। इस प्रेरणा के साथ न्याय करने का सबसे अच्छा तरीका यही हो सकता है कि मैं उनकी तरह एक महान मुक्केबाज बनने का प्रयास करूं। क्या मेरीकोम खेल की इतनी बड़ी हस्ती हैं कि उन्हें प्रतिस्पर्धा से दूर रखने की जरूरत है। दिलचस्प बात यह है कि बीएफआई का पुरुष वर्ग के मानदंडों के अनुसार कांस्य पदक विजेता का भी सीधा चयन होगा। जरीन ने लिखा है, आखिर जब 23 बार के स्वर्ण पदक विजेता माइकल फेल्प्स को भी ओलंपिक के लिए हर बार नए सिरे से क्वालीफाई करना पड़ा, तो हम सभी को भी ऐसा करना चाहिए। मेरीकोम कहती रही है कि चयन ट्रायल पर वह बीएफआई के दिशानिर्देशों का पालन करेंगी और अगर महासंघ कहता है तो ट्रायल में भाग लेंगी। खेल मंत्रालय किसी भी राष्ट्रीय महासंघ के चयन मामलों में तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकता जब तक कि उस खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था ऐसा करने के लिए नहीं कहे क्योंकि इस तरह का कोई भी कदम ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाता है।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Sale Deed registered on 21.10.2005 in favour of Mr. S.P Garg **Document No. 7222 for First Floor of Property No. 48, Block -A, Pkt-2, Sector 5, Rohini Delhi** has been misplaced from the custody of the owner/s, Public are warned not to deal with the Document and any person dealing with the said Document would do so at their own risk ,responsibility & liability and Mrs. Vijay Lakshmi Arora has agreed to create mortgage of the Property in favour of our client, **IDFC First Bank Limited, off at Rajendra Place, N.D.-8.** Any person(s) coming into possession/ Knowledge of the aforesaid Document or having any claim against the Property, are hereby requested to intimate the under signed at the under mentioned address below within 15 days from the date hereof, failing which our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan, Advocate**
For Diwan and Company LLP, Advocates and Solicitors
H No.2 (LGF), NRI Complex N.D.-19 M 9818399999

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed in the general public that my client Mrs. Rita Singh, W/o. late Sh. Brajesh Kumar, R/o. (1) 6097/5, Sector-D, Pkt-6, Vasant Kunj, New Delhi-110070 and (2) Raheja Revanta, Apartment No.IFI-03, Sector-78, Gurgaon, Haryana, admeasuring 1960-84 sq.ft. & 225-61, have debarred/ evicted her son namely Mr. Prabhat Singh and his wife Mrs. Akanksha Priya from claiming any right, title & interest whatsoever for all the purposes & intent. They are having no connection with any kind of Moveable or Immoveable properties of my client and any person dealing with him/her, monetary or otherwise, he/she shall do so at his/her own risk, costs & consequences. My client shall not be liable & responsible for the same and they are not liable to claim before any Court in the above mentioned properties.

Vijay Lakshmi (Advocate)
Supreme Court of India, New Delhi-110001

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त **मुकेश, पुत्र श्री प्रेम चंद, निवासी** झुग्गी नं. बी–215, बी–ब्लॉक, जी.पी., प्रीतमपुरा, दिल्ली, ने **FIR No. 588/16 u/s 33, Delhi Excise Act थाना तिमार पुर, नई दिल्ली** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **FIR No. 588/16 u/s 33, Delhi Excise Act थाना तिमार पुर, दिल्ली** के संदर्भ में दिनांक **20.11.2019** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीती सूरी मिश्रा, मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट,
सेन्ट्रल रूम नं. 28,
DP/521/N/19-(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

# भारत ने 2023 विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी पेश की




## मलेशिया ओर न्यूजीलैंड 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच मेजबानी के इच्छुक

**एजेंसी।** लुसाने

भारत समेत तीन देशों ने अगले पुरूष हाकी विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी पेश की है। अंतरराष्ट्रीय हाकी महासंघ ने गुरूवार को यह जानकारी दी। भारत तीन बार विश्व कप का मेजबान रह चुका है। उसने 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच विश्व कप की मेजबानी की इच्छा जताई है। बेल्जियम और मलेशिया ने भी अपनी दावेदारी रखी है। वे एक से 17 जुलाई 2022 के बीच मेजबानी करना चाहते हैं। एफआईएच ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पांच देशों ने महिला हाकी विश्व कप की मेजबानी का दावा किया है। जर्मनी, स्पेन और नीदरलैंड एक से 17 जुलाई 2022 तक मेजबानी करना चाहते हैं जबकि मलेशिया ओर न्यूजीलैंड 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच मेजबानी के इच्छुक हैं। एफआईएच का एक कार्यसमूह छह नवंबर को होने वाली बैठक में सभी की दावेदारी पर गौर करके कार्यकारी बोर्ड को अनुशंसा भेजेगा। इस पर अंतिम फैसला आठ नवंबर 2019 को होगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर से पहले टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन से खुश कोच रीड

**भुवनेश्वर।** मुख्य कोच ग्राहम रीड भारतीय हाकी टीम की तरक्की से खुश हैं और उनकी इच्छा है कि रूस के खिलाफ आगामी ओलंपिक क्वालीफायर में उनके खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। भारतीय टीम ने जून में भुवनेश्वर में एफआईएच पुरूष हाकी सीरिज फाइनल जीता था। इसके बाद अगस्त में तोक्यो में ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट जीता। बेल्जियम दौरे पर भी टीम अपराजेय रही जिसमें उसने मेजबान और स्पेन के खिलाफ सारे मैच जीते। रीड ने कहा , दौड़ने, प्रयासों, रफ्तार और ऊर्जा में कोई कमी नहीं थी। पिछले विश्व कप की तुलना में यह बेहतर प्रदर्शन था। इस स्तर पर खेलने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। उन्होंने कहा , बेल्जियम और स्पेन के खिलाफ हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे। यह अच्छी बात है कि हम लय बरकरार रखने में कामयाब रहे। रीड ने कहा , गेंद पर नियंत्रण और संयोजन अच्छा था। अब उसी दिशा में प्रदर्शन बरकरार रखना है। अप्रैल 2019 में मुख्य कोच बने रीड ने कहा कि फीफा क्वालीफायर में उनकी टीम का फोकस बेसिक्स सही रखने पर होगा। उन्होंने कहा , हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अपना प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रखें और आत्ममुग्धता से बचें। हम किससे खेल रहे हैं, यह मायने नहीं रखता। हमारे तेवर आक्रामक ही होंगे लेकिन हम विरोधी का सम्मान करके खेलेंगे।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

Aditya Birla Finance Limited

पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयन कम्पाउण्ड, वेरावाल, गुजरात – 362 266
सीआईएन : U65990GJ1991PLC064603

"परिशिष्ट–4–क"
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार आदित्य बिड़ला फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, मैसर्स शालीन इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री संजय कुमार, सुश्री शालिनी वर्मा, श्री राजीव कुमार, सुश्री मालिनी वर्मा, श्री सिद्धार्थ संजय की तरफ प्रत्याभूत लेनदार आदित्य बिड़ला फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि रू. 4,45,00,307.72/– (रूपए चार करोड़ पैंतालीस लाख तीन सौ सात तथा पैसे बहत्तर मात्र) की वसूली के लिए दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य सम्पत्ति सं. 1 के लिए रू. 2,12,63,500/– (रूपए दो करोड़ बारह लाख तिरेसठ हजार पांच सौ मात्र) एवं सम्पत्ति सं. 2 के लिए रू. 1,50,00,000/– (रूपए एक करोड़ पचास लाख मात्र) तथा धरोहर राशि जमा सम्पत्ति सं. 1 के लिए रू. 21,26,350/– (रूपए इक्कीस लाख छब्बीस हजार तीन सौ पचास मात्र) एवं सम्पत्ति सं. 2 के लिए रू. 15,00,000/– (रूपए पंद्रह लाख मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त वर्णन

सम्पत्ति सं. 1
सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :– अपार्टमेंट नंबर 301, तृतीय एवं चतुर्थ तल पर ड्यूपलेक्स, ब्लॉक नंबर 2, नामतः हेरिटेज सिटी तथा सुपर एरिया 1849.00 वर्ग फीट (171.84 वर्ग मीटर) टेरेस एरिया 230 वर्ग फीट सहित, जिसमें तृतीय तल पर ड्राइंग–कम–डाइनिंग रूम, एक बेड रूम अटैच्ड टॉयलेट के साथ, किचेन, सर्वेंट रूम मय डब्ल्यू.सी. एवं टेरेस और चतुर्थ तल पर दो बेड रूम अटैच्ड टॉयलेट के साथ, एवं टेरेस शामिल हैं। उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुड़गांव (हरियाणा) में स्थित है। चौहद्दी : उत्तर : प्रवेश, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति

सम्पत्ति सं. 2
सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :– अपार्टमेंट नंबर 302, तृतीय तल पर, ब्लॉक नंबर 43, नामतः हेरिटेज सिटी तथा सुपर एरिया 1195 वर्ग फीट (111.05 वर्ग मीटर) टेरेस एरिया 69 वर्ग फीट सहित, जिसमें ड्राइंग–कम–डाइनिंग रूम, दो बेड रूम अटैच्ड टॉयलेट के साथ, किचेन, लॉबी एवं टेरेस शामिल हैं। उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, हेरिटेज सिटी, ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला गुड़गांव (हरियाणा) में स्थित है। चौहद्दी : उत्तर : प्रवेश, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति, पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति

तरूण शर्मा (मोबाइल नंबर 9540178178)
स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 18–10–2019 आदित्य बिड़ला फाइनैंस लिमिटेड

# तेज गेंदबाजों की फिटनेस से चिंतित हैं बांग्लादेश के मुख्य चयनकर्ता

**एजेंसी।** ढाका




बांग्लादेश के मुख्य चयनकर्ता मिनहाजुल अबेदीन ने भारत के आगामी दौरे से पहले अपनी राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाजों की फिटनेस पर चिंता जताई है। अबेदीन ने इसके साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को टीम के भारत दौरे पर रवाना होने से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। वह राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाजों की फिटनेस से चिंतित हैं। इनमें से मुस्ताफिजुर, तास्किन अहमद और मोहम्मद सैफुद्दीन चोटों से उबर रहे हैं। अबेदीन ने यहां पत्रकारों से कहा, हम वास्तव में अपने तेज गेंदबाजों को लेकर चिंतित है क्योंकि अभी कई खिलाड़ी चोटों के कारण अनुपलब्ध हैं। अगर मैं दस खिलाड़ियों की सूची बनाता हूं तो उनमें से पांच चोटिल खिलाड़ियों की सूची में शामिल होंगे। हमारे तेज गेंदबाजों की अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा आलोचना होती रही है। अब जिस तरह से हम प्रथम श्रेणी स्तर पर फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं, मुझे लगता है कि दो वर्षों में हमें परिणाम मिलने लग जाएंगे। मुस्ताफिजुर टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के पहले चरण के मैचों से बाहर रहे। उन्हें (मुस्ताफिजुर) भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला की टीम में जगह बनाने के लिए एनसीएल मैच में अपनी फिटनेस साबित करनी होगी। बांग्लादेश तीन टी20 और दो टेस्ट मैचों के लिए अगले महीने भारत का दौरा करेगा। टी20 श्रृंखला तीन नवंबर से शुरू होगी जिसके बाद पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से इंदौर में जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से कोलकाता में खेला जाएगा।

## भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए अल अमीन बांग्लादेश टीम में

ढाका। बाएं हाथ के स्पिनर अराफात सन्नी और तेज गेंदबाज अल अमीन हुसैन को भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है। सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने भी टीम में वापसी की है। सन्नी और अराफात ने आखिरी टी20 मैच 2016 में खेला था।

# वाराणसी वोल्केनो और मुजफ्फरनगर महाराजा चैंपियन

## यूपी कबड्डी लीग के दूसरे सीजन का ताज पहना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



यूपी कबड्डी लीग के दूसरा सीज़न में वाराणसी वोल्केनो और मुजफ्फरनगर महाराजा ने मारी बाजी।

पुरुषों के फाइनल मे मुजफ्फरनगर महाराजा ने आर आर पॉलिटेक्निक वाराणसी वारियर्स के खिलाफ शुरुआत से ही बढ़त बनाई। मुज़फ़्फ़रनगर महाराजा शुरुआत से कुल नियंत्रण में थाए खेल का अंतिम स्कोर 50–25 रहा। मुज़फ़्फ़रनगर के अजय को उनके 11 अंक के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जबकि मुज़फ़्फ़रनगर के स्टार ऑलराउंडर भीष्म चौधरी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। महिलाओं के फइनल मेंए वाराणसी वोल्केनो ने बागपत अनोखी को हरायाए जो एक करीबी प्रतियोगिता के रूप में सामने आयाए इस प्रकार उसने यूपी कबड्डी लीग महिला का खिताब जीता। यह मैच सामान्य समय के बाद 27–27 से समाप्त हुआए जबकि वाराणसी की टीम ने अतिरिक्त समय के बाद चैंपियनशिप को हासिल करने के लिए 34–32 के स्कोर से प्रतियोगिता अपने नाम की। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद वाराणसी की कामिनी तिवारी को प्लेयर ऑफद मैच चुना गया।

Chola
Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय** : प्रथम तल, 'डेयर हाउस' नंबर 2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई–600 001
**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नंबर 6, द्वितीय तल, मेट्रो पिलर नंबर 81 के सामने, पूसा रोड, करौल बाग, नई दिल्ली–110005

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, इसमें आगे अधिनियम कहा गया है, के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना(एं) कालम (**सी**) में वर्णित तिथियों को जारी की थीं, जिसमें कर्जदारों, जिनके नाम कालम (**बी**) में निदर्शित किए गए हैं, से कालम (**डी**) में निदर्शित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक में बंधक रखी कालम (**ई**) में वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा कालम (**एफ**) में निदर्शित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को कालम (**ई**) में वर्णित संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड की कालम (**डी**) में निदर्शित बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13 (8) के तहत कर्जदार बिक्री की अधिसूचना से पहले पूरी बकाया राशि सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित चुकाकर प्रत्याभूत आस्ति छुड़ा सकते हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम एवं पता तथा ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जे में ली गई सम्पत्ति का विवरण | भौतिक कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) |
| 1. | (हमारी दिल्ली शाखा की ऋण संख्या **X0HEDHE00001322529** एवं **X0HEDHE00001322517** ) भारत भूषण (कर्जदार), रीटा शर्मा, श्रीमती सुचेता, सीमा शर्मा (सह–कर्जदार) सभी का पत्राचार हेतु पता : सी–411, गली नंबर 17, भजनपुरा गढ़ी, मेन्डू नॉर्थ ईस्ट, नई दिल्ली–110053 | **10-10-2017** | रू. 98,71,946.46 (रूपए अठ्ठानवे लाख इकहत्तर हजार नौ सौ छियालीस तथा पैसे छियालीस मात्र) | सम्पत्ति परिमाप 189 वर्ग गज सम्पत्ति सं. सी–411, खसरा नंबर 361 का भाग, ग्राम घोंडा गूजरान खादर, आबादी सी–ब्लॉक, गली नंबर 17, भजनपुरा, शाहदरा, नई दिल्ली–110053 | **14-10-2019** |

स्थान : दिल्ली + एनसीआर तिथि : 18–10–2019 हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# मार्करम रांची टेस्ट से बाहर

## ● ठोस चीज पर मुक्का मारना भारी पड़ा

एजेंसी। रांची

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम को निराशा में किसी ठोस चीज पर मुक्का मारना भारी पड़ गया क्योंकि कलाई में चोट के कारण वह भारत के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, यह चोट (दूसरे टेस्ट मैच की) दूसरी पारी में इस सलामी बल्लेबाज के आउट होने के बाद लगी। अपने प्रदर्शन से निराश मार्करम ने किसी ठोस चीज पर मुक्का मारा जिसके कारण वह चोटिल हो गए। दक्षिण अफ्रीका विशाखापत्तनम और पुणे में करारी हार के बाद पहले ही श्रृंखला गंवा चुका है। मार्करम के लिए भारत का दौरा मिश्रित सफलता वाला रहा है। उन्होंने अभ्यास मैचों में दो शतक लगाए लेकिन टेस्ट श्रृंखला में यही फार्म बरकरार नहीं रख पाए। पहले टेस्ट मैच में पांच और 39 रन बनाने के बाद वह दूसरे टेस्ट की दोनों पारियों में खाता भी नहीं खोल पाए थे। सीएसए ने कहा, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान दाईं कलाई चोटिल हो जाने के कारण तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। टीम चिकित्सक हर्शेंद्र रामजी ने कहा, एडेन मार्करम की कलाई के सीटी स्कैन से पता चलता है कि उनकी कलाई की हड्डियों में फ्रैक्चर है। चिकित्सा टीम ने इसलिए उन्हें भारत के खिलाफ



अगले टेस्ट मैच के लिए अनफिट करार दिया। मार्करम गुरुवार की सुबह दक्षिण अफ्रीका रवाना हो गए। टीम प्रबंधन ने उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं बुलाया है। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से यहां शुरू होगा। इस तरह से स्वदेश लौटने से मार्करम भी निराश हैं। उन्होंने कहा, इस तरह स्वदेश लौटना दुखद है और मैं अच्छी तरह से समझता हूं कि मैंने क्या गलत किया और मैं इसकी पूरी जवाबदेही लेता हूं। मार्करम ने कहा, दक्षिण अफ्रीकी माहौल में यह अस्वीकार्य है और मैंने टीम को नीचा दिखाया जिससे मैं सबसे अधिक आहत हूं। मैंने इससे कड़ा सबक लिया और मुझे पूरा विश्वास है कि अन्य खिलाड़ियों ने भी इससे सबक लिया होगा। उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि खेल में भावनाएं हावी होती हैं और कई बार निराशा आप पर हावी हो जाती है जैसा कि मेरे साथ हुआ लेकिन जैसे मैंने कहा, इसका कोई बहाना नहीं है। मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। मैं टीम से माफी मांगता हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही इसकी भरपाई करने में सफल रहूंगा।

# भारत में आप खुद को अच्छी तरह से समझ जाते हो : एल्गर



एजेंसी। रांची

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर ने कहा कि भारत दौरे के दौरान उन्हें एक क्रिकेटर और व्यक्ति के तौर पर खुद को अच्छी तरह से समझने का मौका मिला। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 श्रृंखला।-। से बराबर कराई थी लेकिन इसके बाद टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैचों में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से रांची में खेला जाएगा। एल्गर ने कहा, यह चुनौतीपूर्ण दौरा है। एक व्यक्ति, एक क्रिकेटर के तौर पर आप बहुत कुछ सीखते हो। मेरा मानना है कि आप एक व्यक्ति के रूप में तब खुद के बारे में काफी जानते हैं जब आप छोटी जगहों पर जाते हैं जहां होटल संभवत: अच्छे नहीं होते और फिर आपको मैदानी चुनौती का सामना करना होता है। भारत आने पर हमेशा आपको काफी अच्छी सीख मिलती है। एल्गर ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप शुरू होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे टेस्ट मैच में भी काफी कुछ दांव पर लगा है भले ही वह पहले ही श्रृंखला गंवा चुका है। पहले यह एक औपचारिक मैच होता लेकिन अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कारण हम इससे अंक हासिल कर सकते हैं। हम अंतिम टेस्ट मैच में जीत दर्ज करके अब भी 40 अंक हासिल कर सकते हैं। हम इस मैच में इसको नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसमें अब भी काफी कुछ दांव पर लगा है। पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले एल्गर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को अंतिम मैच में भारतीय गेंदबाजों का सामना करने के लिए अपने बेसिक्स पर ध्यान देना होगा।
उन्होंने कहा, इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हम सभी के लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल पाए और अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए। लेकिन हम सकारात्मक बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने की कोशिश कर रहे है। हम अब भी अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और यह प्रत्एक खिलाड़ी के लिए गौरवशाली क्षण है। हमें अभी एक मैच खेलना है और हम वास्तव में काफी कुछ बदल सकते हैं। हम आखिरी टेस्ट को लेकर अब भी आशान्वित और सकारात्मक हैं। उम्मीद है कि हम ढेर सारे रन बनाएंगे। दूसरे टेस्ट मैच में हमने बेसिक्स पर ध्यान नहीं दिया जैसा कि पहले टेस्ट में किया था।

## मार्श का पाक के खिलाफ पहला टेस्ट खेलना संदिग्ध

**सिडनी।** आलराउंडर मिशेल मार्श का पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि दीवार पर मुक्का मारने के कारण उनके दाएं हाथ में चोट लग गई है। उनकी इस हरकत को आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने बेवकूफाना करार दिया। पश्चिम आस्ट्रेलिया के कप्तान मार्श ने रविवार को तस्मानिया के खिलाफ शैफील्ड शील्ड मैच में 53 रन पर आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में दीवार पर अपना गुस्सा निकाला। इससे उनके हाथ पर चोट लग गई। स्कैन से पता चला है कि हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। मार्श ने इसके बाद अपनी हरकत के लिए माफी मांगी और कहा कि उन्हें छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहना पड़ सकता है। इसका मतलब है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ 21 नवंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। मार्श ने पत्रकारों से कहा, मेरी बीच की उंगली पर चोट लगी है, कलाई के ठीक नीचे फ्रैक्चर हुआ है। क्या उन्होंने इस संबंध में लैंगर से बात की? इस सवाल पर मार्श ने कहा, उन्होंने मुझे कहा कि तुम असल में बेवकूफ हो। मार्श ने कहा, यह मेरे लिए अच्छा सबक है। उम्मीद है इससे दूसरे लोग भी सबक लेंगे। आखिर में यह क्रिकेट का खेल है। कुछ अवसरों पर आप चूक जाते हो तो कभी आउट हो जाते हो। इसके लिए आप दीवार पर गुस्सा नहीं उतार सकते।

# अंतरराष्ट्रीय दौरे सरकार की सहमति से : गांगुली

## ● दोनों देशों से जुड़ा विषय भारत-पाक क्रिकेट संबंध प्रधानमंत्रियों की मंजूरी पर निर्भर

एजेंसी। कोलकाता

बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध बहाल करना भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इमरान खान की मंजूरी से जुड़ा विषय है।
गांगुली से यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब भारत – पाकिस्तान द्विपक्षीय श्रृंखला बहाल करने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, आपको यह सवाल मोदी जी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से पूछना चाहिए। पूर्व कप्तान ने कहा, निश्चित तौर पर हमें (अनुमति) लेनी होगी, क्योंकि सभी अंतरराष्ट्रीय दौरे सरकार के जरिए होते हैं। इसलिए हमारे पास इस सवाल का जवाब नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला 2012 में खेली गई थी जबकि भारत ने दो टी20 और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान की मेजबानी की थी। गांगुली की अगुवाई में भारत ने 2004 में पाकिस्तान का ऐतिहासिक दौरा किया था। यह 1999 में कारगिल युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच पहली द्विपक्षीय श्रृंखला थी और भारतीय टीम 1989 के बाद पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई थी। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बीसीसीआई ने पाकिस्तान के संदर्भ में आईसीसी से आतंकवाद को प्रश्रय देने वालों देशों से संबंध तोड़ने की अपील की थी। यह पत्र तीन सदस्ईय प्रशासकों की समिति (सीओए) की तरफ से भेजा गया था जो बीसीसीआई चुनाव होने तक बोर्ड के कामकाज को संभाल रही है। गांगुली 23 अक्टूबर को पदभार संभालेंगे।

## सचिन को दादा से अच्छी पारी की उम्मीद






**मुंबई।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को उम्मीद है कि सौरव गांगुली बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका उसी जुनून के साथ निभाएंगे जैसे अपने बेहद सफल करियर के दौरान वह खेला करते थे। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष गांगुली का 23 अक्टूबर को बोर्ड की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में बीसीसीआई का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय है। तेंदुलकर ने कहा, उन्होंने जिस तरह से अपनी क्रिकेट खेली, उन्होंने जिस तरह से देश की सेवा की, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं कि वह (बीसीसीआई अध्यक्ष के तौर पर) उसी तरह की क्षमता, लगन और फोकस के साथ अपनी भूमिका निभाएंगे। तेंदुलकर यहां रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज लीग की शुरुआत के अवसर पर बोल रहे थे जिसमें वह भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। इसमें वीरेंद्र सहवाग, जहीर खान, आरपी सिंह और अजित अगरकर भी शामिल हैं। लीग के ब्रांड एंबेसडर तेंदुलकर ने कहा, मैं अभ्यास करूंगा और ए सभी क्रिकेटर तैयार हैं। हमने कल फिल्म शूट की थी, इसलिए सभी खिलाड़ी तैयार हैं और लंबे समय बाद मैदान पर लौटना सुखद अहसास है लेकिन जैसे मैंने पहले कहा था कि जब भी आप मैदान पर उतरते हो तो उसका अहसास भिन्न होता है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जा रही यह लीग अगले साल फरवरी में होगी। सहवाग भी लगता है फिर से तेंदुलकर के साथ पारी का आगाज करने और पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली जैसे गेंदबाजों का सामना करने को लेकर उत्साहित है। जो अन्य खिलाड़ी इस लीग का हिस्सा हैं उनमें वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा, दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स और श्रीलंका तिलकरत्ने दिलशान भी शामिल हैं। लीग के आयुक्त और अपने जमाने के दिग्गज सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर बात की।

## आईएसएल का भी चेहरा होंगे बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट के अगले मुखिया सौरव गांगुली आगामी इंडियन सुपर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का भी चेहरा होंगे। आईएसएल का नया सत्र रविवार को कोच्चि मे शुरू होगा जिसमें केरल ब्लास्टर्स का सामना दो बार के चैंपियन एटीके से होगा। गांगुली इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। गांगुली ने बुधवार को ईडन गार्डन्स पर कहा, मै इस बार आईएसएल का चेहरा हूं और उनके लिए शूट कर रहा हूं। इसलिए मुझे केरल में उदघाटन समारोह में उपस्थित रहना होगा और इस वजह से मै रांची टेस्ट मैच मे नही रहूंगा। बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष को रांची में रहना था लेकिन नए घटनाक्रम का मतलब है कि गांगुली आईएसएल के उदघाटन समारोह मे भाग लेने के बाद अगले दिन मुंबई पहुंचकर 23 अक्टूबर को बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इसके अध्यक्ष का पद भार संभालेंगे। संयोग से गांगुली आईएसएल फ्रेंचाइजी एटीके के सह मालिक भी हैं। उन्होने कहा, मै अब भी एटीके के साथ हूं और जल्द ही उनसे बात करूंगा। गांगुली ने कहा कि अपनी नई जिम्मेदारी के कारण उन्हे इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर का पद छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं केवल (बंगाली टीवी कार्यक्रम) दादागीरी और विज्ञापन ही कर पाऊंगा, बाकी सब बंद हो जाएगा। कमेंट्री, लेख लिखना और आईपीएल, मै ए सब अब बंद कर दूंगा। मै पहले ही दिल्ली कैपिटल्स को छोड़ चुका हूं और इससे उन्हे अवगत करा दिया है। यह अहम जिम्मेदारी है और पहला काम शीर्ष परिषद की बैठक बुलाकर विभिन्न समितियो का गठन करना है।

# कोहली और रोहित के बिना टीम इंडिया ने किया अभ्यास







रोहित होटल जाते हुए, अभ्यास करते इशांत, पुजारा व मयंक

एजेंसी। रांची

कप्तान विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट से पहले वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन स्पिनर कुलदीप यादव अपने बल्लेबाजी कौशल को निखारते नजर आए। पहले दो टेस्ट से बाहर रहे कुलदीप ने अभ्यास सत्र का पूरा इस्तेमाल किया। इस सत्र में अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल और ईशांत शर्मा ने भी भाग लिया। इससे पहले मुख्य कोच रवि शास्त्री और गेंदबाजी कोच भरत अरूण ने पिच का मुआयना किया। पिच सूखी होने से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा , मुझे लगता है कि विकेट स्पिन लेगा। पिच सूखी दिख रही है लिहाजा रिवर्स स्विंग भी ले सकती है। स्पिन की भूमिका काफी अहम होगी। भारत के लिए आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: 14 और 10 विकेट लिए हैं। कुलदीप को अगर मौका मिलता है तो किसी तेज गेंदबाज को बाहर रहना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अभ्यास सत्र में भाग लिया और फोकस बल्लेबाजी पर था। दक्षिण अफ्रीका के अभ्यास सत्र में कप्तान डु प्लेसी, तेंबा बावुमा, थ्यूनिस डि ब्रून, क्विंटोन डिकाक, सेनुरान मुथुस्वामी ने भाग लिया।

## मुक्केबाज पैट्रिक डे की मुकाबले के चार दिन बाद मौत

**शिकागो।** मुक्केबाज पैट्रिक डे का चार्ल्स कोनवेल के खिलाफ मुकाबले के दौरान सिर में चोट लगने के चार दिन बाद बुधवार को मौत हो गई। प्रमोटर लोउ डिबेला ने कहा कि पैट्रिक डे ने नार्थवेस्टर्न मेमोरियल अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 27 साल के थे। डिबेला ने अपनी वेबसाइट पर बयान में कहा, उनके परिजन, करीबी मित्र और मुक्केबाजी टीम के सदस्य तब उनके पास थे। वह एक बेटा, भाई और कई का बहुत अच्छा दोस्त था। पैट्रिक डे शनिवार को विनट्रस्ट एरेना में दसवें राउंड में नाकआउट हो गए। तब उनके सिर में चोट लग गई थी और उन्हें स्ट्रेचर पर रिंग से बाहर ले जाया गया था। इसके बाद उनके मस्तिष्क का आपरेशन किया गया था।

## अगले साल फ्रेंच ओपन में खेलेंगे फेडरर

**पेरिस।** स्विटजरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल फ्रेंच ओपन में भाग लेंगे।
इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने सीएनएन से कहा, मैं फ्रेंच ओपन में भाग लूंगा। मैं संभवत: उससे पहले ज्यादा नहीं खेलूंगा क्योंकि मुझे इससे (टेनिस) से इतर कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताने की जरूरत है। फेडरर ने तीन साल तक अनुपस्थित रहने के बाद इस साल फ्रेंच ओपन में वापसी की थी जहां वह सेमीफाइनल में राफेल नडाल से हार गए थे। वह अगले साल तोक्यो ओलंपिक में खेलने की पहले ही पुष्टि कर चुके हैं।

## आईपीएल टीम में पहली महिला स्टाफ : आरसीबी ने नवनीता गौतम को खेल मसाज थेरेपिस्ट नियुक्त किया

एजेंसी। नई दिल्ली

रायल चैलेंजर्स बेंगलोर ने नवनीता गौतम को टीम की खेल मसाज थेरेपिस्ट नियुक्त किया है जो आईपीएल में किसी टीम की पहली महिला सहयोगी स्टाफ बन गई। आरसीबी की विज्ञप्ति के अनुसार , नवनीता मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट इवान स्पीचली और अनुकूलन कोच शंकर बासु के साथ काम करेगी। इसमें कहा गया , वह खिलाड़ियों की व्यक्तिगत शारीरिक फिटनेस से संबंधित मामलों के लिए विशिष्ट तकनीकी सहयोग मुहैया कराने की जिम्मेदारी संभालेंगी।

# द्रविड़ की देखरेख में एनसीए में प्रशिक्षण ले रहे हैं 16 देशों के युवा क्रिकेटर



एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के निदेशक राहुल द्रविड़ की देखरेख में 16 राष्ट्रमंडल देशों के लड़कों और लड़कियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका आयोजन बीसीसीआई विदेश और खेल मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। लंदन में 19 अप्रैल 2018 को राष्ट्रमंडल देशों के प्रमुखों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत 16 साल से कम उम्र के लड़कों और लड़कियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगा और उन्हें एनसीए में भारत के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ अभ्यास करने का मौका देगा। एनसीए में अभी बोत्सवाना, कैमरून, कीनिया, मोजाम्बिक, मॉरीशस, नामीबिया, नाइजीरिया, रवांडा, युगांडा, जाम्बिया, मलेशिया, सिंगापुर, जमैका, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, फिजी और तंजानिया के युवा खिलाड़ी (18 लड़के और 17 लड़कियां) प्रशिक्षण ले रहे हैं। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार यह एक महीने का शिविर एनसीए बेंगलुरू में एक अक्टूबर से शुरू हुआ और इसे 30 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। यहां एनसीए के क्रिकेट प्रमुख राहुल द्रविड़ की देखरेख में देश के सर्वश्रेष्ठ कोच उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। इन खिलाड़ियों को होटल आवास, क्रिकेट किट, पोषक तत्व, अन्य सुविधाएं और भत्ते प्रदान किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका प्रवास आरामदायक और फलदाई रहे।

## आनंद ने प्रेरक किताब लिखी

**नई दिल्ली।** महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक प्रेरक किताब लिखी है जिसमे जीवन के अपने अनुभवो को उन्होंने साझा किया है। माइंड मास्टर : विनिंग लेसंस फ्राम अ चैम्पियंस लाइफ मे आनंद ने अपने बेहतरीन मुकाबलो और बदतर पराजयो को याद किया है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अपने अनुभव, जीत की रणनीतियो और निराशाओं से उबरने के अनुभव भी उन्होंने साझा किए हैं। हैचे इंडिया द्वारा प्रकाशित किताब का विमोचन 11 दिसंबर को होगा। पांच बार के विश्व चैम्पियन ने कहा , मेरे कैरियर और जीवन की कई अनूठी यादें हैं लेकिन उन्हे कागजो पर उकेरने के लिए यादो के गलियारे से गुजरना था। मैने इस सफर मे कई रोचक कहानियां और घटनाएं फिर से याद कर ली। हैचे इंडिया की प्रमुख संपादक पौलोमी चटर्जी ने कहा , आनंद की उपलब्धियां और कैरियर कई लोगों के लिए प्रेरणास्पद है। अब उनके अनुभवो को उन्होने खुद साझा किया है।




मुंबई में वर्ल्ड सेफ्टी सीरीज के कार्यक्रम के दौरान जांटी रोड्स, वीरेंद्र सहवाग, दिलशान, सचिन, लारा व ब्रेटली

# भारतीय तेज आक्रमण मुझे अतीत के कैरेबियाई आक्रमण की याद दिलाता है : लारा

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने गुरूवार को मौजूदा भारतीय तेज आक्रमण की तारीफ करते हुए कहा कि इससे उन्हें अतीत के कैरेबियाई तेज आक्रमण की याद आती है। भारत के जसप्रीत बुमराह, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी ने 2018 में टेस्ट मैचों में 142 विकेट लिए। यह पूछने पर कि इस भारतीय टीम में क्या खास है , लारा ने कहा , भारत का तेज आक्रमण। मैने वेस्टइंडीज में देखा। बुमराह, शमी, यादव , भुवनेश्वर सभी बेहतरीन तेज गेंदबाज है। ए मुझे अस्सी और नब्बे के दशक की वेस्टइंडीज टीम की याद दिलाते हैं। टीम की क्षमता का आकलन करने के लिए रिजर्व बेंच की ताकत को आंकना जरूरी है। इसके मायने है कि आपके पास उम्दा आक्रमण है। यहां रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरिज के लांच के लिए आए लारा ने भारतीय कप्तान विराट कोहली की भी तारीफ की। वह शानदार कप्तान है। अपने प्रदर्शन के जरिए वह मोर्चे से अगुवाई करता है। खेल के सभी पहलुओं में और मैदान से बाहर भी। महेंद्र सिंह धोनी ने नींव रखी और अब कोहली अलग तरीके से टीम को आगे ले जा रहा है। भारतीय टीम सही दिशा में जा रही है। खेल से जुड़े सर्वश्रेष्ठ लोग इसके पास है और इसका फायदा मिल रहा है।




## शरत चंद्र की रचना दत्ता पर बनेगी फिल्म



**कोलकाता।** शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास दत्ता को सौ साल पूरे होने जा रहे हैं। इस मौके पर नवोदित निर्देशक निर्मल चक्रवर्ती दत्ता पर आधारित एक बंगाली फिल्म लेकर आ रहे हैं जिसकी शूटिंग पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में की जा रही है। चक्रवर्ती ने कहा कि बंगाली फिल्मकार अब भी साहित्यिक रचनाओं के मूल कथानकों पर सिनेमाई रुपांतरण बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। फिल्म में रितुपर्णा सेनगुप्ता बिजोया और जॉय सेनगुप्ता नरेन की भूमिका में हैं। रितुपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि फिल्म में काम करने से पहले उन्होंने उपन्यास को फिर से पढ़ा और उस किरदार से रूबरू हुईं। दत्ता पर इसके पहले भी वर्ष 1951 और 1976 में फिल्में बन चुकी हैं। चक्रवर्ती ने कहा, हालांकि मेरी फिल्म भी पहले बनी दोनों फिल्मों की तरह एक पीरियड फिल्म होगी। लेकिन इसमें एक अलग अंदाज होगा जो पिछले दो रूपांतरणों से भिन्न होगा।चक्रवर्ती की इस फिल्म में दर्शकों को रवींद्रनाथ टैगोर और रजनीकांत सेन के गीत सुनने को मिलेंगे।

## हॉस्टेजेस सीजन 2 जल्द दर्शकों के सामने



**मुंबई।** लोकप्रिय इजरायली क्राइम थ्रिलर पर आधारित भारतीय शो हॉस्टेजेस के निर्माताओं ने बुधवार को इस शो के दूसरे सीजन की घोषणा की। एप्लॉज इंटरटेनमेंट के लिए इस वेब सीरीज के निर्माता बनिजय आसिया और निर्देशक सुधीर मिश्रा हैं। हॉटस्टार स्पेशल पर मई में प्रसारित इस शो के पहले सीज़न में टिस्का चोपड़ा और रोनित रॉय ने अभिनय किया था। एप्लॉज इंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने कहा, अरमोजा और प्रसारणकर्ता हॉटस्टार के सहयोग से पहले सीजन को दर्शकों ने हाथोहाथ लिया। टीम नए सीज़न के लिए बहुत उत्साहित है। हॉस्टेजेस का पहला सीजन एक अच्छी पटकथा और बेहतरीन निर्देशक के कारण सफल रहा, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। पहले सीज़न में परवीन डबास, दलीप ताहिल, सूर्या शर्मा और अनंग्शा बिस्वास प्रमुख भूमिकाओं में थे।

## डायना पेंटी करेंगी लवस्टोरी 'शिद्दत'



**फिल्म** अभिनेत्री डायना पेंटी का कहना है कि 'ये पहला अवसर है जब मैं एक गहन प्रेम पर आधारित कहानी में काम कर रही हूं। इससे पहले तक मैं कॉमेडी और नाटकीयता वाली फिल्में करती रही हूं लेकिन ऐसी फिल्म मैं पहली बार करूंगी। इसमें प्रेमकहानी के पीछे भी एक कहानी चल रही होगी और यही कारण है कि मैं इसे कर रही हूं। तीन सप्ताह के भीतर हम इसकी शूटिंग प्रारंभ करेंगे। मैं इस फिल्म में काम करने की राह देख रही हूं क्योंकि उसी तरह की फिल्म करना अच्छा अनुभव होगा जिस तरह की फिल्म के साथ मैंने अपना कॅरियर प्रारंभ किया था।'

## भूमि को विविधतापूर्ण चरित्र निभाना प्रिय



**अभिनेत्री** भूमि पेडनेकर की अभी तीन फिल्में रिलीज़ होने वाली हैं। उनका कहना है कि वो एक अभिनेत्री के रूप में बहुमुखी चरित्र करना चाहती हैं। निकटवर्ती समय में हम उन्हें 'सांड की आंख, बाला और पति, पत्नी और वो' जैसी फिल्मों में देख पाएंगे। भूमि का कहना है, 'एक अभिनेत्री के रूप में मैं अपने चरित्रों में विविधता चाहती हूं और मेरी आने वाली तीन फिल्में मेरे चयन की विविधता को प्रदर्शित करेंगी। मेरी ये तीनों फिल्में मुझे बहुत प्रिय हैं और उनकी पटकथा अप्रतिम। उनमें महत्वपूर्ण संदेष हैं जो दर्षकों के लिए हृदयस्पर्षी साबित होंगे।' वर्ष 2005 में फिल्म दम लगा के हइषा से अपने कॅरियर को प्रारंभ करने वाली भूमि चॉक एंड चीज़ जैसी अलग प्रकार की फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# मुझे पूरा विश्वास था कि प्रभुकृपा से समय अवश्य बदलेगा: सुधा चंद्रन

सोनी टीवी चैनल पर आने वाले धारावाहिक 'तारा फ्रॉम सतारा' में श्रीलेखा अयंगर का चरित्र निभा रही फिल्म अभिनेत्री सुधा चंद्रन से एक विशेष बातचीत में पायनियर संवाददाता **मुज़्बा हाशमी** ने सीरियल में उनके रोल, काम में संतुलन स्थापित करने से लेकर व्यक्तिगत तथा आने वाले कार्यक्रमों से जुड़े प्रश्न पूछे। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश–



■ **इस शो में आपकी क्या भूमिका है?**
– मैं इस धारावाहिक में दिखाए गए डांस शो 'डांसर नंबर 1' के तीन जजों में से एक जज बनी हूं। वो कड़क हैं और उन्हें शास्त्रीय नृत्य के महत्व के बारे में पता है। वो बहुत सटीकता से अपनी बात रखती हैं और वो संपूर्ण श्रेष्ठता में विष्वास करती हैं। उन्हें प्रतिभा और कठिन परिश्रम में अगाध भरोसा है। कभी कभी लगने लगता है कि उनका चरित्र नकारात्मक है लेकिन ऐसा वास्तव में नहीं है। वो सभी को बहुत प्यार करती हैं।

■ **क्या इस रोल को लेने से पहले आपको किसी प्रकार की आशंका थी?**
– नहीं ऐसा तो नहीं था। मैंने इस प्रकार का रोल इससे पहले कभी नहीं किया। मेरे लिए तो ये एक प्रकार का सुखद बदलाव लेकर आया हैं। मैंने अभी तक केवल कहानियों पर आधारित शो किये थे और अब तक किसी रियलिटी शो में काम नहीं किया था। लेकिन इस शो में दोनों विधाओं का एक आदर्श संतुलन परिलक्षित होता है। इसका हिस्सा बनकर मैं अत्यंत प्रसन्न हूं।

■ **अभिनय के क्षेत्र में आपका आना कैसे संभव हुआ?**
– मुझे इसका स्पष्ट कारण तो याद नहीं आ रहा लेकिन मुझपर बनाई गई एक फिल्म है जिसका नाम 'नाचे मयूरी' था। मैंने इसमें काम किया था क्योंकि ये मेरे ही जीवन पर आधारित है। इस इंडस्ट्री में मेरा आना इसी फिल्म के साथ हुआ था। मुझे अभी तो केवल यही याद है।

■ **क्या आपको अपने कॅरियर में किया गया कोई रोल आज तक उतनी ही जीवंतता से याद है?**
– ऐसे तो कई रोल हैं जो मुझे प्रिय हैं लेकिन 'कहीं किसी रोज़' में रमोला सिकंद का निभाया गया रोल मुझे आज भी याद है। मुझे लगता है कि इसी रोल के कारण मैं अपने कॅरियर में स्थापित हो सकी। इसके अलावा दूसरा ऐसा रोल था टीवी पर आने वाले शो नागिन में यामिनी रहेजा का था।

■ **अभी तक आपकी यात्रा कैसी रही है?**
– मेरे लिए तो ये काफी लंबी रही है। मेरी यात्रा कभी भी एक सीधी रेखा जैसी स्थिर नहीं रही, इसमें उतार–चढ़ाव अनवरत रूप से आते ही रहे हैं। मेरा मानना है कि जीवन में उतार–चढ़ाव होने से हम नीरसता से बचे रहते हैं अन्यथा हम एक ही चीज में फंसे रह सकते हैं। इन उतार–चढ़ावों के कारण मेरे जीवन में नीरसता नहीं आ सकी और मैंने इसका पूरा आनंद उठाया है।

■ **क्या आपको बीच में कभी ऐसा लगा कि आपको इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिये?**
– जी हां, नाचे मयूरी के बाद लगभग 7 साल तक मुझे कोई काम नहीं मिला। लोग मुझसे कहते रहे कि आप इस इंडस्ट्री के अनुकूल नहीं हैं और ये मुझे कभी स्वीकार नहीं करेगी। लेकिन मेरे मन के किसी कोने में मुझे विश्वास था कि यदि भगवान मुझे इस इंडस्ट्री में लेकर आए हैं तो इसका कुछ तो कारण होगा ही और वो मेरा पूरा साथ देंगे। ईश्वर में ऐसे विश्वास के कारण ही मैं आज इतने साल बाद भी इस इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। मुझे पूरा भरोसा था कि सही समय आने पर सबकुछ मेरी बेहतरी के लिए बदलेगा। यही कारण है कि आज मुझे अच्छा काम मिल रहा है।

■ **क्या आपके लिए व्यक्तिगत जीवन और काम के बीच संतुलन स्थापित करना कठिन है?**
– नहीं, ऐसा नहीं है। परिवार और कार्य को संतुलित करना सरल है। आज तो हर स्त्री ये कर रही है और हम अभिनेत्रियां किसी भी प्रकार से इसका अपवाद नहीं हैं। लेकिन मैंने परिवार और कार्य के बीच एक रेखा खींच रखी है। मैं दिन के 12 घंटे काम करती हूं और फिर घर जाकर शेष समय परिवार के साथ बिताती हूं। मैं ये सुनिश्चित करती हूं कि मेरा जो समय खाली हो, वो मैं अपने छोटे से परिवार–पति, पिता और अपने बीच गुजारूं।

■ **अभिनय क्षेत्र में पदार्पण के इच्छुक लोगों के लिए आप क्या संदेश देना चाहेंगी?**
– ऐसे देखा जाए तो युवा पीढ़ी को किसी की सलाह की आवष्यकता नहीं है क्योंकि वे पहले से ही जीवन में एकाग्र होकर एक सुनिश्चित राह पर चलकर अपना कार्य कर रहे हैं। वे समर्पित हैं और परिश्रमी भी। वे जितने समय तक काम कर सकते हैं, देखकर विस्मय होता है। नवोदित अभिनेताओं को देखकर अच्छा लगता है कि वे कितने पेशेवर हैं।

■ **आप और किन परियोजनाओं में काम कर रही हैं?**
– मैं अभी कलर्स चैनल पर आने वाले शो बेपनाह प्यार, स्टार प्लस पर ये हैं मोहब्बतें और तारा फ्रॉम सतारा जैसे शोज़ में काम कर रही हूं।

# 'बाला' की तैयारी के लिए टिकटॉक पर अपना एकाउंट बनाया



**मुंबई।** अभिनेत्री यामी गौतम आगामी फिल्म 'बाला' में टिकटॉक स्टार की भूमिका निभाते नजर आएंगी। ऐसे में उनका मानना है कि वीडियो शेयरिंग एप ने किरदार की तैयारी करने में उनकी काफी मदद की। किरदार की तैयारी करने के लिए यामी ने टिकटॉक पर अपना निजी अकाउंट बनाया था।

इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, 'मेरे लिए यह मायने रखता है कि लोग आएंगे फिल्म में मेरा अभिनय देखेंगे न कि मैं कैसी इंसान हूं वो ये देखने आएंगे। मैंने किरदार के हर हाव–भाव में ढलने के लिए अपनी जी जान लगा दी है, ताकि लोग मेरे किरदार के प्रति आर्कषक हों। मैं नजाकत से लेकर छोटे शहर के लोगों के व्यवहार की हर बारीकी पर पकड़ बनाना चाहती थी। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'टिकटॉक वीडियो को देख कर मुझे किरदार पर काम करने में बहुत मदद मिली। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित 'बाला' में आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर भी है। फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी।



बॉलीवुड अदाकारा शमिता शेट्टी ने मुंबई के चेंबूर में एक अत्याधुनिक पालतू स्पा, 'पिल्स एंड कट्स' की शुरुआत की।

## मुंबई-दिल्ली ट्रेन से 'हाऊसफुल 4' का प्रमोशन



**अभिनेता** अक्षय कुमार, अपनी फिल्म हाउसफुल 4 के अन्य सह अभिनेता–रितेश देशमुख, बॉबी देओल, कृति सेनन, पूजा हेगड़े, कृति खरबंदा और चंकी पांडे के साथ अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मुंबई से दिल्ली तक रेलगाड़ी से यात्रा की। उनका ये आयोजन भारतीय रेलवे के 'प्रमोशन ऑन व्हील्स' अभियान का हिस्सा है जो एक नयी अवधारणा है जिसे उन्होंने अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए अपनाया है। नाडियावाला के प्रपौत्र इसके निर्माता हैं और फॉक्स स्टार स्टूडियो सहनिर्माता। फिल्म आगामी 25 अक्तूबर को रिलीज़ हो रही है।


## मैं अपने किरदारों को दोहराने की कोशिश नहीं करती: स्मिता



**टीवी** धारावाहिक 'बालिका वधू' से बच्ची दुल्हन की सास के रूप में चर्चित हुई अभिनेत्री स्मिता बंसल अपने किरदारों को दोहराना पसंद नहीं करती हैं। नए धारावाहिक 'यह जादू है जिन्न का' में स्मिता केंद्रीय भूमिका में दिखाई देंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह काफी दिलचस्प है।

स्मिता ने कहा, 'मैं अपने किरदारों के साथ प्रयोग करना पसंद करती हूं और ऐसा पहली बार हुआ है, जब मैं इस प्रकार के शो में काम कर रही हूं। मैं अपने किरदार को दोहराना पसंद नहीं करती, इसलिए जैसे ही मुझे यह ऑफर हुआ, इस मौके के लिए हां कर दी।' धारावाहिक में स्मिता विक्रम सिंह चौहान (अमन) की मां का किरदार निभाएंगी। अमन जुनैद खान जादुई शक्तियों वाला नवाब है, लेकिन उसकी मां (स्मिता द्वारा अभिनीत) को उसका शक्तियों का उपयोग करना पसंद नहीं है। वह चाहती है कि बेटा दूसरे इंसानों की तरह रहे।

## वियतनाम ने एनिमेटेड फिल्म पर प्रतिबंध लगाया



**हनोई।** वियतनाम ने सिनेमाघरों में एनिमेटेड फिल्म एबोमिनेबल के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसके बाद इस फिल्म को सिनेमाघरों से हटा लिया गया। वियतनाम का कहना है कि इस एनिमेटेड फिल्म में विवादित दक्षिण चीन सागर में चीनी दावों का समर्थन करने वाले एक नक्शे को दिखाया गया है। ड्रीमवर्क्स एनिमेशन और चीन स्थित पर्ल स्टूडियो ने इस एनिमेटेड एडवेंचर फिल्म का संयुक्त रूप से निर्माण किया है। इस फिल्म में एक चीनी लड़की की कहानी है, जो एक एति (हिम मानव) को माउंट एवरेस्ट पर उसके घर लौटने में मदद करती है। सरकार द्वारा संचालित टुओई ट्रे अखबार ने सोमवार को बताया कि हटाए जाने से पहले एक सप्ताह तक वियतनाम के सिनेमाघरों में यह फिल्म दिखाई गई। सरकार के सिनेमा विभाग के प्रमुख गुएन थू हा ने कहा, हम सेंसरशिप में अधिक सतर्क और गंभीर रहेंगे। फिल्म की वियतनामी फिल्म प्रशंसकों ने भी आलोचना की है।

## 'द एडम्स फैमिली' का बनेगा सीक्वेल

**हॉलीवुड** अभिनेता चार्लीज़ थेरॉन की फिल्म 'द एडम्स फैमिली' का सीक्वेल बनने की तैयारी चल रही है और इसे 22 अक्तूबर 2021 तक रिलीज़ किया जा सकता है। इस एनिमेटेड परिवार वाली कॉमेडी फिल्म 30 मिलियन पाउंड की लागत से बनेगी जबकि इसके पहले के अनुमान 21 से 27 मिलियन पाउंड के थे। फिल्म में मॉर्टिशिया, गोमेज़, पग्सले और अंकल फेस्टर की गतिविधियों को दर्शाया गया है जो न्यू जर्सी में रहने आते हैं।

# बाला के निर्माताओं को समानताओं के बारे में सोचना चाहिए था: अभिषेक




**मुंबई।** निर्देशक के रुप में यह अभिषेक पाठक की पहली फिल्म उजड़ा चमन और आयुषमान खुराना की फिल्म बाला में समानताओं पर निराशा जताते हुए कहा कि उसके निर्माताओं को कुछ बदलाव करने चाहिए थे जिससे वे ओरिजिनल लगें। उजड़ा चमन 2017 में आई कन्नड़ फिल्म ओन्दू मोटेया काथे की री–मेक है। इस फिल्म में सोनू के टीटू की स्वीटी से मशहूर सन्नी सिंह एक गंजे आदमी के किरदार में हैं।

बाला में आयुषमान खुराना एक गंजे आदमी की भूमिका में हैं। निर्देशक ने कहा, बाला फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर उजड़ा चमन के जैसा ही है। दोनों फिल्मों में बहुत सी समानताएं हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। मैंने अपनी फिल्म का ट्रेलर एक अक्टूबर को रीलीज किया और उन्होंने 10–11 अक्टूबर को रिलीज किया। जब उन्होंने मेरा ट्रेलर देखा तो उन्हें कुछ तो बदलाव करने चाहिए थे। पाठक ने आगे कहा कि उनकी फिल्म कन्नड़ फिल्म की आधिकारिक री–मेक है। इसलिए मैंने सबकुछ लीगल टीम पर छोड़ दिया है। फिल्म की घोषणा के समय मैंने मैडॉक फिल्म को इस बारे में विचार करने को कहा था। उन्होंने जवाब में सिर्फ किरदारों में थोड़ी समानता होने का जवाब दिया था। अभिषेक पाठक ने कहा, पहले उनकी रीलीज की तारिख 22 नवंबर थी। फिर उन्होंने बदलकर 15 और अब 7 नवंबर कर दी। वे मेरी फिल्म ऐसे कैसे प्रभावित कर सकते हैं। उजड़ा चमन आठ नवंबर को रिलीज होगी।

# आयुष्मान से तुलना करने पर मुझे कोई चिंता नहीं: सनी

एजेंसी। मुंबई



**नवंबर** के दूसरे सप्ताहांत में रूपहले पर्दे पर दो फिल्में आएंगी, जिनकी कहानी गंजे व्यक्ति पर आधारित हैं। इनमें से एक आयुष्मान खुराना की बाला है और दूसरी सनी सिंह की उजड़ा चमन।

सनी सिंह ने इस बारे में कहा है कि उन्हें दोनों फिल्मों की तुलना किए जाने की कोई चिंता नहीं है। उजड़ा चमन , 2017 में आई कन्नड़ फिल्म ओंडु मोत्तेया कांठे की रीमेक है। इस फिल्म में सोनू के टीटू की स्वीटी में अभिनय कर चुके सनी सिंह एक गंजे युवक की भूमिका में हैं, जिसके बाल समय से पहले झड़ रहे हैं। फिल्म 8 नवंबर को रिलीज होगी।

बाला फिल्म भी इसी कथानक पर आधारित है और यह उजड़ा चमन से पहले रिलीज होगी। सनी ने पीटीआई–भाषा से बातचीत में कहा, मैं इन सब विवादों से दूर हूँ। मैं एक फिल्म कर रहा हूँ, मुझे पता चला है कि बाला भी उसी कथानक पर आधारित है। शुरू में लगता है कि यह कैसे और क्यों हो रहा है लेकिन बाद में सब ठीक प्रतीत होता है। वह (आयुष्मान) अपना किरदार निभा रहे हैं, मैं अपना किरदार निभा रहा हूँ। हम दोनों अदाकार हैं और अपना काम कर रहे हैं। उनके प्रति मेरे मन में प्रेम का भाव है और मैं उनके अभिनय का कायल हूँ। अभिनेता ने कहा कि हाल ही में उन्होंने ड्रीम गर्ल के अभिनेता से गर्मजोशी से मुलाकात की थी। सनी ने कहा, मैं अपारशक्ति और ताहिरा को भी जानता हूँ इसलिए सब कुछ ठीक है। लोगों को तुलना करना अच्छा लगता है, लेकिन एक अभिनेता व्यक्तिगत रूप से शांत रहकर अपनी फिल्म के बारे में सोचता है। लोग यदि तुलना करते भी हैं तो फिल्म बनाने वालों को पता है कि दोनों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। बॉक्स ऑफिस पर कौन सी फिल्म अच्छा करती है यह दूसरी बात है। मुझे केवल दर्शकों और फिल्म बनाने वालों से मिलने वाली प्रशंसा की चिंता है। उनके (आयुष्मान) साथ तुलना की मुझे कोई चिंता नहीं है।

दोनों फिल्मों का ट्रेलर आते ही सोशल मीडिया पर सनी और आयुष्मान के किरदारों के पोस्टर से लेकर संवाद तक की तुलना की जाने लगी थी। बाला के ट्रेलर के बारे में पूछे जाने पर सनी ने कहा, मुझे ट्रेलर पसंद आया क्योंकि मैं केवल आयुष्मान को देख रहा था। वह बहुत अच्छे हैं और बहुत अच्छे से करते हैं। सबका अभिनय करने का तरीका अलग होता है। मुझे कुछ समानताएं दिखीं लेकिन मुझे उसकी ź398ीक्र नहीं है। मैंने उस फिल्म का निर्देशन नहीं किया है। हमने केवल अपना काम किया है।

उजड़ा चमन के निर्देशक अभिषेक पाठक हैं।